जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 26 जून, 2023



WORLD MARKETING CONGRESS & AWARDS®
10th Edition

WORLD BRAND CONGRESS™ (SINCE 1992)
30th Edition

## RAJASTHAN BRAND LEADERSHIP AWARDS 2023.

*Presented to*

राष्ट्रदूत

22nd June, 2023 | Devi Ratn, Jaipur - IHCL SeleQtions

RAJASTHAN LEADERSHIP AWARDS

THE GREAT MARKETING SHOW AWARDS INDIA (Since 1995)

**Dr. R. L. Bhatia**
Farmer; Founder, World CSR Day™
Founder, World Sustainability

**Dr. Aalok Pandit**
Executive Director
CMO Asia™ | CMO Global

Strategic Partner: ADP

Academic Partner: INDIRA www.indiraedu.com

BUSINESS LEADER OF THE YEAR

Endorsed by: CMO ASIA, CSR, World Sustainability

## विचार बिन्दु

सुधार के बिना पश्चाताप ऐसा है जैसे सुराख़ बंद किये बिना जहाज में से पानी निकालना। –पामर

# छात्रसंघ चुनावों का कोई औचित्य नहीं रह गया है!

पूरी दुनिया की ही तरह हमारे देश में भी छात्र संगठनों की एक लम्बी परंपरा ही है। आज़ादी के आंदोलन में युवाओं की सहभागिता और भूमिका पर काफी कुछ लिखा गया है। आज़ादी के बाद भी विभिन्न अवसरों पर युवाओं ने अपनी सक्रियता से देश को नई दिशाएं देने के अनेक प्रयास किए हैं। विभिन्न युवा संगठनों के निरंतर ज़ारी क्रिया कलापों के साथ-साथ आज़ादी के बाद भारत में सरकारों ने भी युवाओं को प्रशिक्षित करने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक रूप से प्रयुक्त करने के पवित्र उद्देश्य से शिक्षण संस्थाओं में छात्र संघों की स्थापना की पहल की। इस पहल का उद्देश्य मुख्यत: यह था कि एक नव स्वाधीन देश के युवा भी देश की चुनाव प्रक्रिया को न केवल समझें, उसमें व्यावहारिक रूप से भी हिस्सा लें। इसके अलावा यह काम युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने और अपने हित के बहुत सारे काम ख़ुद करने में सक्षम करने के लिए भी किया गया। शिक्षण संस्थाओं में बाकायदा चुनाव होने लगे, विद्यार्थी उनमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने लगे और बाद में उनके चुने हुए प्रतिनिधि न केवल उनकी विभिन्न समस्याओं को संबद्ध शिक्षण संस्थान के प्रबंधन तक पहुंचा कर उनके समाधान प्राप्त करने में सफल होने लगे, वे बहुत सारे विद्यार्थी हित के कार्यक्रम स्वयं भी आयोजित करने लगे। यह एक आदर्श स्थिति थी।

लेकिन यह आदर्श स्थिति बहुत लम्बे समय तक नहीं बनी रही। जिन बड़े और पवित्र उद्देश्यों को लेकर छात्र संघों का गठन किया जाने लगा था, वे उद्देश्य कहीं पिछड़ गए और उनकी जगह छात्रों के क्षुद्र स्वार्थ और दलगत राजनीति की विकृतियों ने ले ली। विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी युवा इकाइयां बना लीं और उन युवा इकाइयों के माध्यम से वे और उनके बड़े नेता इन चुनावों में सीधे दखल देने लगे। वे प्रत्याशियों को टिकिट बांटने लगे और फिर उनके समर्थन में वह सब कुछ करने लगे जो वे आम चुनावों में करते हैं। इस विद्यार्थी राजनीति से निकल कर कुछ युवा क्षेत्रीय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय राजनीति में भी जगह बनाने में कामयाब हुए तो उन्हीं की छवि को प्रचारित कर राजनीतिक दलों के नेताओं ने युवाओं के मन में राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का बीजारोपण करके उसे पाला-पोसा और अपने लिए समर्थकों की फौज़ तैयार करने का लाभ अर्जित किया।

विद्यार्थी संघों के चुनाव भी खूब चमक-दमक, शोर-शराबे और पानी की तरह पैसा बहाने वाले हो गए। बड़ी-बड़ी गाड़ियां चुनाव प्रचार में दौड़ने लगीं, मतदाताओं को रिझाने के लिए वह सब किया जाने लगा जिसकी चर्चा और निंदा आम चुनावों के समय होती है, और चुने हुए प्रत्याशी छोटे-मोटे नेता का-सा बर्ताव करने लगे। शिक्षक का आदर बहुत पीछे छूट गया और इन निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा अपने गुरुजन के प्रति दुर्व्यवहार की ख़बरें आम होने लगीं। शिक्षकों के लिए चुप, हट, बाहर निकल कर दिखा, बोला तो आंखें निकाल दूंगा जैसी भाषा का प्रयोग और उनके साथ मार पीट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अकेले राजस्थान विश्वविद्यालय में एक माह में इस तरह के तीन प्रकरण दर्ज़ हुए हैं, और यह तब जब अधिकांश मामलों में शिक्षक अपने अपमान का घूंट पीकर रह जाते हैं। जो लोग बहुत सारा खर्चा करके चुनाव जीतते वे जीत जाने के बाद उस खर्चे की भरपाई के लिए तमाम तरह की अनुचित हरकतें करते देखे जाने लगे हैं। छात्र संघों के बजट का मनमाना दुरुपयोग अपवाद नहीं रह गया, आम हो गया है।

निर्वाचित नेता अपने लिए बाकायदा दफ्तर, चपरासी और अन्य सुविधाएं मांगने लगे हैं, भले ही उनके संस्थान में इन सबके लिए कोई प्रावधान न भी हो। अध्यक्ष जी को ठीक वैसी ही या उससे बढ़िया कुर्सी चाहिए जैसी उनके संस्थान के प्राचार्य के पास है। उनके कक्ष में पहले कूलर की ज़रूरत होती थी, अब एसी की अनिवार्यता होने लगी है। और सत्र भले ही समाप्त हो जाए, निर्वाचित पदाधिकारी शायद ही स्वेच्छा से अपना कार्यालय खाली करते हों। उनसे कार्यालय खाली करवाना संबद्ध संस्थान के प्रबंधन के लिए कभी भी आसान नहीं होता है। इतना सब होने के बाद यह बात तो विचारणीय रह ही जाती है कि इस तरह निर्वाचित छात्र संघ किन उद्देश्यों को पूरा करते हैं? शायद ही ऐसी कोई मिसाल मिले जहां इन निर्वाचितों ने अपने मतदाताओं के हित के लिए कोई काम किया हो। असल में इनके अपने हित ही पूरे नहीं हो पाते हैं, ये भला अपने मतदाताओं की फिक्र करें भी कब? चुने जाने के बाद पहले छात्र संघ का उद्घाटन हुआ करता था, अब एक और नई चीज़ जुड़ गई है – छात्र संघ कार्यालय का उद्घाटन। कभी-कभी कार्यालय के उद्घाटन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कार्यालय में पदासीन करने का भी एक काम अलग से किया जाता है। ये सारी रस्में या तो अपने राजनीतिक आकाओं के कर कमलों से सम्पन्न करवाई जाती है या फिर अपनी जाति के किसी प्रभावशाली व्यक्तित्व को ऐसा करने के लिए आमंत्रित कर उसकी शान बढ़ाई जाती है। ऐसे उदाहरण बहुत ही कम मिलेंगे जहां शिक्षण संस्था की गरिमा के अनुरूप किसी विद्वान को उद्घाटन आदि के लिए आमंत्रित किया गया हो।

**हम छात्र संघ चुनावों के संदर्भ में बात तो लोकतंत्र की करते हैं लेकिन हकीकत यह है कि ये चुनाव लोकतंत्र का विकृततम रूप सामने लाते हैं। अगर इस बात पर भी विचार किया जाए कि इनके माध्यम से हमें देश के भावी नेता प्राप्त होते हैं, तो सवाल यह भी पूछा जाना चाहिए कि शिक्षण संस्थान नेताओं की नर्सरी कब से मान लिये गए हैं?**

इन तमाम बातों का संज्ञान माननीय उच्चतम न्यायालय ने लिया और सन् 2005 में उसने छात्र संघों के चुनाव में आ गई विकृतियों का उन्मूलन करने के लिए पूर्व चुनाव आयुक्त जे एम लिंगदोह के नेतृत्व में एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया। समिति ने 26 मई 2006 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी और इसी क्रम में दिनांक 22 सितम्बर 2006 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया कि वे समिति की अनुशंसाओं की अनुपालना करें। लिंगदोह समिति ने जो विस्तृत और सुस्पष्ट अनुशंसाएं कीं, उनमें से कुछ मुख्य अनुशंसाएं ये थीं:– छात्र संघ चुनाव और विद्यार्थी प्रतिनिधि राजनीतिक दलों से कोई संबद्धता नहीं रखेंगे, कोई भी ग़ैर विद्यार्थी चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेगा, चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी की कक्षाओं में न्यूनतम 75 प्रतितशत उपस्थिति होगी, प्रति प्रत्याशी अधिकतम पांच हज़ार रुपये खर्च किए जा सकेंगे और परिणाम घोषित होने के दो सप्ताह के भीतर प्रत्याशी को अपने खर्चे का अंकेक्षित हिसाब प्रस्तुत करना होगा। मतदाताओं को रिझाने के लिए जाति-सम्प्रदाय आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा, चुनाव प्रचार के लिए मुद्रित पोस्टर्स, पैम्फलेट आदि का प्रयोग नहीं होगा। केवल हस्तलिखित पोस्टर्स और वे भी निर्धारित स्थानों पर लगाए जा सकेंगे। प्रत्याशी चुनाव समाप्त होने के बाद पूरे परिसर को साफ करवाएंगे। सार्वजनिक संपत्ति का विरूपण वर्जित रहेगा। लाउडस्पीकर, वाहनों आदि का प्रयोग नहीं होगा।

ये लिंगदोह समिति की अनुशंसाओं में से कुछ हैं और अभी भी लागू हैं। लेकिन व्यवहार में इनकी किसी को तनिक भी परवाह नहीं है। किसी छोटे से छोटे शिक्षण संस्थान का चुनाव भी लाखों का खर्च करके लड़ा जाता है। गाड़ियां दौड़ती हैं, मतदाताओं का जी भर कर आतिथ्य सत्कार होता है, बड़े नेता और उनके दल खुलकर चुनाव में हस्तक्षेप करते हैं, कुल मिलाकर यह कि क्या नहीं होता है! एक विकृति यह भी आ गई है विश्वविद्यालयों के शिक्षक खुलकर और महाविद्यालयों के शिक्षक दबे-छिपे रूप में इन चुनावों में सक्रिय भूमिका निबाहते हैं और इस तरह वे भी इस कुकर्म के भागीदार बनते हैं। शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधन के लिए ये चुनाव सबसे बड़े सिरदर्द होते हैं। और चुनाव हो चुकने के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि तो जैसे प्रबंधन के माई-बाप ही बन जाते हैं। प्रबंधन या तो उनके इशारों पर सारे ग़लत काम करे या फिर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। परिणामों की ख़बरें हम आए दिन अख़बारों में पढ़ते ही रहते हैं।

इतना सब होने के बाद ये चुनाव देते क्या हैं? अगर इनके माध्यम से युवा पीढ़ी को देश की राजनीतिक व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव होता है, तो क्या यह अनुभव दिया जाना ज़रूरी है? क्या इन चुनावों के बग़ैर युवा अपने देश की व्यवस्था को नहीं जान लेते हैं? हम छात्र संघ चुनावों के संदर्भ में बात तो लोकतंत्र की करते हैं लेकिन हकीकत यह है कि ये चुनाव लोकतंत्र का विकृततम रूप सामने लाते हैं। अगर इस बात पर भी विचार किया जाए कि इनके माध्यम से हमें देश के भावी नेता प्राप्त होते हैं, तो सवाल यह भी पूछा जाना चाहिए कि शिक्षण संस्थान नेताओं की नर्सरी कब से मान लिये गए हैं?

मेरी तो दो टूक राय है कि छात्र संघ चुनाव अपनी सार्थकता पूरी तरह खो चुके हैं। इनसे शिक्षण संस्थानों का पर्यावरण दूषित होता है। ये विद्यार्थियों को ग़लत और अनपेक्षित राह का पथिक बनाते हैं। इनको करवाना शैक्षिक प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के लिए बहुत बड़ी मुसीबत होता है। जब इनसे किसी तरह का कोई लाभ है ही नहीं, तो केवल नाम के लोकतंत्र के लिए इन्हें करवाते चले जाना आत्मघाती है। इन पर अविलम्ब रोक लगा दी जानी चाहिए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# समान नागरिक संहिता मात्र चुनावी दाव बन कर रह गई है



डॉ रामावतार शर्मा

हमारे देश में जब भी किसी राजनीतिक पार्टी को येन केन प्रकारेण चुनाव जीतने की चाहत होती है तो वहां से कोई न कोई विवादास्पद मुद्दा किसी ना किसी बहाने बाहर आने लगता है। पार्टियां कितने ही मुद्दों को चुनावों के समय भुनाने के लिए लंबित रखती है। एक सामान्य आदमी चाहे अपने आप को अच्छा खासा ज्ञानी मानता हो परंतु राजनीति के पैंतरेबाजों के हाथों हमेशा ठगा जाता है। कोई भी मुद्दा कितना ही गर्माए, मणिपुर की तरह लोग मारे काटे जाएं, जिंदा जलाए जाएं पर इन विकट स्थितियों में राजनेता अक्सर गायब रहते हैं और सारी व्यवस्था प्रशासनिक अधिकारियों या फिर सेना पर डाल कर अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेते हैं। आज देश में किसी भी राजनेता का ऐसा कद नहीं है कि उसकी उपस्थिति किसी स्थान पर शांति स्थापित कर सके। सर्वोच्च शिखर पर बैठे नेता तो गंभीर समस्या पर वक्तव्य देना या प्रेस कॉन्फ्रेंस करना तक उचित नहीं समझते या फिर शायद ऐसा करने की उनकी हिम्मत नहीं पड़ती। लेकिन ज्यों ही केंद्र या किसी राज्य के चुनाव आने लगते हैं तो मुद्दों के पिटारे से एक ना एक मुद्दा बाहर निकल आता है, वैमनस्य फैलाने का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाता है जो वोट डालने की दोपहर तक बना रहता है और उसी शाम उसका भविष्य में फिर कभी उपयोग के लिए पटाक्षेप हो जाता है।

कर्नाटक चुनाव से पहले गुजरात सरकार ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया जो समान नागरिक संहिता में संवैधानिक परिवर्तनों पर सरकार को सलाह देगी। समान नागरिक संहिता के बारे में हल्ला ज्यादा है और इस मुद्दे पर प्रमाणिअक वैधानिक जानकारी का अभाव है। भारत के संविधान के आर्टिकल 44 के अनुसार राज्य सरकारों से अपेक्षा की गई है कि वे भारत के हर नागरिक के लिए समान नागरिक संहिता का विकास करेंगी और उसे व्यवहार में लाएंगी। दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश प्रतिभा एम सिंह ने एक तलाक के मामले में आशा व्यक्त की थी कि भारत में समान नागरिक संहिता एक उम्मीद की बजाय वास्तविकता का रूप ले जैसा कि शाहबानो के मामले में भारतीय सर्वोच्च न्यायलय की भी अपेक्षा थी।

भारत एक अत्यधिक विविधताओं वाला देश है जहां हर धर्म में एक और धर्म, हर जाति में कई और जातियां और हर समाज के अपने अलग स्थानों पर अलग कायदे और रीति रिवाज हैं। ऐसे में यह संभव नहीं है कि हर किसी को अपने अपने तरीके से रहने का अधिकार मिले क्योंकि फिर तो देश में एकता की भावना कभी नहीं आ पाएगी। देश में कुछ तो ऐसा होने चाहिए जो सारे राष्ट्र को एक सूत्र में बांध कर रखे। 1937 में बने मुस्लिम पर्सनल लॉ को शाहबानो के मामले में पहली बार भारतीय संविधान से सामना पड़ा। उस समय सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री वाई वी चंद्रचूड़ के अनुसार संविधान के आर्टिकल 14 व 15 हर नागरिक को बराबर का अधिकार देते हैं और भेदभाव के पक्ष में नहीं हैं इसलिए मुस्लिम महिलाओं को भी तलाक की स्थिति में रख रखाव राशि का अधिकार है। उधर सीआरपीसी की धारा 125 भी हर तलाकशुदा महिला को आर्थिक सुरक्षा की बात करती है। मुस्लिम पर्सनल लॉ किसी भी रखरखाव राशि के विरोध में है। आगे चलकर 1996 में न्यायाधीश कुलदीप सिंह ने इंगित किया कि जब देश के 80 प्रतिशत नागरिक कोडीफाइड पर्सनल लॉ के आधीन आ गए हैं तो समान नागरिक संहिता पूरे देश में लागू हो जानी चाहिए। वे सरला मुद्गल मामले में टिप्पणी कर रहे थे। इसी तरह लिली थॉमस और फिर 2015 में एक मामले में क्रिश्चियन मामलों में उत्तराधिकार और बच्चों के संरक्षण के मामलों में भी सर्वोच्च न्यायलय ने समान नागरिक संहिता की कमी पर अफसोस जताया था। बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में यूसीसी की बात की थी परंतु 2019 में जब नारायणलाल पनगढ़िया इस बारे में संसद में बिल लेकर आए तो उन्हें इसे वापिस लेना पड़ा। दूसरी तरफ 2018 में भारतीय विधि आयोग ने कहा कि इस समय यूसीसी न तो आवश्यक है और ना ही वांछित है। आयोग के अनुसार धर्मनिरपेक्षता भारत के अनेकत्व को नकार कर नहीं देखी जा सकती। संविधान सभा के एक सदस्य कन्हैया लाल मुंशी के अनुसार देश सिर्फ इसलिए देश नहीं होता है क्योंकि लोग ऐसा कहते हैं बल्कि इस पर निर्भर करता है कि लोग कैसे रहते हैं और उनके व्यक्तिगत कानून कैसे हैं ताकि देश एक मजबूत और एकीकृत इकाई बन सके। संविधान के आर्टिकल 25 और 26 लोगों को अपने धर्म को मानने और प्रसारित का अधिकार देते हैं और अल्पमत धार्मिक इकाइयों को अपने धार्मिक क्रियाकलाप की व्यवस्था की क्षमता भी देते हैं। इनके विपरीत आर्टिकल 44 राज्य सरकारों को समान नागरिक संहिता बनाने को प्रेरित करता है। आर्टिकल 25 मुस्लिम तलाक के अधिकार को रक्षा देता है और आर्टिकल्स 371 ( ए ) और 371 ( ) नागालैंड और मिजोरम के सामाजिक और धार्मिक मामलों में संसद की दखलंदाजी पर रोक भी लगाते हैं।

इस तरह से संवैधानिक और कानूनी रूप में बहुत कुछ विरोधाभाषी लगता है परंतु इसके पीछे एक बड़ा कारण है। भारत का सत्य इसकी विविधता है। यहां हर सौ पचास किलोमीटर पर बोली, भाषा, रीति रिवाज, पहनावे, सामाजिक और धार्मिक मान्यताएं बदल जाती हैं ऐसे में समान मान्यताओं का राष्ट्र बनाना संभव नहीं है। यूसीसी के बारे में यह शंका व्यक्त की जा रही है कि यह हिंदुओं के पक्ष वाला बिल होगा परंतु कितने हिन्दू एक तरह का जीवन जीते हैं? मुस्लिम और ईसाई भी खीरे जैसे हैं जो बाहर से तो एक लगते है पर अंदर से, जैसा रहीम ने कहा था, तीन फांके हैं।

यूसीसी अब मात्र वोट बटोरने का माध्यम हो गया है और शायद प्रारंभ से ही था। कुछ राजनीतिक पार्टियां इसको लागू करने और कुछ अधरझूल में रखने के नाम पर वोट बटोरती रहीं हैं। आगे भी ऐसा होता रहेगा, वैमनस्य फैलता रहेगा क्योंकि यह सब अब सत्ता के शिखर तक पहुंचने की सीढियां बन गई हैं। यदि देश को मजबूत करना है तो लोगों की जीवनशैली, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, संवाद और जागरूकता आदि पक्षों को विकसित करना होगा। जहां तक न्याय का सवाल है तो जैसा भी न्याय है लोगों को सही समय पर मिल जाए यह एक बड़ी उपलब्धि है परंतु इस दिशा में कोई भी कार्य होता नजर नहीं आ रहा है। भारत की पहचान उसकी विविधता है और लगता नहीं है कि उसे मिटाया जा सकेगा। देशहित के बारे में सोचें तो मिटाया जाना भी नहीं चाहिए क्योंकि ऐसे कोई भी प्रयास हिंसा और विघटन के बीज ही रोपेंगे। जिस देश में सहमति से विवाह संबंध विच्छेद में बरसों लगते हैं, युवा लोगों के जीवन बर्बाद हो जाते हैं वहां पर कानूनों का ढेर लगाने से राष्ट्रीय एकता विकसित होगी यह बात गले ही नहीं उतरती है। समान नागरिक संहिता एक राजनीतिक मुद्दा बन कर देश की नींव को कुतरता रहेगा यही आभासित हो रहा है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# राजस्थानी भाषा-साहित्य युवा पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित : डॉ. राजपुरोहित

- **युवा कवि नाथूसिंह इंदा की राजस्थानी काव्यकृति ''पिणघट'' का लोकार्पण समारोह आयोजित**

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थानी भाषा विश्व की समृद्ध भाषाओं में एक है। गत पन्द्रह सौ वर्षों का इसका गौरवशाली साहित्यिक इतिहास है। राजस्थानी का आधुनिक साहित्य किसी भी दृष्टि से भारतीय भाषाओं से कम नहीं है। भारत के बाहर अमेरिका और नेपाल जैसे देशों में इसे मान्यता है मगर दुर्भाग्य से अपने ही देश और प्रदेश में यह भाषा उपेक्षित है।

राजस्थानी की संवैधानिक मान्यता के लिए विगत पिचहतर वर्षो से लगातार आंदोलन चल रहा है मगर प्रदेश के राजनेताओं की उदासीनता के कारण अभी तक इसको संवैधानिक मान्यता नहीं मिली। यह विचार प्रतिष्ठित कवि आलोचक एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित ने रविवार को बालेसर स्थित एक होटल में युवा कवि नाथूसिंह इंदा की राजस्थानी काव्यकृति ''पिणघट'' के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वर्तमान युवापीढी अपनी मातृभाषा-साहित्य के प्रति बहुत ही समर्पित और निष्ठाभाव से कार्य कर रही है इसलिए राजस्थानी भाषा-साहित्य का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में पूर्णतया सुरक्षित है।

समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष गिरी गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.उम्मेदसिंह इंदा ने कहा कि वर्तमान में साहित्य बहुत बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है । इसलिए हमें सच्चे मन और समर्पित भाव से साहित्य की सेवा करनी चाहिए । समारोह में डिंगल के प्रतिष्ठित कवि गिरधरदान रतनू ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि हमारी संस्कृति पूरी दुनिया में अद्भुत है। इसलिए हमें सदैव सकारात्मक कार्य कर हमारे सांस्कृतिक गौरव को बनाये रखना चाहिए।

इस अवसर पर सभी रचनाकारों ने युवा कवि नाथूसिंह इंदा के काव्य संठाह पिणघट की खूब सराहना की। राजस्थानी कवि एवं मारवाड़-रतन अवार्ड से सम्मानित भंवरलाल सुथार ने पिणघट काव्यकृति को राजस्थानी संस्कृति का जीवंत दस्तावेज बताया। साहित्य अकादेमी के युवा पुरस्कार से पुरस्कृत विशिष्ट अतिथि महेन्द्रसिंह छायण ने कहा कि राजस्थानी भाषा और साहित्य पर हमें गर्व है क्योंकि यह विषय हमारी अस्मिता से जुड़ा हुआ है। राजस्थानी युवा रचनाकार मदनसिंह राठौड़ ने अपना आलोचनात्मक पत्र-वाचन करते हुए कहा कि मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण यह काव्यकृति राजस्थान के ग्रामीण जीवन के सांस्कृतिक परिवेश का सजीव प्रतिबिंब है।

समारोह के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात राजस्थानी परम्परानुसार सभी अतिथियों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पिणघट काव्यकृति के रचनाकार युवाकवि नाथूसिंह इंदा तथा सायर कंवर का अभिनंदन किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष संतोष गिरी गोस्वामी ने स्वागत उद्बोधन तथा सुमेरसिंह इंदा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का सरस संचालन डॉ. लक्ष्मणसिंह गड़ा ने किया। समारोह में डॉ. भीवसिंह राठौड़ खिरजां, सवाईसिंह महिया, जीवराजसिंह चारण, तेजाराम परिहार, डॉ. मांगीलाल गेवा, अमरसिंह बालेसर, भगवानसिंह तेना. गायड़सिंह रायसर, गायड़सिंह बालेसर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पदमदान चारण, मोतीसिंह इन्दा बालेसर, घनश्याम सोनी, सुमेराराम प्रजापत, उम्मेदसिंह सुवालिया, गोविंदसिंह खिरजां सहित अनेक प्रतिष्ठित रचनाकार, मातृभाषा-साहित्य प्रेमी, गणमान्य नागरिक तथा शोध-छात्र मौजूद रहे।


# 'यमुना जल हमारा हक' जागरूकता प्रचार रथ कोलसिया पहुंचा

- **नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित**
- **ग्रामीणों व किसानों को जागरूक करने व आंदोलन से जोड़ने का आव्हान**
- **'शीघ्र ही शेखावाटी को यमुना जल शुरू नहीं हुआ तो हमारा क्षेत्र कभी भी शुष्क घोषित हो सकता है'**

**कोलसिया,** (निसं)। यमुना जल हमारा हक आंदोलन समिति के तत्वावधान में रवाना हुआ जागरूकता आंदोलन का प्रचार रथ शनिवार को बिरोल ग्राम पंचायत से शुरू होकर नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंचा। ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर ग्रामीणों व किसानों को जागरूक करने व आंदोलन से जोड़ने का आव्हान किया गया।


समिति के नवलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष राजेश कटेवा ने कहा कि क्षेत्र के किसानों के हित में यमुना जल आंदोलन खड़ा किया गया है। इसे निरंतर जारी रखेंगे। साथ ही कटेवा ने कहा कि शीघ्र ही शेखावाटी को यमुना जल शुरू नहीं हुआ तो हमारा क्षेत्र कभी भी शुष्क घोषित हो सकता है।

रथ यात्रा बिरोल के बाद कोलसिया, बड़वासी, कारी, जाखल, बुगाला, राणासर, तोगड़ा, देवगांव, सौंथली, ढिगाल सहित अनेक गांवों में पहुंची। यात्रा के साथ समिति संयोजक एडवोकेट चौधरी सहीराम, कोलसिया के पूर्व सरपंच सुभाष दूत, दयाराम, राकेश, ओमप्रकाश महला, बजरंगलाल बेरवाल, बनवारीलाल कल्याण, दिलीप दूत, महावीरप्रसाद, झाबरसिंह, शीशराम, गंगाधर दूत, मालीराम, मामराज खेदड़, जयप्रकाश, भागीरथसिंह, मंगलचंद कालेर, विजेंद्र गोदारा, बीरबल, सुरेश, मूलचंद, सुरेश, सत्यनारायण शर्मा सही अनेक किसान मौजूद थे।



**यमुना जल हमारा हक आंदोलन समिति के तत्वावधान में रवाना हुआ जागरूकता आंदोलन का प्रचार रथ नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंचा।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 26 जून, 2023


आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 12:44 तक, व्यतिपात योग प्रात: 6:06 तक, विष्टि करण दिन 1:15 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मिथुन, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रात: 1:15 तक है। आज दुर्गाष्टमी, परशुरामाष्टमी, खरमी पूजा है। आज अष्टानिका महापर्व जैन आरम्भ होगा।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:21 तक, शुभ 9:04 से 10:47 तक, चर 2:12 से 3:55 तक, लाभ-अमृत 3:55 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:34, सूर्यास्त 7:20




**मेष**

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**वृष**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**मिथुन**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार के मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा।



**सिंह**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कन्या**

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।



**वृश्चिक**

संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**धनु**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**

धार्मिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मीन**

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**The Whiskered Journey** — Cats have an innate understanding of personal boundaries. One can forge deep connections without sacrificing freedom and individuality.

**Tiny Glossy Red Cherry!**

**Dress Up Your Little Girl For Summer** — The most popular colours for this season



*नॉदर्न अलास्का में जब सर्दियां शुरु होती हैं तब आर्कटिक ग्राउण्ड स्क्विरल (गिलहरी की एक प्रजाति) जमीन में 3 फीट गहरा बिल बनाती हैं और जब तापमान शून्य से भी नीचे चला जाता है तब इस बिल में 8 माह तक शीत निष्क्रियता करती हैं। इस दौरान इनके शरीर में भारी परिवर्तन आते हैं, जो उन्हें जिंदा बनाए रखते हैं। जैसे, तापमान बहुत नीचे गिरकर 27 डिग्री फैरनहाइट तक पहुँच जाता है। फिर वसंत में ये बाहर निकलती हैं और भोजन व साथी की तलाश में जुट जाती हैं। परंतु धरती गर्म हो रही है, जिससे शीत निष्क्रियता की प्रक्रिया में भी व्यवधान पड़ रहा है। अब बसंत भी जल्दी आ जाता है और मादाएं बिल से जल्दी बाहर आ जाती हैं। लेकिन दूसरी ओर लगता है कि, नर पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है, वे निश्चित समय पर ही बिल छोड़ते हैं। इस असंतुलन के कारण प्रजनन की सफलता प्रभावित हो रही हैं। शोधकर्ताओं ने अलास्कन आर्कटिक जलवायु के 25 साल के डेटा का विश्लेषण किया और पाया कि, मादा गिलहरी पूर्व की तुलना में दस दिन पहले ही शीत निष्क्रियता से बाहर आ जाती हैं। सहशोध लेखक कोरी टी. विलियम्स, जो कोलोराडो स्टेट युनिवर्सिटी में जीव वैज्ञानिक हैं, ने कहा कि, 25 साल की अवधि में दस दिन का अंतर पड़ना कोई बड़ी बात नहीं है, पर जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में देखें तो यह बहुत तीव्र बदलाव है। आर्कटिक ग्राउण्ड स्क्विरल की आबादी अच्छी खासी है और आई.यू.सी.एन. ने इन्हें "लीस्ट कन्सर्न" वर्ग में रखा है। पर, यदि इनकी आबादी में कमी आई तो खाद्य श्रृंखला गड़बड़ हो सकती है। आर्कटिक के कई परभक्षी भोजन के लिए इन्हीं पर आश्रित हैं। पूर्व में नर स्क्विरल शीत निष्क्रियता से मादा की तुलना में एक माह जल्दी बिल से बाहर निकलते थे, क्योंकि नर आर्कटिक ग्राउण्ड स्क्विरल को प्रजनन योग्य बनने के लिए समय लगता है। उनके टैस्टिकल (अण्डकोष) पतझड़ में नष्ट हो जाते हैं, फिर दोबारा उगते हैं। इसके अलावा शीत निष्क्रियता में उनका टैस्टोस्टैरॉन हारमोन भी कम हो जाता है। हालांकि, अभी भी नर ही बिल से पहले निकलते हैं, पर अब मादा जल्दी निकलने लगी हैं और नर को, प्रजनन के लिए परिपक्व होने के लिए जो समय मिलता था वो कम हो गया, इससे प्रजनन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। हालांकि, कुछ शोधकर्ता शीतनिष्क्रियता जल्दी समाप्त होने को फायदेमंद मान रहे हैं। इनका कहना है कि, अब इन जीवों को वसा संग्रह पर ज्यादा आश्रित नहीं रहना होगा, भोजन जल्दी मिलने लगेगा, इससे सरवाइवल रेट बढ़ेगी। लेकिन, दूसरी तरफ इससे परभक्षी जीवों का खतरा भी बढ़ जाएगा।*

# 'जिसने 6 मुस्लिम देशों पर 26 हजार से ज्यादा बम बरसाये वो भारत को नसीहत दे रहे हैं'

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के हालिया बयान पर करारा कटाक्ष किया

नई दिल्ली, 25 जून। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका और ईज़िप्ट के दौरे को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा लगाये गये आरोपों का भी कड़ा जवाब दिया।

गौरतलब है कि, मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने बयान दिया था कि, भारत तरक्की तो कर रहा है लेकिन भारत में अल्पसंख्यक समुदाय की स्थिति कुछ ठीक नहीं है। वहां धार्मिक आधार पर अल्पसंख्यकों के साथ काफी भेदभाव की स्थिति है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा पर निशाना साधा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि, यह आश्चर्यजनक था कि, जब प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर थे तब एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति (बराक ओबामा) भारतीय मुसलमानों पर बयान दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि, विदेश के विषय पर मैं बेहद संयम में रहकर बोल रही हूँ। ङ222 हम अमेरिका के साथ अच्छी

- **निर्मला सीतारमण ने कहा कि, इस समय भारत और अमेरिका की दोस्ती नये आयाम चढ़ रही है, मैं विदेश के विषय में बेहद संयम बयान दे रही हूं। इसलिए मैं इस बारे में ज्यादा कुछ बोलना नहीं चाहती।**
- **निर्मला सीतारमण ने कहा कि, ऐसे लोग भारत की धार्मिक सहिष्णुता पर सवाल खड़े करते हैं जिनके हाथ खुद खून से रंगे हुये हैं, मेरा मानना है कि, लोग ऐसे लोगों की बातों पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करेंगे।**
- **निर्मला सीतारमण ने बयान ओबामा के बयान की टाइमिंग पर भी सवाल उठाया उन्होंने कहा कि, यह आश्चर्यजनक था कि, जब प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर थे, तब एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति (बराक ओबामा) भारतीय मुसलमानों पर बयान दे रहे थे।**

दोस्ती चाहते हैं, लेकिन वहां से भारत की धार्मिक सहिष्णुता पर टिप्पणियां आती रहती हैं। लेकिन यह सब शायद उनकी (बराक ओबामा की) वजह से हैं। सीतारमण ने कहा कि, ये वही बराक ओबामा हैं जिन्होंने छः मुस्लिम देशों में 26,000 से ज्यादा बम बरसाए गए थे। मेरा मानना है कि, ओबामा की इन बातों पर लोग बिल्कुल भी भरोसा नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि, बहुत कम लोगों को अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का अवसर मिला है। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए बुलाया गया। साथ ही स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त करना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त सभा को संबोधित करने के लिए वहां के दोनों दलों द्वारा आमंत्रिण किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे के दौरान रक्षा उत्पादन और रोजगार के विषय पर कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि, मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि, यह एक ऐसी यात्रा थी जहां भारत और अमेरिका दोनों ने अपनी साझेदारी को फिर से परिभाषित किया और ऐसे कदम उठाए जिसके परिणामस्वरूप हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को अधिक से अधिक साकार किया जा सकेगा।

वित्त मंत्री ने सेमीकंडक्टर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विकास में एक महत्वपूर्ण और सार्थक मील के पत्थर साबित होगा। माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर और परीक्षण संयंत्र स्थापित करेगा। जिसमें कुल 2.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। अगले कुछ वर्षों में लगभग पांच हजार नई प्रत्यक्ष नौकरियां और लगभग 15 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होने की संभावना है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 13 देशों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका से हथियारबंद ड्रोन की खरीद और कीमत पर सोशल मीडिया में कई सवाल खड़े हो रहे हैं

## सवाल यह है कि, 3072 मिलियन अमेरिकी डॉलर में 31 ड्रोन खरीदे जा रहे हैं, क्या यह सौदा अत्यधिक महंगा तो नहीं है?

नई दिल्ली 25 जून (वार्ता) रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि, अमेरिका से हथियारबंद ड्रोन के सौदे में कीमत और खरीद की शर्तों को लेकर सोशल मीडिया में लगाई जा रही अटकलबाजी

- **रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि, अमेरिका से हथियारबंद ड्रोन के सौदे में कीमत और खरीद की शर्तों को लेकर सोशल मीडिया में लगाई जा रही अटकलबाजी अनुचित है और इसका उद्देश्य इस रक्षा सौदे एवं खरीद प्रक्रिया को पटरी से उतारना है।**
- **रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा है कि, अभी इस सौदे में कीमत तथा सेवा शर्तों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।**

अनुचित है और इसका उद्देश्य खरीद प्रक्रिया को पटरी से उतारना है।

मंत्रालय ने यह भी कहा है कि, अभी इस सौदे में कीमत तथा सेवा शर्तों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 ड्रोन के बारे में सोशल मीडिया में अवांछित रिपोर्ट आ रही है और इनका इरादा गलत है तथा इस सौदे में बाधा पहुंचाना है। मंत्रालय ने कहा है कि, ड्रोन की कीमत और सेवा शर्तों को अभी बातचीत के आधार पर अंतिम रूप दिया जाना है। सरकार ने सभी से आग्रह किया है कि इस संबंध में किसी भी तरह की फर्जी खबर या गलत जानकारी ना फैलाई जाए क्योंकि इसका सशस्त्र सेनाओं के मनोबल पर तथा ड्रोन की खरीद प्रक्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

वक्तव्य में कहा गया है कि, रक्षा खरीद परिषद ने गत 15 जून को आवश्यकता के आधार पर 31 एमक्यू 9 बी ड्रोन की खरीद को मंजूरी दी थी। यह खरीद विदेशी सैन्य बिक्री श्रेणी के तहत तीनों सेनाओं के लिए की जा रही है। ड्रोन की यह खरीद सभी संबंधित उपकरणों के साथ की जाएगी।

अमेरिकी सरकार ने इस सौदे की कीमत 3072 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई है हालांकि कीमत के बारे में अंतिम फैसला अमेरिकी सरकार की ओर से नीतिगत मंजूरी मिलने के बाद बातचीत के आधार पर किया जाएगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# असम में 14-15 दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश

नयी दिल्ली, 25 जून (वार्ता)। असम में बाढ़ से स्थिति बेहद खराब हो चुकी है करीब 1.5 लाख लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं। बीते 14-15 दिनों से असम में मुसलाधार बारिश हो रही है। यहां के अधिकांश इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं। ऐसे में यहां के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी एवं

- **मूसलाधार बारिश के कारण असम के 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को रोजमर्रा का जीवन गंभीर संकट में पड़ गया है।**

कामकाज पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में मूसलाधार वर्षा के कारण बाढ़ै जैसी स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा से बात कर उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

शाह ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि, असम में मूसलाधार बारिश के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन ने बड़े ही खुफिया तरीके से तख्तापलट का प्रयास नाकाम किया

## वैगनर लड़ाकों की सेना के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन के साथ राष्ट्रपति पुतिन ने सहमति बनाने में कामयाब हासिल की

मॉस्को, 25 जून। रूस में तख्तापलट करने की मंशा से मॉस्को की तरफ कूच करने वाली विद्रोही वैगनर सेना को पीछे हटने का आदेश दिया गया है। वैगनर सेना के बॉस येवगेनी प्रिगोझिन ने शनिवार को कहा कि, उन्होंने रक्तपात से बचने के लिए अपनी सेना को वापस लौटने को कहा है। येवगेनी प्रिगोझिन ने रूस की राजधानी मॉस्को की ओर बढ़ रहे अपने लड़ाकों को पीछे हटने और अपने ठिकानों पर लौटने का आदेश दिया है।

- **वैगनर लड़ाकों की सेना के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने रूस की राजधानी मॉस्को की ओर बढ़ रहे अपने लड़ाकों को पीछे हटने और अपने ठिकानों पर लौटने का आदेश दिया है।**
- **प्रिगोझिन ने पहले कहा था कि वह रूस में तख्तापलट करने और न्याय बहाल करने का इरादा रखते हैं, इसी मंशा के साथ उन्होंने अपनी भाड़े की वैगनर सेना को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश दिया था जिससे रूस में तख्तापलट की स्थिति बन गई थी।**

प्रिगोझिन ने पहले कहा था कि, वह रूस में तख्तापलट करने और न्याय बहाल करने का इरादा रखते हैं, इसी मंशा के साथ उन्होंने अपनी भाड़े की वैगनर सेना को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश दिया। प्रिगोझिन की बगावत पर पुतिन ने कहा कि, विद्रोह को निर्णायक रूप से दबाना होगा।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के ऑफिस ने कहा कि, उन्होंने पुतिन की सहमति से प्रिगोझिन से बात की थी और वैगनर मिलिशिया के प्रमुख ने स्थिति को कम करने पर सहमति व्यक्त की थी। अपनी प्रेस सेवा द्वारा जारी एक ऑडियो संदेश में, प्रिगोझिन ने कहा, "वे वैगनर सैन्य कंपनी को खत्म करना चाहते थे। हमने 23 जून को न्याय मार्च शुरू किया। 24 घंटों में हम मास्को के 200 किमी के भीतर पहुंच गए। इस दौरान हमने अपने सैनिकों के खून की एक भी बूंद नहीं बहने दिया।" प्रिगोझिन ने कहा, "अब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी को ईज़िप्ट का सर्वोच्च सम्मान

नई दिल्ली, 25 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को ईज़िप्ट के प्रतिष्ठित "ऑर्डर ऑफ द नील" राजकीय सम्मान से नवाजा गया। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 13 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाज है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री

- **प्रधानमंत्री मोदी को रविवार को ईज़िप्ट के प्रतिष्ठित "ऑर्डर ऑफ द नील" सम्मान से नवाजा गया। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 13 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है।**

हैं। ईज़िप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी ने भारतीय प्रधानमंत्री को यह सम्मान दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक से पहले दिया। बैठक के दौरान दोनों ने नेताओं ने कुछ अहम समझौतों पर दस्तखत भी किए। बता दें कि पीएम मोदी की अफ्रीकन देश की यह यात्रा 1997 के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा-झालावाड़, भरतपुर के रास्ते मानसून का प्रदेश में प्रवेश, 15 जिलों में बारिश

## पिछले साल 30 जून को मानसून आया था, पर इस बार पांच दिन पहले ही एंट्री हो गई है

जयपुर, 25 जून। राजस्थान में रविवार को मानसून की एंट्री हो गई। मानसून ने भरतपुर, कोटा, झालावाड़ के रास्ते प्रदेश में प्रवेश किया। भरतपुर, अलवर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, धौलपुर, कोटा, बूंदी, झालावाड़, बारां, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर और चित्तौड़गढ़ में मानसून एक्टिव हो गया है। राजस्थान में भले ही इस बार मानसून के देरी से आने की भविष्यवाणी की जा रही थी, लेकिन ये सब फेल हो गई। मानसून ने अपने निर्धारित समय से केवल एक दिन की देरी से ही राज्य में प्रवेश किया है। सामान्यतः राजस्थान में मानसून की एंट्री 24 जून मानी जाती है। पिछले साल मानसून की एंट्री 30 जून को हुई थी।

मौसम केंद्र जयपुर के डायरेक्टर राधेश्याम शर्मा के मुताबिक पूरे राजस्थान में मानसून के एक्टिव होने में 2 से 4 दिन का समय लग सकता है। इस मानसून सीजन में बारिश सामान्य या उससे कम होने का पूर्वानुमान है।

मौसम केन्द्र जयपुर ने 26 से 28 जून तक राजस्थान में अच्छी बारिश होने का अनुमान जताया है। दक्षिण राजस्थान के 8 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़ और उदयपुर शामिल हैं।

जबकि पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर,

- **मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि, अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वी मध्य और राष्ट्रीय राजधानी सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने के आसार हैं।**

पाली और श्रीगंगानगर को छोड़कर शेष जिलों में 26 से 28 जून तक अच्छी बारिश होने का अनुमान है।इसके अतिरिक्त दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को दिल्ली पहुंचा, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को बताया कि अगले दो दिनों के दौरान गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब के कुछ और हिस्सों और जम्मू-कश्मीर के शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज (रविवार) मुंबई, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली सहित महाराष्ट्र के शेष हिस्सों को कवर करेगा।

आईएमडी के अनुसार, "यह आज गुजरात के कुछ हिस्सों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में जाएगा।"

आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, "दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी सक्रिय है। मानसून मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू के कुछ हिस्सों में भी पहुंच गया है। यह अगले 2 दिनों में आगे बढ़ेगा और अन्य हिस्सों में भी जाएगा।"

दिल्ली में मानसून के आते ही रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी उसके आसपास के कई हिस्सों में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई।

महापात्र ने कहा, "दिल्ली में अधिकतम पांच सेमी बारिश दर्ज की गई, अगले दो दिनों तक बारिश जारी रहेगी।" बुलेटिन में राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर के आसपास के क्षेत्रों में अधिक बारिश के अनुमान जताए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि, अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वी मध्य और राष्ट्रीय राजधानी सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने के आसार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार मुंबई क्षेत्र में अधिकतम 18 सेमी बारिश दर्ज की गई और आज भी भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मध्य भारत में मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने कहा कि, देश में अगले पांच दिनों के दौरान कोई लू नहीं चलेगी। जारी रिपोर्ट के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की कमी होने के आसार हैं।

# अमेरिका में मालगाड़ी नदी में गिरी

लॉस एंजिलिस, 24 जून (वार्ता) अमेरिका के मोंटाना प्रांत में पुल के कुछ हिस्से ढहने से मालगाड़ी येलोस्टोन नदी में गिर गयी। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि, इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की जानकारी नहीं है। काउंटी की आपदा और आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, यह घटना मोंटाना के स्टिलवॉटर काउंटी में येलोस्टोन नदी को पार करने वाले रेल पुल पर स्थानीय

- **अमेरिका के मोंटाना प्रांत में एक पुल का कुछ हिस्सा नीचे ढह जाने के कारण एक मालगाड़ी येलोस्टोन नदी में गिर गयी।**

समयानुसार लगभग छह बजे हुई। विभाग ने अपने फेसबुक पेज पर कहा, पुल ढह गया, और येलोस्टोन नदी में कई रेल डिब्बे गिर गये हैं। हमने पटरी से उतरने का कारण निर्धारित नहीं किया है। अधिकारियों ने शुरू में कहा कि मालगाड़ी से कम से कम सात डिब्बे, जिनमें गर्म डामर की तीन डिब्बे और पिघले हुए शामिल थीं।

# जो इतिहास से सबक नहीं सीख सकते वह कभी सफल नहीं हो सकते : पीयूष गोयल

## 'आपातकाल का वो काला दिन गुजर गया लेकिन कांग्रेस की मानसिकता में कोई परिवर्तन नहीं आया'



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को भाजपा जयपुर शहर की ओर से मानसरोवर स्थित विद्यालय में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया।

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर के द्वारा मानसरोवर स्थित विद्यालय में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम गायन के साथ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल रहे। प्रबुद्ध जन सम्मेलन में आए सभी प्रबुद्धजनों का स्वागत जिलाध्यक्ष राघव शर्मा अपने जोशीले भाषण के साथ किया।

प्रबुद्ध जन सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बिना कोई कानूनी प्रक्रिया एव कारण के आरएसएस के स्वयंसेवकों को बिना वजह जेल में कई महीनों तक बंद कर दिया गया था। संपूर्ण देश की जनता में आत्मविश्वास खत्म सा होता दिख रहा था। आपातकाल का दिन वो काला अध्याय था जो कभी नहीं मिटने वाला है। आजाद भारत के इतिहास का वह दिन था जिस दिन भारत के लोकतंत्र की हत्या की गई थी।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा आपातकाल देश में एक ऐसा दौर था कि मानो देश को वापस किसी ने जकड़ लिया हो। वापस किसी के अधीन हो गया हो, जब इमरजेंसी लागू की गई उससे कुछ वर्षों पहले ही देश आजाद हुआ था, उस समय में रहे लोगों को निश्चित ही लगने लगा था कि देश वापस आधीन हो गया है। आपातकाल के दौरान देश की छवि संपूर्ण विश्व में किरकिरी हो गई थी।

पीयूष गोयल ने कहा इसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदार कांग्रेस सरकार रही है। देश के 1 लाख चालीस हजार से अधिक कार्यकर्ताओं और राजनीति से जुड़े व्यक्तियों को बिना वजह जेलों में डाल दिया गया। यातनाएं दी गई, ये वह दिन थे जिन्हें हमें कभी भूलना नहीं चाहिए कहा गया कि जो इतिहास से सबक नहीं सीख सकते वह कभी सफल नहीं हो सकते।

जिस कांग्रेस ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में सहयोग दिया वहीं कांग्रेस आगे चलकर भी देश की जनता को प्रताड़ित करेगी। ऐसा कभी भारतवर्ष के लोगों ने सोचा भी नहीं था। कांग्रेस आज भी देश को आजादी के 75 वर्ष होने के बावजूद भी उन्हीं पद चिन्हों पर चल रही है जिनको महात्मा गांधी ने कांग्रेस को आगाह किया था लेकिन यह कांग्रेस आज भी नहीं सुधरी है और वही कार्य कर रही है जो देश हित में नहीं है कांग्रेस को सिर्फ सत्ता का मोह है कॉंग्रेस की नीतियां देश की जनता के हित में बिल्कुल भी नहीं है।

गोयल ने कहां उसी आपातकाल के दौरान देश की जनता के हित में जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी जैसे कई वरिष्ठ नेताओं ने देश की जनता और हित में लाठियां खाईं जेल गए लेकिन कांग्रेस की अनीति को स्वीकार नहीं किया विदेशों में बातें होने लगी थी इंदिरा इज इंडिया इंडिया इज इंदिरा कांग्रेस की सोच कभी जनता को सम्मान देने की रही ही नहीं और आज भी वही स्थिति वही ढर्रे पर चलने वाले कांग्रेस के राहुल गांधी को सजा सुनाई गई ओबीसी पिछड़ा वर्ग जाति के लिए उन्होंने जैसा कहा उसका अपमान किया लेकिन माफी नहीं मांग सके जिसके चलते सजा हुई।

पीयूष गोयल ने कहा कांग्रेस की सोच एक सामान्य व्यक्ति की सोच नहीं है। वे अपने आपको अलग समझते हैं, वीवीआईपी से भी ऊपर समझते हैं। आज के परिप्रेक्ष्य में हम निर्णय लेते हैं तो इतिहास के पन्नों को हमें कभी भूलना नहीं चाहिए जो इतिहास हमें शिक्षा देता है सिखाता है, यदि हम उसे नजर अंदाज करें तो उसका भुगतान निश्चित ही हमें भरना होता है।

आपातकाल का वो काला दिन बीत गया गुजर गया, लेकिन कांग्रेस की मानसिकता में कोई परिवर्तन नहीं आया। लेकिन संघ और जनसंघ के प्रयासों के चलते देश को देश के ही गद्दारों से मुक्त कराया गया, यह जानकारी निश्चित ही देश के हर नागरिकों को होनी चाहिए कांग्रेस आज भी अपने मूल स्वरूप को हमेशा छिपाने में लगी रहती है, लेकिन कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि यह जनता अब मूर्ख नहीं बनने वाली, अब लोग समझदार हैं और कांग्रेस के झूठे बहकावे में नहीं आने वाले है।

राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा विपक्ष के बड़े-बड़े नेताओं को

**'आने वाले समय में निश्चित ही भारत विश्व में 3 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगी'**

बिना वजह जेल में डाल कई लोगों को नजरबंद कर दिया गया था। ऐसा काला दिवस देश के लिए बहुत ही अपमानजनक रहा। ऐसी कांग्रेस की प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जाकर ऐसा कुकृत्य किया था।

सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा हमें इतिहास हमेशा याद रखना चाहिए कांग्रेस ने भारत देश के साथ अनीति को अपनाया जिससे देश के करोड़ों लोगों को जबरदस्त परेशानी का सामना करना पड़ा। हमें उस इमरजेंसी के हालात को आज की जनता के सामने रखना चाहिए जिससे कांग्रेस का कुरुख जनता के सामने हमेशा रहे। कांग्रेस की विचारधारा हमेशा ही देश को बर्बाद करने की रही है और इनके नेता झूठी मोहब्बत की दुकान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कांग्रेस ने देश में आपातकाल लागू किया था। उस समय कांग्रेस का जो स्वरूप था, वही स्वरूप कांग्रेस का आज भी देश के प्रति है। आज भी कांग्रेस जब-जब सत्ता में रही तब तक जनता के साथ तानाशाही कर भ्रष्टाचार चरम पर रहा हमेशा से कांग्रेस हिंदू विरोधी सरकार रही है। जयपुर शहर प्रभारी नारायण पंचारिया ने कहा एक अध्यादेश के नाम पर देश के लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी, ऐसी कांग्रेस कहती है कि हमें इस देश की सत्ता में आना है, ऐसी कांग्रेस को इस देश की सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है।

# 29 साल में पहली बार आचार्य सौरभ सागर का जयपुर में मंगल प्रवेश



जयपुर में हवामहल स्थित मोहनबाड़ी जैन मंदिर में संत सौरभ सागर का श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया।

**जयपुर।** आचार्य पुष्पदंत सागर के शिष्य आचार्य सौरभ सागर का 29 वर्षों की तपस्याकाल में पहली बार चातुर्मास को लेकर मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य ने रविवार सुबह मोहनबाड़ी दिगम्बर जैन मंदिर से विहार कर हवामहल, बड़ी चौपड़ पहुंचे, यहां सकल जैन समाज जयपुर आचार्य की अगवानी की। इसके बाद आचार्य ने शोभायात्रा के साथ मंगल प्रवेश जुलूस शुरू किया।

शोभायात्रा में बग्घी, घोड़े, हाथी, लवाजमे, बैंड-बाजों के साथ पुरुष सफ़ेद परिधान, महिला केसरियां साड़ी पहने शामिल हुईं। शोभायात्रा में भक्त जयकारें लगाते हुए, नाचते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा हवामहल से प्रारम्भ होकर जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यू गेट, अजमेरी गेट, एसएमएस हॉस्पिटल के बाहर, नारायण सिंह सर्किल होते हुए भट्टारकजी की नसियां पहुंची। यहां 29 थालों पर आचार्य की पाद प्रक्षालन किए गए। इसके बाद आचार्य ने भगवान महावीर के दर्शन किए। इसके बाद धर्मसभा का आयोजन हुआ। इसमें मंगलाचरण, चित्र अनावारण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट विभिन्न समाज श्रेष्ठीयों ने किए। धर्मसभा में आचार्य के प्रवचन हुए। पुष्प वर्षायोग समिति के प्रचार संयोजक अभिषेक जैन ने बताया कि आचार्य का चातुर्मास प्रतापनगर के सेक्टर आठ स्थित दिगम्बर जैन में मंदिर में चातुर्मास होगा, इसके लिए आचार्य 29 जून को शोभायात्रा के साथ मंगल प्रवेश करेंगे। 2 जुलाई को आर्चार्य के चातुर्मास का मंगल कलश स्थापना होगी।

# खाजूवाला में गैंगरेप और हत्या कांग्रेस सरकार के माथे पर कलंक : डॉ. पूनिया

**जयपुर/बीकानेर।** प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करने एक दिवसीय बीकानेर प्रवास पर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, खाजूवाला में दलित महिला के साथ गैंगरेप और हत्या कांग्रेस सरकार के माथे पर कलंक है, लेकिन मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक इस मामले में लीपापोती करने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि, नेशनल क्राइम रिपोर्ट में भी राजस्थान में बढ़ते रेप

**'मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक इस मामले में लीपापोती करने में लगे हैं'**

के मामलों पर चिंता जताई है, ना सिर्फ खाजूवाला बल्कि राजस्थान के हर जिले में अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार रिपीट करने की बात मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसी है। इस कार्यकाल में कांग्रेस ने जिस तरह से प्रदेश में काम किया है, उससे किसान, युवा सहित हर वर्ग प्रताड़ित है, महिलाओं, बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में भी कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल रही। इसी कारण पूरे प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी का माहौल है, इस बार कांग्रेस सरकार हमेशा के लिये डिलीट होने वाली है।

मीडिया के सवाल के जवाब में सतीश पूनिया ने कहा कि, भाजपा हमेशा नए लोगों को मौका देती है, इस बार भी पार्टी नए लोगों को अवसर देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

# 'भाजपा की टिफिन बैठकें केवल औपचारिकता नहीं, आपसी मेलजोल बढ़ाने का सफल प्रयोग'

**जयपुर।** लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक की, चर्चा के दौरान गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत से देश में लघु उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। हमारी प्राथमिकता चायना उत्पाद के स्थान पर भारतीय उत्पादों को बढ़ाना, गुणवत्ता को बढ़ाना रहा है। केंद्र सरकार ने लघु उद्योगों, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योगों में गुणवत्ता नियंत्रण ऑर्डर में समय सीमा में रियायत प्रदान की है। फुटवियर एसोसिएशन सीआई प्रतिनिधि ने देश की फुटवियर इंडस्ट्री में आये क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए केंद सरकार की नीतियों की सराहना की, आज भारतीय फुटवियर सेक्टर ब्रांड बन रहा है, साथ ही लघु उद्योग भारती द्वारा तीन दिवसीय 15,16 व 17 सितंबर को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के पोस्टर का विमोचन पीयूष गोयल द्वारा किया गया।

इस बैठक में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद,

- **'मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए लघु उद्योगों को मिल रहा है बल'**
- **लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ चर्चा की**

राष्ट्रीय पोषण अध्यक्ष योगेश गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र खुराना, फुटवियर एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र चुग, भीलवाड़ा लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष महेश हुरकुट, राजकीय संयुक्त सचिव विनय बंब व विमल कटियार ने प्रतिनिधित्व किया।

खंडेलवाल बालिका महाविद्यालय में जयपुर शहर के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक के माध्यम से सहभोज किया, गोयल ने टिफिन बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि साथ में इस तर्ज पर सैकड़ों टिफिन बैठकें हो रही हैं, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया था कि कार्यकर्ताओं के साथ घर से टिफिन लाकर सहभोज से आत्मीयता का भाव बढ़ता है, यह केवल औपचारिक बैठक नहीं वरन् आपसी मेलजोल बढ़ाने का माध्यम बन चुकी है, भाजपा राष्ट्र प्रथम, फिर पार्टी और फिर स्वयं के विचार को आत्मसात् किया है।

जयपुर स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स में व्यापारी कल्याण द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन में भाग लिया। व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि देश में आदिवासी इलाकों में आभूषण, कला उद्योग कार्य करने वाले जैसे लोगों को पद्म अवार्ड दिए जा रहे है, देशभर में व्यापारियों के द्वारा सरकार की नीतियों में सहभागिता बढ़ी है। आज केंद्र में एक ऐसी सरकार है जो व्यापारियों से सुझाव लेती है और व्यापक स्तर पर व्यापारियों की सहभागिता केंद्र की नीतियों में देखने को मिल रही है, केंद्र सरकार ईज ऑफ डूइंग वर्क पर इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दे रही है व्यापारी समाज का महत्वपूर्ण अंग है यदि व्यापारी के व्यापार में सुगमता होगी तो इससे निश्चित ही समाज में भी परिवर्तनकारी बदलाव आएंगे और इस दिशा में केंद्र सरकार बड़े बदलाव लाते हुए नित नए कदम उठा रही है।

व्यापारी सम्मेलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष गोयल, सुरेंद्र कुमार, महामंत्री सुरेश गोयल,फोर्टी अध्यक्ष के एल जैन, चेयरमैन चेंबर ऑफ कॉमर्स सुनील संघी चेयरमैन राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड राधेश्याम जैमिनी उपाध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स सुरेश सैनी एमआई रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश पारीक जय किशन ग्वालानी अध्यक्ष सिंधी पंचायत जयपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी आर एस जैमिनी, रेडीमेड जगदीश चंद्र अग्रवाल, राजस्थान टेक्सटाइल एजुकेशन से अशोक जैन जयपुर हार्डवेयर से वरुण कुमार, सर्राफा ट्रेडर्स से मनीष गुप्ता, कैट वरिष्ठ उपाध्यक्ष या सिया सेठी ने प्रतिनिधित्व किया।

## सोमसिंह मीणा प्रदेश सचिव नियुक्त



**जयपुर।** न्यू पेंशन स्कीम एम्प्लॉय फैडरेशन ऑफ राजस्थान के प्रदेश नेतृत्व ने नियुक्ति पत्र जारी कर सवाई मानसिंह अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर सोम सिंह मीणा को संघठन के प्रति समर्पण, कार्य दक्षता व जुझारुपन को देखते हुए प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है।

मीणा को प्रदेश सचिव बनने पर सैकड़ों कर्मचारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। मीणा ने बताया कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करूंगा।

# प्रदेश में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को किसी भी जिले में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला।

वहीं एक मरीज के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर आठ रह गए हैं। इस बीच राज्य में 1361 कोविड जांच की गई है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9736 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## डॉ. पूनिया आज से यू.पी प्रवास पर

**जयपुर।** मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 26 और 27 जून को दो दिवसीय उत्तर प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। सतीश पूनिया 26 जून को सम्भल लोकसभा क्षेत्र, 27 जून को मुरादाबाद में संवाद करेंगे।

# 48 लाख से अधिक बच्चों ने गटकी पोलियो की दवा

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने रविवार सुबह दौसा के ग्राम मंडावरी स्थित अपने निवास पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

इस अभियान में 23 जिलों के 5 वर्ष तक के 86 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो प्रतिरोधक दवा पिलायी जाने का लक्ष्य है। पहले दिन कुल 48 लाख 90 हजार बच्चों को पोलियो की

**चिकित्सा मंत्री ने उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया'**

दवा पिलाई गयी है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अजमेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू, दौसा, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, नागौर, टोंक, हनुमानगढ़, गंगानगर, जयपुर, बूंदी, सीकर, बांसवाड़ा, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, उदयपुर, सिरोही एवं जोधपुर में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान के लिए 66 हजार 731 टीमें गठित की गई है। जो बच्चे रविवार को बूथ पर किसी कारणवश नहीं आ पाये उन्हें सोमवार व मंगलवार को स्वास्थ्य कार्मिक घर-घर जाकर दो बूंद जिंदगी की पिलायेंगे।

## सी.एम ने किया जयपुर शहर के विकास कार्यों का अवलोकन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को लेकर गंभीर है। उन्होंने रविवार को जयपुर शहर का मैराथन दौरा करते हुए विभिन्न निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया।

गहलोत ने पुरानी विधानसभा (सवाई मानसिंह टाउन हॉल) में विश्वस्तरीय राजस्थान धरोहर संग्रहालय, गोविंद देवजी मंदिर, सवाई मानसिंह चिकित्सालय में आईपीडी टॉवर, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेस तथा गांधी दर्शन म्यूजियम पहुंचकर अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बडी चौपड के पास जलेब चौक स्थित पुरानी विधानसभा पहुंचकर विश्वस्तरीय राजस्थान धरोहर संठाहालय के कार्यों का अवलोकन किया। यहां पर कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड ने कार्यों की प्रगति की मॉडल्स और नक्शों के जरिए जानकारी दी। गहलोत ने हैरिटेज स्वरूप में ही निर्माणाधीन संग्रहालय में पर्यटकों की सुविधाओं के बारे में भी जाना। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर पहुंचकर जयकारों के बीच पूजा-अर्चना कर मानव कल्याण और प्रदेश में खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी संवाद करते हुए हाथ जोडकर उनका अभिनंदन स्वीकार किया। गहलोत ने कहा कि काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर यहां भी 100 करोड रुपए की लागत से भव्य कॉरिडोर व अन्य विकास कार्य होंगे। इससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलेंगी। इसकी डीपीआर बन रही है और कार्य शीघ्र शुरू होंगे। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने कार्यों के लिए बजट 2023-24 में घोषणा की थी। यहां जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी भी साथ रहे।


**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर बालिका शिक्षा पर जोर दिया



विश्व वाल्मीकि धर्म संसद परिषद की धर्म संसद, सत्संग और संत समागम रविवार को गलता रोड हीदा की मोरी स्थित गुरुद्वारा में अयोजित किया गया।

**जयपुर।** विश्व वाल्मीकि धर्म संसद परिषद की धर्म संसद, सत्संग और संत समागम रविवार को गलता रोड हीदा की मोरी स्थित गुरुदवारा में अयोजित किया गया। सुबह जहां सत्संग में महर्षि वाल्मीकि, कबीर दास के भजनों की प्रस्तुति दी गई। दोपहर को अयोजित धर्म संसद में देशभर से आए वाल्मीकि समाज के लोगों ने खुले मन से समाज की दशा और दिशा पर विचार व्यक्त किए।

विश्व वाल्मीकि धर्म संसद परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन कुमार वैद्य ने बताया कि रामस्वरूप वैद्य और तारा देवी की स्मृति में आयोजित धर्म संसद में 12 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। श्री गंगानगर से संत स्वामी कर्ण नाथ, करनाल कुरुक्षेत्र हरियाणा से स्वामी संगमनाथ अमृतसर से महंत परमहंस बबला दास, भोपाल मध्य प्रदेश से संत स्वामी मिट्ठू राम, तमिलनाडु से संत शिवमणि स्वामी,तमिलनाडु से ही एम जी राज रायपुर कर्नाटक से संत आत्मानंद, गंगानगर से संत सुखविंदर नाथ, जोधपुर से नवल संप्रदाय के गादीपति सुनील दास, करौली से संत सोनू नाथ आगरा के हरिनाथ सहित अन्य संतों ने बेटियों को पढाने, कन्या भ्रूण हत्या बंद करने पर जोर दिया।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्काथपक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल भी धर्म संसद में शामिल हुआ। धर्म संसद में सामाजिकता और धार्मिकता पर चर्चा विशेष रूप से चर्चा हुई। समाज में व्याप्त कुरीतियों दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, दिखावा, आडंबरों से दूर रहने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने सामाजिक रीति रिवाजों को सादगीपूर्वक निभाने से बची धन राशि को शिक्षा सहित अन्य सामाजिक कार्यों में खर्च करने का संकल्प लिया। संतों ने धर्म संसद में हर स्थिति में सनातन धर्म और समाज से जुडे रहने पर जोर दिया। वहीं बुद्धिजीवियों ने राजनीतिक रूप से ताकतवर बनने का आव्हान किया। समाज में शिक्षा खासकर लड़कियों की शिक्षा पर मंथन कर कार्य योजना बनाई गई। श्यामलाल खरेरिया ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# एसीएस ने दिए जांच के आदेश

**जयपुर।** चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने राजकीय फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र सुजानगढ़ चूरू के जीर्णद्वार में बरती गई अनियमितता, गुणवता में कमी, निर्माण कार्य व टेन्डर प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने मामले की तत्काल जांच कर 7 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। आदेशानुसार निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता की जांच एवं कार्रवाई के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव को उक्त प्रकरण भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्राइवेट मेडिकल का बैनर लगवाने सहित अन्य मामलों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी में बीकानेर जोन के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक, लेखाधिकारी, उप निदेशक एवं चूरु जिले के सीएमएचओ को शामिल किया गया है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रैगर गणेश कन्हैयालाल से बदलकर गणेश कुमार डीगवाल पुत्र श्री कन्हैयालाल डीगवाल निवासी कल्याण कॉलोनी, पेट्रोल पम्प के सामने, बस्सी, जयपुर (राजस्थान) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम एवं पते से पहचाना जावे।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती कुजबाला गोयल पत्नी डॉ.अशोक कुमार गोयल, निवासिनी प्लाट नम्बर सी-111, विद्युत नगर, गॉंधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर उक्त प्लॉट नंबर 111 की एकमात्र मालकिन व स्वामी है तथा उक्त प्लाट मेरी अभिभाष्या द्वारा अपनी स्वअर्जित आय से क्रय किया गया है परन्तु मेरी अभिभाष्या के पति उक्त प्लॉट के पट्टे पर अपना भी नाम होने के आधार पर उक्त प्लाट को बेचने की फिराक में हैं जबकि उन्हें उक्त प्लॉट के बेचान का कोई अधिकार नहीं है। जो भी व्यक्ति उनसे इस प्लॉट के संबंध में कोई संव्यवहार करेगा उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
जयपुर (अजय परवाल) एडवोकेट
दिनांक-25/06/23 मो.9414434470

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुहाना, प.स. सांगानेर (जयपुर)**
**कमांक: 45 ई- निविदा सूचना संख्या 01-02/2023-24 दिनांक 24.06.2023**
ग्राम पंचायत मुहाना में ग्रामीण विकास व पंचायती राज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जी एस टी पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं हैण्डपम्प/सिंगल पोईंट निर्माण का दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
सामग्री आपूर्ती NIB NO PEZ2324A0054 UBN No PEZ2324GLOB00063
हैण्डपम्प/सिंगल पाइन्ट NIB NO PEZ2324A0055 UBN No PEZ2324GLOB00064
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मुहाना — सरपंच, ग्राम पंचायत मुहाना

# गैंगस्टर क्लीन बोल्ड : पुलिस ने बदमाशों के 5 हजार 950 ठिकानों पर छापा मारा

## लूटपाट, मादक पदार्थ व हथियार तस्करी जैसे मामलों में लिप्त 733 आरोपी गिरफ्तार





जयपुर पुलिस टीम ने रविवार अलसुबह 'गैंगस्टर क्लीन बोल्ड' अभियान चलाकर 733 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । 'गैंगस्टर क्लीन बोल्ड' अभियान चलाकर जयपुर पुलिस टीम ने रविवार अलसुबह शातिर बदमाशों के 5950 ठिकानों पर छापेमारी की।

लूटपाट, मादक पदार्थों व हथियारों की तस्करी, चालानशुदा, भगौड़े और वारंटी बदमाशों को पकड़ने के लिए यह कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के बाद 931 अपराधी पूछताछ के लिए थानों पर लाये गए, जिनमें से 733 को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट में 8-8, आबकारी अधिनियम में 108, धारा-151 में 472, धारा-110 में 6, 107/116 सीआरपीसी में 5, स्थाई-गिरफ्तारी वारंटों में 85 और अन्य एक्ट में 6 प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान पूर्व के प्रकरणों में 35 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 8 संदिग्ध वाहन जब्त किए।

**■ तीन हजार पुलिस कर्मियों ने चलाया था सर्च ऑपरेशन**

श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों, गैंग अपराधों पर अंकुश, अपराधियों में डर व आमजन में विश्वास कायम रखने, अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय राजस्थान द्वारा चलाये गये राज्य स्तरीय विशेष अभियान के दौरान जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने 'गैंगस्टर क्लीन बोल्ड' अभियान चलाया। इसके तहत 5 हजार 950 आपराधिक ठिकानों की गहन तलाशी की गयी। यह कार्रवाई अति गोपनीय और व्यवस्थित तरीके से की गयी। जिससे अपराधी एक दूसरे को सतर्क न कर सकें।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया कि जयपुर के चारों जिले में एक साथ पुलिस ने एक साथ दबिश देकर अपराधियों को घेरा गया और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे अपराधी पूछताछ के लिए थानों पर लाये। इस कार्रवाई को अंजाम देने में 5 डीसीपी, 9 एडीसीपी, 23 एसीपी, 69 इंस्पेक्टर और 2793 अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही। शहर में भारी भरकम पुलिस जाप्ते के साथ अपराधियों के ठिकानों पर दी गई दबिश के कारण शहरभर के अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है। इस अभियान में पकड़े अपराधियों से पुलिस अभी पूछताछ कर रही है जिससे और भी वारदातों के खुलासे व फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है।

# विधायक लाहोटी ने सड़क पर खड़े रहकर खुद हटवाए अवैध थड़ी-ठेले

## सांगानेर की पत्रकार कॉलोनी मुख्य सड़क पर था अवैध कब्जा



सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने रविवार को पत्रकार कॉलोनी रोड पर लगे अवैध थड़ी-ठेलों को हटवाया।

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर क्षेत्र स्थित पत्रकार कॉलोनी रोड पर इन दिनों अवैध थड़ी-ठेला लगाने वालों की भरमार है, लेकिन ग्रेटर निगम के अफसरों को कार्रवाई की फुर्सत नहीं। जबकि मुख्य सड़क पर इन ठेला संचालकों के अवैध कब्जे के कारण स्थानीय लोगों का आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर जब ग्रेटर निगम प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं तो वे स्थानीय विधायक व पूर्व मेयर अशोक लाहोटी के पास पहुंच गए। इसके बाद रविवार को विधायक लाहोटी खुद पत्रकार कॉलोनी में पहुंचे, जहां मुख्य सड़क पर अवैध थड़ी-ठेलों की भरमार देखकर काफी नाराजगी जताई।

**■ स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद ग्रेटर निगम की सतर्कता टीम ने कोई कार्रवाई नहीं की**

**■ लाहोटी ने मुख्य सड़क पर कब्जा देखा तो तुरंत निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी को फोन कर नाराजगी जाहिर की**

लाहोटी ने मौके पर ही ग्रेटर निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी को फोन किया और अवैध थड़ी-ठेलों पर ग्रेटर निगम द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। लाहोटी ने खुद खड़े रहकर अवैध थड़ी-ठेले हटवाए और मौके पर लग रहा ट्रेफिक जाम खुलवाया। लाहोटी ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी की एंट्री रोड, मालपुरा गेट-डिग्गी रोड, रिद्धि-सिद्धि तिराहे पर सैकड़ों ठेले रोजाना लगते हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन इन्हें हटाकर आमजन को सुगम यातायात मुहैया करवाने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इन अवैध ठेलों के कारण रोजाना कई घंटों तक सड़क पर ट्रेफिक जाम लगता है और आयेदिन हादसों का खतरा बना रहा है।

# ऑपरेशन 'वज्र प्रहार' से प्रदेशभर में अपराधियों की धरपकड़

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत संगठित, हार्डकोर, वांछित सक्रिय अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए रविवार को प्रदेश में पुलिस की टीमों द्वारा दबिश देकर विशेष कार्रवाई की गई।

डीजीपी मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन की निगरानी में प्रदेश भर में यह कार्रवाई संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी रेंज आईजी समस्त कार्रवाई की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

वहीं फील्ड में स्थानीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन वज्रप्रहार के तहत देर शाम तक भी कार्रवाई जारी रही। एडीजी एम.एन. ने बताया कि बीकानेर रेंज के चारों जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में 1727 पुलिसकर्मियों की 322 टीमें गठित कर 1623 स्थानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई में कुल 659 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। बीकानेर पुलिस के 650 पुलिसकर्मियों की 111 टीमों ने 632 स्थानों पर दबिश देकर 106 को, श्रीगंगानगर में 400 पुलिस कर्मियों की 65 टीमों ने 150 स्थान पर दबिश देकर 125, हनुमानगढ़ में 374 पुलिसकर्मियों की 82 टीमों ने 365 स्थानों पर दबिश देकर 247 और चूरू जिले के 303 पुलिसकर्मियों की 64 टीमों ने 476 स्थानों पर दबिश देकर 181 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एनडीपीएस एक्ट के तहत 11 प्रकरण दर्ज कर 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और 246 किलो डोडा पोस्त, 3500 अवैध नशे की गोलियां और 18.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

आबकारी एक्ट में 28 प्रकरण दर्ज कर 22 अभियुक्तों से 137 लीटर देसी शराब व 59 लीटर हथकढ़ शराब जब्त कर 70 लीटर लाहन नष्ट किया। आर्म्स एक्ट में 2 प्रकरण दर्ज कर दो अभियुक्तों से एक पिस्टल, चार कारतूस, एक तलवार, चार डंडे व मिर्ची पाउडर, जुआं एक्ट में 17 प्रकरण दर्ज कर 17 व्यक्तियों से 21930 रुपये बरामद किये गये। अन्य एक्ट में दो प्रकरण दर्ज कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

एडीजी ने बताया कि जयपुर शहर में 5950 स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपराधियों के ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। इस कार्रवाई में 931 अभियुक्त पूछताछ के लिए थानों पर लाए गए। इनमें से 733 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट में 8-8, आबकारी एक्ट में 108 प्रकरण दर्ज किये गये। इसमें धारा 151 सीआरपीसी में 472, धारा 110 सीआरपीसी में 6, धारा 107 और 116 सीआरपीसी में 5 स्थाई तथा स्थाई व गिरफ्तारी वारंटों में 85 एवं पूर्व के प्रकरणों में 35 अपराधियों को गिरफ्तार कर आठ संदिग्ध वाहन जप्त किए गए।

## जीवदया कार्यक्रम

**जयपुर** । महावीर भवन मानसरोवर युवा प्रकोष्ठ द्वारा मानसरोवर श्री संघ की प्रेरणा से रविवार को जीवदया कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसके तहत समाज के युवाओं ने सुबह प्रात: 6:15 से 6:45 तक पक्षियों को चुगा खिलाने का कार्यक्रम तथा प्रताप नगर स्थित पिंजरापोल गोशाला में गौवंश को चारा खिलाने का कार्य भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य में कार्यक्रम प्रभारी चिराग लोढ़ा एवं महावीर भवन मानसरोवर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक जैन, उपाध्यक्ष आकाश दूनीवाल, मंत्री डॉ.विनोद जैन, सहमंत्री पुनीत सिंघवी, कोषाध्यक्ष अजय जैन, सहित समाज के सभी युवाओं ने संपूर्ण परिवार के साथ जीव दया के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# कानोता में ट्रक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**जयपुर** (कासं)। कानोता इलाके में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर कानोता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बस्सी राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

कानोता थाने के एएसआई शिवदयाल सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान महेंद्र पुत्र घनश्याम गुप्ता के रूप में हुई है। जिसकी ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों को घटना की सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंचे परिजनों को मेडिकल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के चाचा कमलेश कुमार गुप्ता की ओर से कानोता थाने में ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। कमलेश कुमार गुप्ता ने रिपोर्ट दी है कि उसका भतीजा महेंद्र पुत्र घनश्याम गुप्ता 22 जून को बस्सी कोर्ट के लिए मोटरसाइकिल से रवाना हुआ था। ट्रक चालक ने लापरवाही से बिना पीछे देखे अपनी गाड़ी को बैक ले लिया। इस दौरान ट्रक चालक बैक लेता हुआ महेंद्र की बाइक से टकरा गया इस दुर्घटना में युवक के सिर और शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई। ट्रक का टायर चढ़ने से महेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जिसके बाद सबको कानोता थाने पुलिस बस्सी स्थित राजकीय अस्पताल में लेकर गई। ट्रक चालक की लापरवाही से महेंद्र की मौत हुई है। ट्रैक चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जलमहल में मिला युवक का शव

**जयपुर** (कासं)। जल महल में रविवार सुबह एक युवक का शव तैरता मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम सुबह सवा 8 बजे जलमहल के लिए रवाना हुई। जिस पर करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद शव को जल महल से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नहीं हो पाई हैं। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही हैं। मृतक के पास से पुलिस को एक फोन और ईयरफोन मिला हैं। जिसके आधार पर युवक की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कल रात को युवक जल महल के पास घूमने आया होगा। पहनावे के अनुसार युवक शाम को वॉक पर होगा इस दौरान पैर फिसलने से वह जलमहल में गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई।

# एस.एम.एस अस्पताल में युवक के पेट से आठ इंच का चाकू निकाला

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में रविवार को जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स ने एक युवक के पेट में घुसा 22 सेंटी मीटर यानि 8 इंच से ज्यादा के धारदार चाकू को करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन कर बाहर निकाला। चाकू घुसने से युवक के पेट, बड़ी आंत और पैंक्रियाज को काफी नुकसान पहुंचा था, जिसे रिकवर किया गया। ऑपरेशन के बाद युवक की हालत ठीक है।


**■ 50 किलोमीटर दूर से स्थानीय लोग और सहयोगी घायल युवक को बाइक पर लेकर एस.एम.एस. अस्पताल पहुंचे थे**

एसएमएस के मीडिया प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पुरोहित ने बताया कि 24 जून की रात करीब 11 बजे चाकसू में टोंक निवासी 22 वर्षीय आकाश मीना का ढाबे पर खाना खाने के दौरान किसी व्यक्ति से विवाद हो गया। इस विवाद में सामने वाले व्यक्ति ने उसके पेट में बड़ा चाकू घोंप दिया। चाकू पेट और आंत को चीरता हुआ अंदर जाकर फंस गया।

जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र बागड़ी ने बताया कि मौके पर एम्बुलेंस नहीं मिलने पर आकाश को स्थानीय लोग और उसके सहयोगी बाइक पर चाकसू से करीब 50 दूर एसएमएस ट्रॉमा सेंटर लेकर रात करीब 2 बजे पहुंचे। मरीज की सूचना पर डॉक्टरों की टीम सुबह जल्दी पहुंच गई। सभी जांच और प्रोसेसिंग करने के बाद सुबह 9 बजे मरीज का ऑपरेशन शुरू किया।

ऑपरेशन दोपहर 12 बजे तक चला। मरीज की पैंक्रियाज, बड़ी आंत, पेट, आर्टरी काफी डैमेज हो गई थी। जिससे बहुत खून बह गया था। इस कारण इन सभी को रिपेयर करके शरीर की मेन आर्टरी के पास फंसे 22 सेंटीमीटर के चाकू को बाहर निकाला गया। ऑपरेशन में सर्जरी विभाग से डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. दिनेश चान्दा, डॉ. रितेश कुमार, डॉ. नवीन सैनी, डॉ. आशिमा, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. नितिन, डॉ. आयुष और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. चंचल जिंदल, डॉ. रोहन गर्ग और डॉ. सागर ने भी सहयोग दिया।

# म्यूजिक कॉन्सर्ट में सितार व बांसुरी की जुगलबंदी दिखी



हांगकांग में भारतीय शास्त्रीय संगीत से रूबरू कराने वाले कलाकार हरबंस ठोवाल, किशन कथक, यश सोनी और दिलशाद खान को रविवार को सम्मानित किया गया।

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से रविवार को संस्थान परिसर में दो दिवसीय क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट का आगाज हुआ। कॉन्सर्ट के पहले दिन रविवार को संस्थान अध्यक्ष मनु वर्मा ने हांगकांग से लौटे जयपुर के चारों कलाकारों का सम्मान किया। सम्मानित कलाकारों में शास्त्रीय गायक हरबंस ठोवाल, सितार वादक किशन कथक व बांसुरी वादक यश सोनी और तबला वादक दिलशाद खान शामिल हैं।

संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे कार्यक्रम में कलाकार किशन कथक ने सितार पर राग परमेश्वरी के सुर साधे। उन्होंने आलाप, जोड, झाला में इस राग का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया। फिर विलंबित ताल 11 मात्रा में खूबसूरत सुर लगाव, ठहराव और पकड़ से बंदिशों को नजाकत व नफासत से पेश कर माहौल में सुरीलापन घोल दिया। उन्होंने रजखानी और मसीत खानी गतों के बेहतरीन संयोजन कर संगीत के सुरों के साथ अपने फनकारी रिश्ते का खूबसूरत नजारा पेश किया। इसके बाद कलाकार किशन कथक व यश सोनी ने सितार व बांसुरी पर सुरों की उम्दा आईनबंदी कर जुगलबंदी पेश की। दोनों कलाकारों ने रियाजी व सधी तैयारी के साथ राग पहाड़ी के सुरों का लालित्यपूर्ण शृंगार किया। तबले पर दिलशाद खान ने संगत कर कार्यक्रम में सुरीले सुरों का सुरुर भर दिया।

# 9 मुस्लिम विधायकों के खिलाफ समाज का आक्रोश फूटा, सामूहिक दुआ कर दी चेतावनी

## अगर अब भी विधायक नहीं जागे तो 3 जुलाई को विधायकों की कुरानख्वानी और 4 जुलाई को होगी सोयम की फातेहा : चौपदार

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के एमआई रोड इलाके में रविवार को मुस्लिम समाज की तरफ से प्रदेश के मुस्लिम मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया गया, यह प्रदर्शन अल्पसंख्यक बालक छात्रावास निर्माण और बाग नवाब कल्लन की वकफ संपत्ति समेत मुस्लिम समाज के मामलों में विधायकों की चुप्पी और समाज से दूरी को लेकर किया गया, इस पूरे मामले को लेकर मुस्लिम विधायकों के लापता होने के बैनर भी चस्पा किए गए, प्रदर्शन के बाद यहां पर सामूहिक दुआ का आयोजन भी किया गया। इस दुआ में विधायकों और मंत्रियों को सदबुद्धि के लिए दुआ मांगी गई, वही ईद उल जूहा के बार 3 जुलाई को जिंदा विधायकों का जमीर मरने की कुरानख्वानी की जायेगी और 4 जुलाई को सोयम की फातेहा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बडी संख्या में मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारीयों सहित अन्य लोग मौजूद रहे, वहीं विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।



मुस्लिम समाज ने रविवार को एम.आई. रोड स्थित जालूपुरा में प्रदेश के मुस्लिम मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

मुस्लिम परिषद संस्थान के अध्यक्ष यूनुस चोपदार ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि जो विधायक अपने समाज के बलबूते पर आज विधायक बने हैं। उन लोगों को पिछले साढे 4 साल में किसी तरह से कोई भी अपने समाज की याद नहीं आई, आज हर जगह पर अल्पसंख्यकों पर जुल्म हो रहा है, वक्फ बोर्ड की जमीन को जेडीए नीलाम कर रहा है, मंत्री धारीवाल अल्पसंख्यक समाज से साजिशन गोपालगढ़ कांड के बाद इस्तीफे का बदला रहे हैं, अल्पसंख्यक मंत्री साले मोहम्मद को जैसलमेर से फुर्सत नहीं है, विधायकों को दावतों से फुरसत नहीं है इसलिए आज यह दुआ का आयोजन किया गया है। इस दुआ के जरिए हम इन विधायकों को जगाना चाहते हैं। अगर 3 जुलाइ से पहले मुस्लिम समाज के मुद्दों पर विधायक नहीं जागे तो फिर कुरानख्वानी और सोयम की फातेहा होगी।

इस प्रदर्शन में राजस्थान सरकार में अल्पसंख्यक मंत्री सालेह मोहम्मद, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन व विधायक रफीक खान, हज कमेटी अध्यक्ष और किशनपोल विधानसभा से विधायक अमीन कागजी, विधायक दानिश अबरार, हाकम अली, सफिया जुबेर, वाजिब अली, अमीन खान के लापता होने के बैनर लगाये गये और कारी इशाक ने दुआ करवाई।

## सार-समाचार

### बीएसएफ जवान की पत्नी से पर्स लूटा

**जयपुर** । करधनी थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो लुटेरे बीएसएफ के एक जवान की पत्नी से पर्स लूट ले गए। पर्स में पैसे, जेवर व अन्य सामान रखा था। पीड़िता ने इस संबंध में करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि गोकुलपुरा स्थित श्योनाथपुरी निवासी लक्ष्मी कंवर रिपोर्ट में बताया कि पडोसी महिला के साथ बाजार जा रही थी। निवारू रोड पर पीछे से बाइक पर आए दो लुटेरे पीड़िता के हाथ से पर्स छिन ले गए। पर्स में सोने की रखड़ी, शिशफुल, पेंडल, आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य सामान रखा था। पीड़िता के पति विक्रम सिंह बीएसएफ में है और अभी जालधंर में पदस्थ हैं। विक्रम सिंह ने बताया कि रिश्तेदार की शादी से लौटते समय पत्नी जेवर खोलकर पर्स में रख लिए थे। बाइक सवार लुटेरे एक जगह सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गए।

### नशा मुक्ति दिवस पर होगा योग प्रशिक्षण

**जयपुर** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर 26 जून को जयपुर के सेंट्रल पार्क में सुबह साढ़े 7 बजे से 8 बजे तक योग प्रशिक्षण और नुक्कड़ नाटक "नशा मजा नहीं, सजा है" का मंचन किया जायेगा। गौतम हॉस्पिटल एवं मेंटल हेल्थ फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गौतम हॉस्पिटल में ट्रेनिंग के लिए आये एमिटी यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान छात्राओं द्वारा जन जागरण के लिए यह नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया जायेगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें कई विश्वविद्यालयों के 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे। जिन्हें नशे की लत उसके दुष्प्रभाव एवं बचाव के बारे में बताया जाएगा। गौतम हॉस्पिटल की सीईओ राजश्री गौतम द्वारा निर्मित निर्देशित, नशे की लत पर आधारित लघु फिल्म "संभलते कदम" का प्रदर्शन किया जाएगा। 'नशे से बचाव हेतु योग' विषय पर योग गुरु महेंद्र राव का तथा नशे की लत कारण व निवारण विषय पर मनोचिकित्सा के एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. शिव गौतम का व्याख्यान होगा।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि इलाके की रहने वाली 32 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित दीपक शादी का झांसा देकर कई साल से उससे दुष्कर्म करता आ रहा था। अब वह पिछले 4 माह से फ्लैट पर आकर मारपीट करता और बंद कर चला जाता है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं दूसरी ओर कालवाड़ थाना इलाके में एक युवती का अपहरण कर दो माह तक बंधक बना कर देहशोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि इलाके निवासी 20 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित रूपेश मीणा उसका जबरन अपहरण कर अपने घर ले गया, जहां दो माह तक बंधक बना कर उससे दुष्कर्म किया। इस काम में रूपेश के परिवार के लोगों ने भी सहयोग किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं शास्त्री नगर थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया आरोपित करण राजपूत (27) गांव माधो का बास, अजीतगढ़ जिला सीकर हाल सेक्टर-17, रोहिणी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवती से दोस्ती कर उससे दुष्कर्म किया और बाद में ब्लैकमेलिंग करने लगा। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### बंदी पेट्रोल पंप से नकदी लेकर फरार

**जयपुर** । राजधानी के लाल कोठी इलाके में सेन्ट्रल जेल परिसर स्थित पेट्रोल पंप से एक बंदी हजारों रुपये की नकदी लेकर फरार हो गया। इस संबंध में जेल प्रशासन की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज क जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय कारागृह जयपुर के जेल प्रहरी अशोक कुमार सैनी ने मामला दर्ज करवाया है कि गांव शेषम जिला सीकर निवासी प्रकाश खुली जेल में सजा काट रहा था। वह फ़िलहाल जेल परिसर स्थित आशाएं पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम कर रहा था। 24 जून की दोपहर अपनी ड्यूटी पूरी कर बिक्री राशि 22 हजार 356 रूपए लेकर फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### मस्जिद में दिनदहाड़े चोरी

**जयपुर** । राजधानी जयपुर की नुरानी मस्जिद में दिन-दहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। गैलरी में बाइक खड़ी कर मस्जिद में घुसा बदमाश 60 किलो वजनी इन्वर्टर बैटरी चोरी कर ले गया। मस्जिद में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि अमृतपुरी आदर्श नगर निवासी अब्दुल मुगनी (54) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शनिवार को दिनदहाड़े अमृतपुरी में स्थित नुरानी मस्जिद में चोरी की वारदात हुई है। दोपहर करीब 11:38 बजे मस्जिद में घुसकर बदमाश ने रेकी की। मस्जिद में कोई नहीं होने पर बाइक उठाकर गैलरी में लाकर खड़ी कर दी। मस्जिद में घुसकर करीब 60 किलो वजनी इन्वर्टर बैटरी को उठाकर बाहर ले आया। दोपहर 12:13 बजे बाइक पर इन्वर्टर बैटरी रखकर ले भागा।

### दो हमलावर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** । राजधानी की बजाज नगर थाना पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अभिषेक यादव (25) निवासी गुरु कॉलोनी, गोनेर रोड और जीशान नकवी उर्फ़ मामा उर्फ़ वसूली भाई (28) निवासी जनता कॉलोनी, आदर्श नगर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नमो चाय वाले के बाहर एक युवक पर जानलेवा हमला किया था। आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



## World Refrigeration Day

Feeling a little chilly? Or wishing that things were a bit chillier on a hot summer day? Well, World Refrigeration Day serves as a means of raising awareness and understanding of the significant role that the industry and its technology play in modern life and society. So get ready to cool off and chill out because World Refrigeration Day is here!Don't take for granted the importance of refrigeration in modern life. Consider what life without it would be, and have some gratitude for the innovators who made it possible.



#J'ADORE

# Dress Up Your Little Girl For Summer



We have shared the latest styles for kids' clothes from colours to designsthat will add to their charms and are soft on their skin.

What are the latest fashion trends for children? Which colours to choose? Where to buy toddler clothing sets online? Questions like these and others will be answered for all the worrying mothers who are looking towards the summer shopping for their kids.

We bring to you premium quality clothing trends to dress your little munchkins in, that will add to their charms and are soft on their skin, protecting them from irritation and rashes. We have shared the latest styles for kids' clothes from colours to designs. In this article, we talk about children's fashion, trends, and colours for the sunny days.

### Oversized Clothes And Layering



Oversized clothes are never out of trend. And mothers love them as they last more than a single season with their growing kids quickly outdoing the other clothes. One can expect to see more bat sleeves, as well as deflated sleeves in kids' clothing this spring as more and more designers, are leaning towards them. The complex looks with the layering of clothes are back in fashion and the layering pair amazingly with oversized clothes.

### Sundresses

Add to the charms of your baby girl with the chic and classy sundresses which are especially



popular for this spring. Lovely dresses in floral motifs and monochrome shades are perfect casual outgoing wear to style your little girl in for her time-out with friends and family.
Shop for high waist and skirt dresses to add fresh designs to her wardrobe.

### High Waisted Cropped Jackets

These cropped jackets captured the hearts of fashionistas and mothers alike when they conquered the catwalks. Style your baby girl and give her the modern look with an oversized trim complimented by cropped jackets. Upgrade your daughter's wardrobe to the next level with the latest trends and modern designs to bring her inner, city girl look.

### Joggers and Cargo Pants



Add stylish cargo pants and joggers that provide comfort and do not hinder movements to your daughter's spring collective. These trousers give the freedom of creativity as they fit perfectly with different styles. Mothers and girls around the globe love cargos and joggers because of their comfort and practicality so adding them to her wardrobe is a good choice.



### Favourite Colours and Prints

Famous couturiers have taken a liking to the classic red this summer season in both, monochrome and combination with terracotta and black. The most popular colours for this spring to dress your kids in are bright and neutral tones with light shades primarily being used. Style your daughter in the light shades of bright yellow, sky blue, light pink, or other colour schemes that you find interesting.

# The Whiskered Journey

In the 16th century, Leonardo da Vinci immortalized cats in his paintings, celebrating their elegance and grace. He is also attributed to say, "Even the smallest feline is a masterpiece of nature." Cats graced the canvases of other renowned artists of the time, including Titian and Dürer. As intellectuals and artists rediscovered the allure of cats, their status as pets and household companions was restored.



Mariam Abuhaideri
*Animal rights activist and a wonderlust*



Caesar and his sons Chester and Rio.

## #MEOWSTORY

Throughout my life, cats have been constant companions, weaving their enigmatic presence into the very fabric of my family's existence. From my earliest memories to the present day, I've had a cat for every role one could imagine: a feline sister, a whiskered brother, a purring friend, a meowing cousin, and now, cats for children. Yet, despite their profound impact on my life, I have a feeling that in Rajasthan they are still widely misunderstood for being aloof and evil.

Amidst this feline journey, I have often pondered: Am I a cat person? The answer, perhaps, lies in the very essence of my being. Like these independent creatures, I cherish my autonomy and shun clinginess. I revel in solitude and appreciate the freedom to explore life's mysteries on my own terms. Allow me to clarify a common misconception-I am not an introvert. Rather, I have come to appreciate the tranquillity of my own company. As the years pass, I find myself yearning to distance myself from unnecessary stress and toxic environments. It is in this pursuit of personal serenity that I have discovered a kindred spirit in the enigmatic nature of cats.

In a society that often values constant social interaction, the independent nature of cats may be misunderstood. However, there is great wisdom in embracing a balanced approach to companionship. Cats possess an uncanny ability to discern moments of connection, choosing when to engage and when to enjoy their own company. It is a skill I have come to admire and attempt to emulate. Through my feline companions, I have learned that self-sufficiency does not equate to loneliness. Cats have an innate understanding of personal boundaries, respecting both their own and those of others. Their presence is a gentle reminder that one can forge deep connections without sacrificing the freedom and individuality that we hold dear.

While I hold great admiration for dogs and their unwavering loyalty, I must confess that I sometimes struggle to meet their constant need for attention and affection. Whenever I bring a dog home for fostering, a sense of guilt washes over me. It's not that I lack affection or care; it's simply that I am drawn to the low-maintenance and independent nature of cats-a reflection of my own desires.

Growing up, my feline siblings and I shared a unique bond. While they couldn't speak in human words, their silent presence spoke volumes. They were my confidants, listening attentively as I poured out my thoughts and dreams without judgment. Their gentle purring and soothing touch provided solace during moments of sorrow and celebration in times of joy. They didn't impose their opinions or demands upon me but offered steadfast companionship, demonstrating the beauty of a silent understanding.

And those who don't appreciate cats, here's a reason you might want to reconsider your hatred: In the kingdom of cleanliness, where pristine perfection reigns supreme, cats confidently claim their regal throne. With a flick of their dainty paws and a swish of their impeccably groomed tails, these fastidious feline monarchs declare themselves as the paragons of purity. Their every movement is a symphony of elegance, as they navigate the world with a discerning eye for cleanliness. From the tip of their velvety ears to the very tip of their gracefully arched spines, cats dedicate themselves to the pursuit of impeccable hygiene. Each sleek, sinuous contour of their bodies is a testament to their unwavering commitment to cleanliness, rivalling the most devoted monks in their monastic devotion to tidiness. A meticulous dance of licks and strokes, their grooming rituals are a work of art, transforming the chaos of stray hairs into symmetrical masterpieces. They are the sultans of sanitation, the aristocrats of cleanliness, and in their presence, a tangible aura of freshness pervades the air. For cats, cleanliness is not just a habit; it is an unwavering way of life, a testament to their refined nature. So, behold the majesty of these feline purifiers, the unrivalled champions of immaculateness, for they are the epitome of cleanliness in all its glorious splendour.

Cats possess an air of mystery, an innate ability to hide their emotions behind their luminous eyes. They move with grace, embodying a subtle elegance that demands respect. It is this enigmatic nature that has perpetuated the misinterpretation of their true essence. Those who fail to comprehend their language mistake their independence for aloofness, missing the opportunity to forge a profound connection. But for those who are willing to embrace their inscrutable nature, a whole new world awaits. Cats are creatures of individuality, each with their distinct personality and preferences. They teach us the importance of embracing diversity and respecting boundaries. They encourage us to recognize that love can manifest itself in quiet, subtle gestures-an affectionate head bump, a gentle paw reaching out, or the melodious purr that emanates from the depths of their being.

Cats: enigmatic, independent, and irresistible creatures that have captured the hearts of humans for thousands of years. From their regal demeanour to their mesmerizing eyes, these feline companions have fascinated and mystified us. But how did this extraordinary journey of domestication begin?



Leonardo da Vinci cat sketch.



Tipsy now lives in Chandigarh.

### Ancient Egypt- Where It Allegedly All Began

Our journey commences in the land of pharaohs, the Nile Valley of Ancient Egypt. Here, cats held a special place in society, worshipped as gods and treated as sacred beings. Their journey into domestication can be traced back to approximately 4,000 years ago.

In ancient Egyptian mythology, the goddess Bastet, often depicted with the head of a lioness or domestic cat, symbolized fertility, motherhood, and protection. Cats were highly revered and considered the guardians of the home. They were even mummified and buried alongside their human companions to accompany them in the afterlife. Not that I support the burial of live animals, but you get the point. The remarkable bond between cats and the Egyptians extended beyond mere worship. The Egyptians realized that cats were exceptional hunters, skillful at keeping granaries and homes free from rodents. The natural inclination of cats to stalk, pounce, and catch their prey made them invaluable allies in the battle against vermin.

### From Egypt to Rome

As the Roman Empire expanded, so did the spread of cats throughout Europe. Cats were seen aboard ships, guarding valuable cargo from pesky rats that plagued sailors during long voyages. These adept hunters became cherished companions, and their presence was considered a good omen.



Goddess Shashthi.

The Roman Empire's fascination with cats was exemplified by the famous story of Pompeii. In 79 AD, when Mount Vesuvius erupted, the unfortunate city of Pompeii was buried under layers of ash and lava. Among the preserved ruins, archaeologists discovered a poignant scene-a cat curled up, forever immortalized by the catastrophic event. This remarkable find demonstrates the enduring connection between humans and cats, even during moments of immense crisis.

### The Dark Age of Cats

While cats enjoyed reverence in ancient Egypt and Rome, their fortunes changed during the Middle Ages in Europe. The rise of Christianity saw the demonization of cats, leading to a tumultuous period known as the "Dark Age of Cats."

Cats were associated with witchcraft and devilry, believed to be the familiars of witches. Superstitious beliefs fuelled mass killings of cats, leading to a surge in rodent populations, which in turn contributed to the spread of diseases such as the Black Plague. Ironically, it was during this period that the symbiotic relationship between humans and cats was sorely missed.

### The Feline Renaissance

The Renaissance brought about a resurgence of interest in the natural world and its wonders. This newfound curiosity extended to the feline realm, where cats once again assumed their role as valued companions.

In the 16th century, Leonardo da Vinci immortalized cats in his paintings, celebrating their elegance and grace. He is also attributed to say, "Even the smallest feline is a masterpiece of nature." Cats graced the canvases of other renowned artists of the time, including Titian and Dürer. As intellectuals and artists rediscovered the allure of cats, their status as pets and household companions was restored.

### From Asia to the Americas-Cats Conquer New Lands


The story of cat domestication continued its journey across the globe. In Asia, specifically China and Japan, cats were regarded as bringers of good luck and fortune. Japanese folklore heralded the arrival of the "maneki-neko" or "beckoning cat," an iconic figurine believed to bring prosperity to its owners.

As European explorers sailed across the seas, they brought cats along to their new colonies. These feline travellers became essential in controlling pests on ships, and their presence aided in the establishment of successful colonies worldwide. The history of cat domestication took root in North America, South America, and beyond, as cats adapted to new environments and formed bonds with humans in these distant lands.

### Modern Times and Internet Sensations

In the modern era, cats have experienced a remarkable resurgence in popularity. No longer associated with witchcraft or superstitions, cats are adored and cherished by millions of people worldwide. In fact they are more widely accepted as pets than dogs. The Internet, with its vast reach, has become a breeding ground for viral cat videos and memes, further solidifying their place as beloved companions.


> Within the vast tapestry of Hinduism, cats emerge as mystical and revered creatures, occupying a unique place in both mythology and everyday life. In Hindu culture, cats are often associated with goddesses and deities, embodying their divine qualities. The goddess Shashthi, known as the protector of children, is depicted with a cat by her side, symbolizing her nurturing and motherly nature.



The diversity of cat breeds has expanded exponentially, with each breed exhibiting unique traits and personalities. From the regal Siamese and the lazy Persians, to the playful Bengal, there is a feline companion for every kind of cat lover. These breeds are the result of centuries of selective breeding, honing specific traits and appearances to match the preferences of their human companions.

### Cats in Islam

It is commonplace to find cats in homes of Muslims and that is because cats hold a special place in the Islamic tradition, embodying both reverence and admiration. The Prophet Muhammad himself expressed fondness and compassion towards these enigmatic creatures, emphasizing their importance in Muslim society. According to a Hadith, the Prophet once recounted a tale of a woman who showed kindness to a thirsty cat, and as a result, her sins were forgiven and she was granted paradise. This story serves as a powerful reminder of the significance of treating animals with compassion and respect. In Islamic culture, cats are seen as clean animals, with their fur considered pure and permissible to touch. It is said that the Prophet Muhammad kept cats as beloved companions and treated them with affection and care.



Leonardo da Vinci cat portrait.



Chester.

### Cats in Hinduism

Within the vast tapestry of Hinduism, cats emerge as mystical and revered creatures, occupying a unique place in both mythology and everyday life. In Hindu culture, cats are often associated with goddesses and deities, embodying their divine qualities. The goddess Shashthi, known as the protector of children, is depicted with a cat by her side, symbolizing her nurturing and motherly nature. In some regions, cats are believed to be the earthly form of the goddess Lakshmi, the bringer of prosperity and good fortune. Hindus also believe that feeding and caring for cats can bring blessings and ward off negative energies. Their agile movements and sharp senses are seen as a reflection of heightened awareness and intuition. Cats are not merely pets but are regarded as sacred beings, capable of bestowing blessings and guarding households from evil spirits. Their presence in Hinduism serves as a reminder of the interconnectedness between the physical and spiritual realms, honouring the intrinsic value of all living creatures.

### A Whiskered Future

So, let us raise a toast to the whiskered wonders who have journeyed alongside us through the annals of history. Here's to the mysterious, graceful, and captivating creatures that have forever made their mark on our hearts-our beloved cats. And as I write this, my ginger Caesar meows in approval.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#FOOD-TALK

# Tiny Glossy Red Cherry!



Cherries can be a delicious and nutritious addition to a varied and balanced diet, offering potential benefits for exercise recovery, inflammation, heart health, and more.

Cherries are delicious fruits that offer several health benefits. The tiny glossy red fruit, not just enhances the aesthetic and taste of your much loved cakes but is also loaded with nutrients. The sweet and tangy delights are good for your heart health, brain health and may also help you sleep better.

Cherries can be a delicious and nutritious addition to a varied and balanced diet, offering potential benefits for exercise recovery, inflammation, heart health, and more. Enjoy them in their fresh, frozen, or dried form, and consider incorporating them into your diet mindfully.

### Nutritional Profile of Cherries

Below is an overview of cherries nutritional profile (1 cup, pitted, about 138g):

- **Calories:** 87
- **Carbohydrates:** 22 grams
- **Fiber:** 3 grams
- **Protein:** 1 gram
- **Fat:** 0 grams
- **Vitamin C:** 16% of the Daily Value (DV)
- **Vitamin A:** 3% of the DV
- **Potassium:** 9% of the DV

### Health Benefits of Cherries

*Below are numerous health benefits of cherries:*

1. **Anti-inflammatory properties:** Cherries contain antioxidants and compounds that can help reduce inflammation in the body, potentially benefiting conditions like arthritis and gout. Some studies have shown that regular consumption of cherries or cherry extracts may help reduce gout attacks and joint pain in individuals with arthritis.
2. **Exercise recovery:** Cherries, particularly tart cherries, have been studied for their potential to aid in exercise recovery. They may help reduce muscle soreness and speed up recovery due to their anti-inflammatory properties and natural compounds called anthocyanins. They can be a good snack option before or after a workout due to their natural sugars, fibre, and hydration properties. Some studies suggest that tart cherry juice or concentrates can help reduce exercise-induced muscle damage and soreness.
3. **Sleep improvement:** Cherries are a natural source of melatonin, a hormone that regulates sleep. Consuming cherries or tart cherry juice may help improve sleep quality and duration.
4. **Heart health:** Cherries are low in calories and fat while being rich in heart-healthy nutrients like potassium and antioxidants. They may help reduce the risk of heart disease by improving cholesterol levels and reducing inflammation.
5. **Brain health:** The antioxidants in cherries may provide neuroprotective benefits and help prevent age-related cognitive decline.

### Can Diabetics Consume Cherries?

Cherries can be included in a diabetic diet in moderation. They have a moderate glycemic index and can contribute to blood sugar levels. It is important for individuals with diabetes to monitor their carbohydrate intake and consider the overall balance of their meals when consuming cherries.


### ThingsTo Keep In Mind

Below are a few things that you need to keep in mind when consuming cherries:

1. Individual responses to cherries may vary, and it's important to listen to your body.
2. While cherries offer health benefits, they should be consumed as part of a balanced diet and not as a sole solution for any health condition.
3. If you have any specific health concerns or conditions, it's always best to consult with a healthcare professional for personalised advice.


Pixabay

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# शराब ठेके के बेसमेंट में युवक की हत्या

## कहासुनी के बाद एक युवक ने दूसरे युवक का सिर पत्थर से कुचला

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं उपखण्ड के ग्राम टांकरडा में स्थित शराब ठेके के बेसमेंट में रविवार दोपहर दो युवकों के बीच आपस में हुई कहासुनी झगड़े में बदल गई। बात इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने पत्थर उठाकर दूसरे युवक के सिर पर दे मारा जिससे दूसरे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हमला करने वाला युवक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी अनिल माहेश्वरी, कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस की सहायता से मृतक के शव को चौमूं के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान चौमूं के रेलवे स्टेशन रोड स्थित इंदिरा कॉलोनी निवासी विक्रम सिंह पुत्र उमेश सिंह के रूप में हुई है।



कालाडेरा के पास टांकरडा में युवक की हत्या के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

- **वारदात के बाद हमला करने वाला युवक मौके से फरार हो गया**
- **जयपुर ग्रामीण अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) घटनास्थल पर पहुंचे**

फिलहाल कालाडेरा थाना पुलिस आरोपी की तलाश करने में जुटी है। जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) धर्मेन्द्र यादव ने घटनास्थल पर पहुंचे वहीं एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस के द्वारा शराब ठेके के सेल्समैन के साथ ही आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ करने में जुटी है। शराब ठेके को बंद करवा दिया है। पुलिस के द्वारा टीम गठित कर आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार मृतक का पोस्टमार्टम पुलिस के द्वारा करवा दिया है।

# चूरू से स्थानीय व्यक्ति को टिकट दिये जाने की मांग उठी

## काजी निजामुद्दीन ने चूरू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली

**चूरू,** (कासं)। एआईसीसी सचिव व राजस्थान कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन रविवार को कांग्रेसियों की नब्ज टटोलने के लिये सर्किट हाउस पहुंचे और वहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फीडबैक लिया। यहां चूरू जिले के कई कांग्रेसी विधायक भी दिखाई दिए बताए। यहां स्थानीय व्यक्ति को टिकट दिए जाने का मुद्दा उठाने वाले कांग्रेस नेता मुस्ताक खान के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने निजामुद्दीन काजी का 51 किलो फूलों की माला पहनाकर, साफा बांधकर व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस दौरान मुस्ताक खान के नेतृत्व में चूरू शहर व देहात कांग्रेस कार्यकर्ताओं व युवाओं ने निजामुद्दीन काजी से वार्ता करते हुए चूरू से स्थानीय व्यक्ति को टिकट दिये जाने की मांग की। इस अवसर पर मुस्ताक खान ने कहा कि इस बार चूरू के ऐसे व्यक्ति को टिकट दी जाये जो स्थानीय हो और जिताऊ उम्मीदवार हो।

- **सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस नेता मुस्ताक खान ने किया काजी का स्वागत**

मुस्ताक खान ने कहा कि हम घर-घर जाकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की महत्वकांक्षी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इस अवसर पर काजी निजामुद्दीन के समक्ष अलग-अलग ग्रुप में मुस्ताक खान के अलावा रियाजत खान, रेहाना रियाज, शमशेर भालू खान, जंगशेर खान पीथीसर, आरिफ पीथीसर, डॉ. महेश शर्मा, महासिंह सिहाग, प्रताप कांटीवाल, पूसाराम गोदारा, भंवरलाल पुजारी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने दावे पेश किये बताए।

इस अवसर पर पार्षद अंजनी शर्मा, पार्षद हुस्ना बानो, गोपी, ओमप्रकाश चौधरी, राधेश्याम चोटिया, शराकत अली, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष आजम अली खान, विजेंद्र सिंह सरपंच, सादिक खान, जंगसेर इसेखानी, सतीश शास्त्री, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, तहसील उपाध्यक्ष पुलकित चौधरी, लेखराम पूनियां, आसलखेड़ी सरपंच रामनिवास कड़वासरा, लाल चंद, पार्षद आबिद खान मोयल, आशा राठौड़, राधेश्याम चोटिया, सुजानगढ़ सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी, प्रदीप तोदी, पूर्व अध्यक्ष लालचंद सैनी, ईशराराम डूडी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 63 जनों को डिटेन किया


पुलिस ने अभियान के तहत 63 जनों को पकड़ा।

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर वृत्त क्षेत्र में अपराधियों की खैर नहीं है, अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने धरपकड़ अभियान चलाया है। अभियान के तहत घरों पर दबिश देकर पुलिस अपराधियों को पकड़ रही है। गिरफ्त में लेने के बाद पुलिस अन्य अपराधियों तक पहुंचने की जुगत में है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस का अभियान निरंतर जारी है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह, विराटनगर थाना प्रभारी रामसिंह भाबरु थाना प्रभारी धर्मसिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम का गठन कर कार्यवाही करते हुए दबिश देकर विभिन्न मामलों में 9 वांछित अभियुक्त, 15 एनडीपीएस एक्ट, 35 आबकारी अधिनियम व 4 फायरिंग में चालानशुदा अपराधियों को डिटेन किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में खौफ पसरा है। अभी तक 63 अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## दोषी कर्मचारी निलंबित

**उदयपुर,** (निसं)।अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने महिला कार्मिक से अभद्र व अशोभनीय व्यवहार के दोषी कर्मचारी नारायण लाल अहीर पर सख्त कार्यवाही करते हुए निलंबित किया है। निलंबन काल में अहीर का मुख्यालय झुंझुनू रहेगा।

एवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक एन.एस.निर्वाण ने बताया कि सहायक अभियंता कार्यालय मादडी उदयपुर में कार्यरत महिला कार्मिक की शिकायत पर उदयपुर के अधीक्षण अभियंता को प्रकरण की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया था। जांच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर सहायक अभियंता मादडी कार्यालय के जीप चालक नारायण लाल अहीर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए निगम प्रशासन ने निलंबित कर इसका मुख्यालय अधीक्षण अभियंता कार्यालय झुंझुनू किया है। उन्होंने बताया कि नारायण लाल ने इससे पहले भी अशोभनीय बातों के लिए माफी मांगी थी और यह बातचीत में ज्यादातर गाली गलौज भी करता रहता है। निगम प्रशासन दोषी कार्मिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर एक कडा संदेश दिया है।

# वन संपदा को नुकसान पहुंचाने का आरोपी जे.सी.बी. मशीन छोड़ फरार हुआ

**बामनवास/चौथ का बरवाड़ा,** (निसं)। वनपाल नाका चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित वृक्षारोपण सारसोप चौकी की खाई फेसिंग को अवैध रूप से जेसीबी मशीन द्वारा भरकर सीमा चिन्ह को मिटाने एवं वन संपदा को नुकसान पहुंचाने का आरोपी वन विभाग की टीम को मौके पर आते देख जेसीबी मशीन को छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

वन विभाग के रेंजर दीपक शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जेसीबी मशीन से रेंज के अधीन आने वाले वनपाल नाका चौथ का बरवाडा के सारसोप वन क्षेत्र के प्रस्तावित वृक्षारोपण सारसोप चौकी की खाई फेसिंग को अवैध रूप से जेसीबी मशीन द्वारा भरकर सीमा चिन्ह को मिटाकर वन संपदा को नुकसान पहुंचा रहा है। जहां उप वन संरक्षक श्रवण कुमार रेड्डी के निर्देशन में सूचना के बाद रेंजर दीपक शर्मा के नेतृत्व में सहायक वनपाल पूरणमल बेरवा वन कर्मी बत्ती लाल मीणा मोहन लाल मीणा मदन सिंह नरेंद्र सिंह शिवदान दशरथ सिंह आदि



बामनवास वन क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने जेसीबी को जब्त किया।

वन कर्मियों के साथ जैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी जेसीबी मशीन को लेकर मौके से भाग खड़ा हुआ। जिसका वन विभाग एवं शिवाड़ पुलिस चौकी द्वारा बिछाकर मौके से करीब 8 किलोमीटर दूर आरोपी द्वारा जैसी मशीन को छोड़कर भाग जाने के बाद उस जगह से जैसी मशीन को जप्त कर सुरक्षा की दृष्टि से जप्त कर शिवाड़ चौकी में खड़ा कर दिया गया। रेंजर दीपक शर्मा ने बताया कि 1 संपदा को जेसीबी मशीन के माध्यम से नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी की शिनाख्त चालक श्याम सिंह राजपूत निवासी सारसोप हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की तलाश वन विभाग की टीम कर रही है एवं पूरे मामले को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# हनीट्रैप गैंग का पर्दाफाश, तीन महिलाओं सहित चार जनों को गिरफ्तार किया

## रंगे हाथों पैसे लेते पुलिस ने दबोचा, 70 हजार रुपए ऐंठ चुकी थी गैंग

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जंक्शन पुलिस ने हनीट्रैप के मामले में रंगे हाथों पैसे लेते हुए तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में से एक महिला ने उसे स्वयं के बीमार होने का कहकर बुलाया और दो महिला व एक युवक को मौके पर बुलाकर रेप का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर 70 हजार रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद भी रुपए मांगने पर पुलिस ने पीड़ित को साथ लेकर हनीट्रैप गैंग की बताई जगह पर रुपए देने गए और मौके पर रुपए लेते हनीट्रैप गैंग की तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

जंक्शन सीआई नरेश गेरा ने बताया कि 23 जून को पीड़ित ने हनुमानगढ़ जंक्शन थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि 12 जून को सुरेशिया हनुमानगढ़ जंक्शन की रहने वाली महिला ने स्वयं को बीमार होने का कहकर घर पर बुलाया। जहां पर उसके साथ अन्य 2 महिला और 1 युवक मिला। उन्होंने पीड़ित को रेप का मुकदमा दर्ज करवाने का कहकर ब्लैकमेल किया और परिवादी से 70 हजार रुपए ले लिए। अब वो सभी उससे ओर रुपयों की मांग कर रहे हैं। सीआई ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों पर निगरानी रखना शुरू किया। हनीट्रैप गैंग इतनी शातिर थी कि उसने परिवादी से ब्लैकमेलिंग के रुपए लेने के लिए कई बार अलग-अलग जगह बुलाया। देर शाम हनीट्रैप गैंग के सदस्यों ने परिवादी को ब्लैकमेलिंग के पैसे लेने हेतु सुरेशिया हनुमानगढ़ जंक्शन में बुलाया। पुलिस टीम ने परिवादी से ब्लैकमेलिंग के पैसे लेते गैंग की तीन महिलाओं और एक युवक को घेराबंदी करके रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में तीनों महिलाओं और युवक की पहचान कृष्णलाल उर्फ किशनलाल (23) पुत्र कौर सिंह मजबीसिख निवासी वार्ड 57 सुरेशिया हनुमानगढ़ जंक्शन, सुखजीत कौर (26) पुत्री कौर सिंह पत्नि गुरप्रीत सिंह मजबीसिख निवासी वार्ड 01 खाराचक कान्हेवाला पुलिस थाना संगरिया, गुरमेल कौर (65) पत्नि कोर सिंह मजबीसिख निवासी वार्ड 57 सुरेशिया हनुमानगढ़ जंक्शन और मूर्ति देवी (55) पत्नि रामलाल नायक निवासी वार्ड 16 गांधीनगर हनुमानगढ़ जंक्शन के रूप में हुई। जंक्शन पुलिस सभी आरोपियों से गहनता से पूछताछ में जुटी हुई है।

सीआई नरेश गेरा ने बताया कि हनीट्रैप गैंग को जाल बिछाकर रंगे हाथों पकड़ने की कार्रवाई में एसआई मांगूराम, एएसआई शिवनारायण, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार, कॉन्स्टेबल बलदेव और महिला कॉन्स्टेबल विमला आदि टीम में शामिल थे।

## धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। वृद्धा ने आरोपी दंपत्ति सहित अन्य लोगों के खिलाफ धोखे से लाखों की नकदी हडपने का मामला दर्ज किया। पीडित हरबन्स कौर पत्नी अमरिकसिंह निवासी गोविन्दपुरा एमबी मैदान के सामने ने रविन्दपालसिंह तथा उसकी पत्नी सिमरजीत कौर व पुत्री प्रभलीन व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि वृद्ध होने रविंद्रपालसिंह ही मेरे बैक खातों का वर्ष 2015-16 से लेन देन व अन्य कार्य किया करता था। इस दौरान वह झांसे में लेकर मेरे बैंक खातें का ज्वाईट हॉल्डर बन गया तथा बैंक से नेट बैंकिग सुविधा ले ली। कोरोना काल के दौरान 17 अक्टूबर 20 को मेरे पति की मौत हो गई थी। कुछ दिनों बाद पता चला कि आरोपी ने 5 जून 2020 को 1 लाख 10 हजार तथा 1 लाख 30 हजार रूपये अपनी पत्नी व पुत्री के खाते में ट्रांसफर करवा लिए। कुछ समय बाद 25 लाख रूपये तथा कुछ अन्य नकदी आरोपियों के खाते में ट्रांसफर करवा हड़प ली।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। चपरासी कॉलोनी गायत्री नगर निवासी एक विवाहिता की छत के पास से निकल रही केबल से करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। परिजन 15 लाख के मुआवजे की मांग को लेकर मोर्चरी पर प्रदर्शन किया। परिजन खेमराज तेली ने बताया कि गायत्री नगर निवासी चौथमल तेली की पत्नी मंजू बरसात के दौरान मकान की छत पर सीमेंट लगाने के लिए गई थी। इसी दौरान पास से गुजर रही विद्युत लाइन (केबल) की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

- **छत के पास से निकल रही केबल से लगा करंट, मौत**
- **15 लाख के मुआवजे की मांग को लेकर मोर्चरी पर प्रदर्शन**

परिजनों ने 15 लाख के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रताप नगर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्र के पार्षद प्रकाश भील भी मौके पर पहुंचे। भील ने कहा कि जब तक मुआवजा नहीं मिलता वे पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसईबी और सिक्योर की लापरवाही के कारण मंजू की जान गई है। झूलते तारों से करंट लगने से महिला की मौत हुई है।

## डिग्गी में डूबने से युवक की मौत

**बीदासर,** (निसं)। रावली ढाणी में शनिवार की सुबह डिग्गी में डूबने से दो सगे भाईयों की मौत के बाद गांव ढढैरू गोदरान में शनिवार की ही रात्रि में 25 वर्षीय लक्ष्मण सिंह की डिग्गी में गिर जाने से मौत हो गई। मृतक लक्ष्मण सिंह के बड़े भाई अजित सिंह ने रविवार को पुलिस थाना में लिखित रिपोर्ट दी कि मेरा छोटा भाई लक्ष्मण सिंह ढढैरू गोदारान खेत में ढाणी बनाकर रहते हैं। खेत में ट्यूबेल व डिग्गी बने हुये हैं। शनिवार की रात्रि में लगभग 10 बजे डिग्गी पर लगे हुये बुस्टर को बंद करने के लिये मेरा भाई लक्ष्मण सिंह गया। तब अचानक पैर फिसलने से वह डिग्गी में गिर गया तथा डिग्गी में गिरने से पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई अजित सिंह की रिपोर्ट पर मरग का मामला दर्ज कर सीएचसी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# दलित परिवार पर फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। जिले के धोलीपाल में दलित परिवार से मारपीट और फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी कुलदीप गोदारा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से एक पिस्तौल और वारदात में काम ली गई कार को जब्त किया है। पुलिस टीमें बाकी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हुई है।

एससी एसटी सेल सीओ अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि दलित परिवार पर फायरिंग, मारपीट और गाली-गलौज करने के मामले में एसपी के निर्देश पर सदर थाना स्तर व डीएसटी टीम सहित कई टीमों का गठन किया गया था जो नामजद आरोपियों को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई थी। डीएसटी टीम के सहयोग से सदर पुलिस टीम, एससी-एसटी सेल की टीम ने संयुक्त रूप से मुख्य आरोपी कुलदीप गोदारा पुत्र शीशपाल गोदारा निवासी इंद्रपुरा संगरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने मुखबिर, साइबर टीम और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नामजद आरोपी कुलदीप गोदारा को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। सीओ अरुण शर्मा ने कहा कि पुलिस ने कुलदीप गोदारा के पास से वारदात में प्रयुक्त की गई एक अवैध पिस्तौल और स्विफ्ट कार भी बरामद की है। पुलिस टीमें बाकी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हुई हैं।

गौरतलब है कि सुरेन्द्र कुमार (22) पुत्र कृष्ण लाल मेघवाल निवासी वार्ड 16 धोलीपाल ने सदर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कह वह टेन्ट वालों की गाड़ी चलाता है, जो 3 जून रात्रि करीब 9 बजकर 30 मिनट पर जब सुरेंद्र अपने घर की तरफ आ रहा था तो धोलीपाल बस स्टैंड के नजदीक पहले से हिमांशु डूडी निवासी नूरपुरा, अर्शदीप भूलर निवासी सिंहपुरा खड़े थे, जिनके हाथ मे बीयर की बोतल थी। इन दोनों ने परिवादी सुरेंद्र को रोक लिया। गालीयां निकालने लग गये और मारपीट करने लग गए। सुरेंद्र अपने आप को जैसे तैसे आरोपियों से छुड़वाकर घर पर आ गया तो उसके बाद रात्रि करीब 12 बजे अर्शदीप भूलर, कुलदीप गोदारा निवासी इन्द्रपुरा, दारा गोदारा निवासी धोलीपाल, रवि गोदारा निवासी धोलीपाल, टिनू गोदारा निवासी धोलीपाल, गणेश सुथार निवासी धोलीपाल, सन्दीप सहारण निवासी नूरपुरा, हिमांशु डूडी निवासी नूरपुरा, अश्वनी गोदारा निवासी नूरपूरा, व इनके साथ 10-15 अन्य व्यक्ति जो कि हाथों में पिस्तोल, डन्डे, लोहे की राड़ लिये एकराय होकर सुरेंद्र के घर मे घुस गए और जाति सूचक गालियां निकालने लग गये।

## सर्प के काटने से महिला की मौत

**मासलपुर/करौली,** (नि.सं.)। मासलपुर थाना क्षेत्र के रतियापुरा गांव में खेत में कार्य कर रही 8 महीने की गर्भवती महिला को सर्प ने डस लिया जिससे महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मासलपुर थाना पुलिस ने बताया कि रतियापुरा गांव मे सर्प के डसने से गर्भवती कृषक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला गीता देवी 42 पत्नी राजपाल शनिवार को खेतों में कार्य कर रही थी। खेत में कार्य करते समय महिला को अचानक सर्प ने डस लिया जिसके बाद गर्भवती महिला को लेकर झाड़-फूंक के लिए देवता के स्थान पर पहुंचे जहां से महिला को अस्पताल ले जाने की बात कही इसके बाद परिवार जन गर्भवती महिला को लेकर करौली के सामान्य चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन महिला के शव को अपने घर ले गए। रविवार प्रातः परिजन महिला के शव को लेकर करौली सामान्य चिकित्सालय पहुंचे जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# 'ब्राह्मणों को भी मिले पन्द्रह प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण'

## शिक्षा मंत्री डॉक्टर बीडी कल्ला ने मोबाइल से विप्र महाकुंभ को संबोधित किया

**जालोर,** (कासं)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉक्टर बीडी कल्ला जालोर आने के लिए वायुयान से अहमदाबाद तो पहुंच गए, लेकिन मौसम खराबी के कारण उनका हेलीकॉप्टर उड नहीं पाया। कल्ला ने मोबाइल से महाकुंभ को संबोधित कर विप्र बैंक की योजना का विशेष रूप से उल्लेख किया। ये बात रविवार को जालोर शहर के मल्केश्वर मंदिर प्रांगण में शिक्षामंत्री कल्ला ने मोबाईल के माध्यम से विप्र फाउंडेशन के नवम विप्र महाकुंभ को सम्बोंधित करते हुए कही।

उन्होंने ईडब्ल्यूएस आरक्षण बढ़ाने की वकालत करते हुए पोस्टकार्ड अभियान चलाने का आव्हान किया। उन्होंने कुरूतियों को त्यागने की भी अपील की। हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने विप्र बैंक में एक करोड़ एक लाख की एफ डी जमा कराने की घोषणा मोबाइल से की। वे भी कल्ला के साथ ही आने वाले थे, लेकिन मौसम की खराबी के कारण उन्हें भी अहमदाबाद में ही रुकना पड़ा। ओझा ने देवस्थान विभाग की ओर से पुजारी पद पर गैर ब्राह्मणों की



जालोर शहर के मल्केश्वर मंदिर प्रांगण में विप्र महाकुंभ का आयोजन हुआ।


नियुक्ति का भी पुरजोर विरोध किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की मांग को फिर से दोहराते हुए कहा कि ये हमारा हक है इसके लिए लड़ना पड़े तो लड़ेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री भाजपा नेता राज के पुरोहित ने ब्राह्मणों को हिंदू समाज की नींव बताते हुए कहा कि नींव मजबूत होगा तभी पेड खड़ा रह सकेगा।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने विप्र महाकुंभ में उठे मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिक से अधिक ब्राह्मणों को विधानसभा में भेजने का भी आव्हान किया। लोकसभा के लिए भी कमरकस तैयार होने को कहा। विप्र फाउंडेशन जोन 1 सी के प्रदेशाध्यक्ष छगन सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में हुए इस महाकुंभ में संस्था के संरक्षक एवं विधायक धर्म नारायण जोशी ने पंचायत पालिकाओं में भी आरक्षण, देवस्थान अधीन मंदिरों को मुक्त करने आदि मांगें रखी। पूर्व विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित, जोधपुर के पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच, सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोंधित किया।

पथमेडा महाराज गौ ऋषि स्वामी दत्तशरणानंद जी महाराज ने विप्र फाउंडेशन की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए लोगों से गो सेवा का आव्हान किया। इस अवसर पर हाल ही विप्र फाउंडेशन द्वारा नवगठित इंडियन सोसायटी फॉर परशुराम कोंसियसनेस की संयोजक डॉ हर्षा त्रिवेदी का सम्मान भी किया गया। इस मौके विप्र महाकुंभ में विप्र फाउंडेशन के राष्टीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली, मुख्य राष्टीय संगठक श्रीकिशन जोशी, विप्र वाहिनी प्रमुख चंद्रकांता राजपुरोहित, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद पालीवाल, नवीन जोशी,विक्की के के.के. शर्मा, राजीव कश्यप, डॉक्टर रवि शर्मा, उमेश तिवाडी, डॉक्टर शीला आसोपा,जोन अध्यक्ष के.के.शर्मा, राजेश कर्नल, राजेंद्र धौलपुर, प्रताप राजपुरोहित, सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

# सांभर-फुलेरा जिले की मांग को लेकर महापड़ाव में करीब 50 हजार लोग पहुंचे

## पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को खदेड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़े



महापड़ाव में शामिल होने के लिए हजारों की तादात में लोग ट्रैक्टरों और पिकअप से पहुंचे।

■ सांवरदा मोड़ के पास विद्याधर चौधरी और दीनदयाल कुमावत को पुलिस ने हिरासत में लिया

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर फुलेरा जिला बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता विद्याधर चौधरी, भाजपा जयपुर जिला देहात के पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मानाराम ठोलिया व एडवोकेट कानाराम कुमावत के संयुक्त नेतृत्व में सांभर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान सर्किल से दूदू के मोखमपुरा हाईवे पर महापड़ाव में शामिल होने के लिए हजारों लोग पहुंचे। इसी बीच भारी तादाद में स्पेशल टास्क फोर्स की गाड़ियां और पुलिस फोर्स के जवान आ गए और उन्होंने आड़ी तिरछी गाड़ी खड़ी कर लोगों को रोकने में बाधा उत्पन्न की। साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से अपील भी जारी की गई कि आपको जहां से अनुमति दी गई है वहीं पर भीड़ एकत्रित हो यहां पर ज्यादा देर नहीं रुके, कानून की पालना करें अन्यथा हमें कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस अपील के बाद एक बार तो लोग इधर-उधर हो गए बाद में स्थिति को भाप कानाराम कुमावत ने माइक पर घोषणा की कि पुलिस और प्रशासन अनावश्यक महापड़ाव जा रहे लोगों को रोकने की कोशिश ना करें और न ही कानून का भय दिखाएं, हम हमारा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं उसमें वह भी पूरा साथ दें और हम भी पूरा सहयोग करेंगे। इसके बाद यहां से धीरे-धीरे जुलूस सांभर फुलेरा से होता हुआ कचरोदा फाटक के पास पहुंचा। जहां अंडरपास के आगे पुलिस ने बैरीकेट लगाकर रास्ता जाम कर रखा था। महापड़ाव में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की करीब 200 से अधिक गांवों के करीब 50 हजार लोगों के अलावा सांभर फुलेरा के जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। दीनदयाल कुमावत और विद्याधर चौधरी के मौके पर लोगों से अपील की गई कि वे शांति से आंदोलन का हिस्सा बने, जिससे आपका आंदोलन सफल हो, लेकिन इससे पहले ही वेरीकेट तोड़ दिया गया। जिस पर एसडीएम जयंत कुमार चौधरी, एडीएम अशोक कुमार शर्मा ने अपील की कि कोई भी कानून को हाथ में ना लें इसकी वीडियोग्राफी कर ली गई है उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा आप यहां से गाड़ी लेकर के ना जाए केवल पैदल ही आपको जिस स्थान पर अनुमति दी गई है वहां तक पहुंचना है।

हजारों लोग पैदल ही अपने गंतव्य स्थल तय करने में लगे हुए थे। ट्रैक्टर ट्रोलियो में भरकर काफी संख्या में आसपास के गांव के लोग महापड़ाव में शामिल होने का हिस्सा बने। प्रशासन और नेतृत्व कर रहे लोगों के बीच समझौता यह होना था कि दूदू में सांभर फुलेरा शामिल नहीं होगा लेकिन इसके लिए जिला कलेक्टर को लिखित में देना होगा। जैसे ही ऐसे लोगों को कि आंदोलन सफलता की ओर पहुंच रहा है तो कुछ लोगों की ओर से इस जिद पर अड़ गए कि सांभर फुलेरा जिला बनेगा। यह बात पक्की होने पर व लिख कर देने पर ही हम यहां से हटेंगे और ऐसे लोगों ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों को भी अपने पक्ष में कर लिया और लोग भी इस खेल को नहीं समझ सके। लोगों की जिद शुरू हो गई कि कि मोखमपुरा महापड़ाव पहुंचकर ही हम दम लेंगे। इस सारे घटनाक्रम से प्रशासन पुलिस प्रशासन के भी हाथ-पांव फूल गए क्योंकि उन लोगों ने जहां पर पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थे। उसके बीच सड़क से कच्चे रास्ते से हुए खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया और काफी लोग कचनेर तक पहुंच गए।

इधर प्रशासन पुलिस प्रशासन भी इन्हें मोखमपुरा हाईवे तक पहुंचने के लिए पूरा मुस्तैद बना हुआ था और उन्हें आगे जाने से रोक दिया। लेकिन यहां से भी हजारों की संख्या में लोग आसपास खेत व कच्चे रास्तों से हुए होते हुए सांवरदा मोड़ के पास मोखमपुरा हाईवे तक पहुंच गए, जिन्होंने रास्ते को जाम करने की कोशिश की जैसे ही पुलिस को मालूम चला तो टास्क फोर्स और पुलिस के जवान तत्काल प्रभाव से वहां पहुंच गए और 10 मिनट के भीतर ही आंदोलन कर रहे लोगों को लाठीचार्ज कर वहां से खदेड़ा। इसमें बताया जा रहा है कि 2 लोग घायल हो गए। पुलिस को लगा कि लोग काबू में नहीं आएंगे तो आंसू गैस के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। आंसू गैस के गोले जब नहीं फटे तो लोगों ने उनको लेकर मिट्टी में दबाना शुरू कर दिया।

वहीं दूसरी तरफ सांवरदा मोड़ के पास ही नेतृत्व कर रहे विद्याधर चौधरी और दीनदयाल कुमावत को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और सांभर थाने लेकर आ गई। भूखे प्यासे आंदोलनकारियों में शामिल कुछ लोगों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ नेतृत्व कर रहे लोगों के बीच सहमति बनने जा रही थी कि दूदू में सांभर फुलेरा शामिल नहीं होगा और बताया जा रहा है कि इसके लिए प्रशासन लिखित में देने को भी तैयार था लेकिन कुछ उग्र आंदोलनकारियों की वजह से यह प्रयास सफल नहीं हो सका और उन्होंने इस समझौते में बाधा उत्पन्न कर दी।

इधर लोगों में इस बात का भी गुस्सा है कि दूदू विधायक के दबाव में पुलिस ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों को जबरन खदेड़ा और लाठीचार्ज कर उनको घायल किया। लोगों का कहना है कि हमने मोखमपुरा तक पहुंचकर दूदू विधायक को यह बता दिया है कि सांभर फुलेरा क्षेत्र के लोगों ने अपनी मां का दूध पिया है।

**चौमूं/कालाडेरा संवाददाता के अनुसार :-** सांभर व फुलेरा को जिला बनाने को लेकर चल रहे मोखमपुरा महापड़ाव से रविवार रात्री को प्रशासन के आला अधिकारियों की मौजूदगी में विद्याधर सिंह चौधरी व डीडी कुमावत को प्रशासन ने शांतिभंग 151 में कालाडेरा थाने लेकर पहुंचे। देर रात्रि को दोनों नेताओं को जमानत पर छोड़ दिया।

# सांचोर थाने की हवालात तोड़कर दुष्कर्म का आरोपी फरार

## मामले की गंभीरता को देखते हुए दो पुलिसकर्मी निलम्बित



आरोपी मदन कुमार।

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के सांचोर पुलिस थाना की नाकामी के चलते रविवार अल सुबहह तीन बजे दुष्कर्म का आरोपी थाने की हवालत की जाली तोड़कर फरार हो गया। इस घटना को लेकर एसपी जालोर ने तुरंत प्रभाव दो पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया।

सांचोर पुलिस ने दो दिन पूर्व पाली जिले से दुष्कर्म के आरोपी मदन कुमार पुत्र कृष्ण कुमार मेघवाल निवासी पुर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के दुष्कर्म करने के आरोपी मदन कुमार को पाली से गिरफ्तार कर सांचोर लाया गया था। तथा कडी पुछताछ करने के बाद सोमवार को उसे न्यायालय में पेश करना था। लेकिन उससे पहले ही रविवार अलसुबह थाने की हवालत की जाली तोड़कर थाने में खुला घूमते हुए थाने से पीछे की गैलेरी की सिमेंट की जाली तोड़कर थाने की दीवार फांदकर फरार हो गया। ड्यूटी कर रहे पुलिस कार्मिकों की जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने आला अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों के हाथ पांव फूल गये तथा दुष्कर्म के आरोपी की तलाश शुरू की। लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा।

पुलिस अधीक्षक जालोर मोनिका सैन ने बताया कि सांचोर पुलिस थाने की हवालत की जाली तोड़कर बलात्कार का आरोपी फरार हुआ है। जिसकी तलाश के लिए सात टीमों का गठन किया गया है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए सांचोर थाने के डीओ डयूटी कर हैड कॉनिस्टेबल कमलेश कुमार राव व पहरेदार हनुमानाराम चौधरी को तुरंत प्रभाव से निलम्बित किया गया है। आरोपी को जल्द पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## हादसे में महिला की मौत, पुत्र घायल

**उदयपुर, (निसं)।** प्रतापनगर थाना क्षैत्र में कंटेनर की टक्कर से महिला की मौत हो गई तथा पुत्र घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर में प्रतापनगर थाना क्षैत्र देबारी पुलिया आगे दाखा खेड़ा कट पर कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विजनवास घासा निवासी लीला देवी (52) पत्नी ओमप्रकाश खटीक तथा उसका पुत्र घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां लीला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल अमरसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि लीला अपने पुत्र के साथ बाईक पर बैठ कर अपने घर से जिंक की तरफ रिश्तेदार के यहां आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में जा रही थी। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

# अधेड़ की मौत, व्यापारी पर मारपीट का आरोप

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर के गांधी पार्क के पास टाईकोन मोबाइल की दुकान पर रविवार की शाम को एक अधेड़ की हुई मौत के बाद मृतक के भाई ने मोबाइल व्यापारी पर मृतक ओमप्रकाश के साथ मारपीट करने से मौत होने का आरोप लगा थाना पुलिस को रिपोर्ट दी।

अधेड़ ओमप्रकाश राव निवासी रैती मौहल्ला मालपुरा की हुई रहस्यममय मौत की सूचना के बाद एएसपी राकेश कुमार बैरवा व थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह राठौड़ मय जाप्ते के अस्पताल पहुंचे। जहां मृतक के भाई सीताराम व अन्य ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश राव ने टाईकोन मोबाइल की दुकान से एक कूलर लिया था। जिसका भुगतान वो किस्तों में कर रहा था। भुगतान पेटे 300 रूपये बकाया होने पर दुकान मालिक व उसके कार्मिकों ने रविवार को ओमप्रकाश को दुकान बुला दुकान के पिछवाड़े गोदाम में ओमप्रकाश के साथ जमकर मारपीट की जिससे अंदरूनी चोटें लगने पर वो अचेत हो गया। घबराये व्यापारी ने कार्मिकों के साथ अचेतावस्था में ओमप्रकाश राव को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवा मौके से फरार हो गये। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर अचेत ओमप्रकाश को मृत घोषित किया। भाई सीताराम ने लिखित में थाना पुलिस को ओमप्रकाश के साथ मारपीट करने से ही मौत होना बताते हुए थाना पुलिस को नामजद रिपोर्ट दी। देर शाम तक परिजन व्यापारी को अस्पताल बुलाने व कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। जिसके चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया।

# जेल कर्मचारियों की भूख हड़ताल जारी

**जोधपुर, (कासं)।** सेंट्रल जेल सहित राजस्थान की 100 जेलों के कर्मचारी पिछले 5 दिन से भूखे रह कर आंदोलन कर रहे हैं। अब तक 25 जेल प्रहरी अस्पताल पहुंच चुके हैं जबकि राजस्थान में यह आंकड़ा 300 से भी ज्यादा है। जेलकार्मिकों का मैस बहिष्कार रविवार भी जारी रहा। मात्र पानी के भरोसे ड्यूटी कर रहे 25 जेल कर्मियों की तबियत बिगड़ चुकी है। पुलिसकर्मियों के समान वेतनमान की मांग को लेकर इस साल जेल प्रहरी दूसरी बार आंदोलन पर उतरे हैं।

पहले 7 दिन तक जेल में ही काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन किया और उसके बाद अब पिछले 5 दिन से मैस का बहिष्कार कर सिर्फ पानी पीकर अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। जेलकर्मियों की तबीयत बिगड़ रही है और अब तक 25 से ज्यादा जोधपुर सेंट्रल जेल के कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जेल प्रहरियों का कहना है कि भले ही पूरे स्टाफ को अस्पताल में भर्ती करवाना पड़े लेकिन वे अपना आंदोलन जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मान लेती जारी रखेंगे। राजस्थान के 100 जेलों के कर्मचारी आंदोलन में शामिल है।

## उदयपुर में बीस जेल प्रहरियों की हालत बिगड़ी

**उदयपुर, (निसं)।** वेतन विसंगतियों को लेकर स्थानीय जेल के बाहर धरना दे रहे बीस जेल प्रहरियों की हालत रविवार को बिगड़ गई जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वैतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर 21 जून से उदयपुर केन्द्रीय कारागृह के बाहर प्रदर्शन कर रहे जेल प्रहरियों में से 20 जेल प्रहरियों की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

सभी जेल प्रहरी मैस बहिष्कार कर अपनी मांगों को लेकर आदोलन कर रहे हैं। इधर उपकारापाल उकार लाल जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधी मंडल ने अपनी मांगों को लेकर उदयपुर के पूर्व सांसाद रघुवीरसिंह मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर विसंगति दूर कराने की मांग की तथा उदयपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री से संपर्क करवा उक्त आदोलन को खत्म कराने की बात कही।

# झमाझम बारिश से कोटा की कई बस्तियों में पानी भरा

## निगम उपायुक्त का कहना है कि जलभराव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के लिए कंट्रोल रूम खोल दिया है



कोटा में बरसात के कारण कई इलाकों में पानी भर गया।

**कोटा, (निसं)।** संभाग में बीती रात से ही झमाझम बारिश का क्रम शुरू हो गया है। इसके चलते कई निचली बस्तियों में पानी भर गया। पहली बारिश में ही इन कॉलोनियों की पोल खुल गई है वहां पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। कोटा शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाके में भी बिजली तंत्र पहली बारिश में ही ध्वस्त जैसा नजर आया।

जानकारी के अनुसार बजरंग नगर इलाके में भी 3 से 4 घंटे तक बिजली रात को गुल रही। इसके अलावा शहर के थेकड़ा के जयश्री विहार में भी रात को बिजली गुल हुई जिसके बाद वापस ही नहीं आई है। ऐसे ही हालात बारां जिले में भी बने हुए हैं। बारां शहर की बिजली आती-जाती रही। दूसरी तरफ कई गांवों की बिजली भी देर रात से गुल है जो अभी तक बहाल नहीं हो पाई है। बजरंग नगर त्रिवेणी आवास निवासी राजेंद्र यादव का कहना है कि आधे घंटे की बारिश में ही उनके यहां पर बिजली गायब हो गई जो चार घंटे बाद वापस आई। कोटा नगर निगम के उपायुक्त गजेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने जलभराव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के लिए कंट्रोल रूम खोल दिया है। जहां पर आम व्यक्ति फोन कर तुरंत सूचना दे सकता है।

**जोधपुर संवाददाता के अनुसार:-** शहर में बीती रात करीब आधा घंटे तक बादल जमकर बरसे। मानसून एक्टिव होने से पहले बारिश का दौर जोधपुर सहित राजस्थान के कई हिस्सों में शुरू हो चुका है। मूसलाधार बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा। जोधपुर शहर में देर रात करीब तीन बजे अचानक से मौसम बदला और मूसलाधार बारिश हुई। कई लोग गहरी नींद में थे तो उन्हें सुबह सड़कों पर और छत पर पानी भरा देखकर भी इस बात का एहसास हुआ। बिपरजॉय तूफान के बाद जोधपुर शहर में यह पहली बारिश है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार तीन-चार दिन बाद एक बार फिर से तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। इन दिनों लोगों को मौसम में बढ़ी नमी ने परेशान कर रखा है। तापमान अधिकतम 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है।

**जालोर संवाददाता के अनुसार:-** जालोर में गत कुछ दिन पूर्व चक्रवाती तूफान से बाढ़ के हालात बनने के बाद रविवार को एक बार फिर बारिश से दस्तक दी। शाम को झमाझम बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। जालोर में बिपरजॉय तूफान के बाद रविवार को आसमान में बादल छाने के साथ झमाझम बारिश होने से कुछ स समय में चहूंओर पानी ही पानी नजर आने लगा। मूसलाधार बारिश से गत दिन बाढ़ से सड़कों पर खड्डे पड़ जाने से उन खड्डों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## अलवर में बारिश होने से मिली राहत

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में कई दिनों की उमस व तेजी गर्मी से रविवार सुबह राहत मिली। जिले में घने बादल छाए और बारिश शुरू हो गई। करीब दो घंटे से अधिक समय तक हल्की बारिश हुई। कुछ जगहों पर बारिश थोड़ा तेज भी थी। जिसके कारण तापमान कई डिग्री सेल्सियस कम हुआ है। वहीं उमस से बड़ी राहत मिली है। जिले भर में इस बार जून माह की शुरुआत में ही बाजरे की बुआई कर दी गई थी। अब कई जगहों पर बाजरा अच्छा है, काफी बड़ा हो चुका है। कुछ जगहों पर फसल छोटी है। कुछ ऐसे स्थान भी हैं जहां अभी बुआई जारी है, इन सब जगहों पर बारिश फायदा करेगी। इस बार उम्मीद है कि बांध व तालाब जल्दी भर जाएंगे। असल में भीषण गर्मी के दिनों में भी बीच-बीच में बारिश होती रही है। इस कारण अधिक गर्मी नहीं पड़ी। पिछले पांच से 7 दिनों से जरूर उमस भरी गर्मी का असर अधिक रहा है। अब तापमान कई डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है।

# श्योपुरा घटना के विरोध में सोमवार को चिड़ावा बंद रहेगा

**चिड़ावा, (निसं)।** श्योपुरा में मारपीट के बाद नाबालिग के अपहरण की घटना के विरोध में चिड़ावा शहर सोमवार को बंद रहेगा। इसको लेकर चिड़ावा थाने के सामने धरने पर बैठे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने व्यापार मंडलों के अध्यक्षों से मुलाकात की।

भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, पंकज धनखड़, ओजटू सरपंच विनोद डांगी, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाला और ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने सबसे पहले श्री गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी से मुलाकात की और घटना के बारे में जानकारी देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और नाबालिग बच्ची की बरामदगी ना होने पर चिड़ावा बाजार बंद रखने में व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा की। जिस पर उन्होंने बाजार बंद रखने पर सहमति देते हुए सभी व्यापार मंडलों से मिलकर सामूहिक बंद रखने का निर्णय लिया। इसके बाद सभी प्रतिनिधियों ने हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रिक एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र धनखड़, कपड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी, मिठाई विक्रेता संघ अध्यक्ष शीशराम हलवाई सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों से मिलकर बंद में सहयोग मांगा। भाजपा नेता राजेश दहिया ने बताया कि गुरुवार रात से लेकर अब तक पुलिस केवल आश्वासन दे रही है। अपराधी अब तक पकड़ में नहीं आए। पुलिस ने रविवार तक का वक्त मांगा था। ऐसे में सोमवार को अगर अपराधी ना पकड़े गए और नाबालिग बच्ची को दस्तयाब नहीं किया गया तो आंदोलनात्मक रुख अपनाया जाएगा। जिसके तहत सोमवार को चिड़ावा बंद का फैसला किया है। जिसका सभी व्यापार मंडलों ने समर्थन किया है।

## नाबालिग के अपहरण के मामले में पुलिस के हाथ खाली

■ महिलाएं भी विरोध में उतरी

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा शहर के निकट श्योपुरा में मारपीट और नाबालिग के अपहरण के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। हालांकि पुलिस लगातार बदमाशों का पीछा कर रही है। हरियाणा, दिल्ली, यूपी में बदमाशों की लोकेशन पर पुलिस रेड मार रही है। संबंधित सभी राज्यों की पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। इधर मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को काफी महिलाएं भी थाने के सामने धरना स्थल पर पहुंची और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं का कहना है कि जब घर में ही सुरक्षित नहीं है तो इस स्थिति में बच्चियों को स्कूल में भी सुरक्षा कैसे मिलेगी। पूरे गांव में दहशत है। महिलाओं ने जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब करने की मांग पुलिस से की है। वहीं नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने भी फोन पर पीड़ित और ग्रामीणों से बात की और आश्वासन दिया कि भाजपा इस मामले को प्रदेश स्तर पर उठाएगी और पुलिस पर दबाव बनाएगी। उन्होंने मामले को लेकर डीजी से बात करने का भी आश्वासन दिया। पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल ने राठौड़ से बात करवाने के बाद सीआई रणजीत सेवदा से मुलाकात की और बताया कि पुलिस अपने स्तर पर पूरे प्रयास कर रही है और आरोपियों ने नजदीक है जल्द ही आरोपी पकड़ में होंगे।

# अजमेर के कई इलाकों के जलमग्न होने के लिए प्रशासन और राज्य सरकार जिम्मेदार : देवनानी

## 'ब्रह्मपुरी नाले की मरम्मत के लिए स्वीकृत 19 करोड़ कहां खर्च हुए इसकी जांच हो'



विधायक वासुदेव देवनानी ने अजमेर के कई इलाकों का दौरा किया।

■ विधायक वासुदेव देवनानी ने प्रभावित ब्रह्मपुरी और काला बाग इलाके का दौरा किया

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने जिला प्रशासन पर बिना किसी पूर्व तैयारी और बंदोबस्त के आनासागर झील के चैनल गेट खोलकर ब्रह्मपुरी और आसपास के इलाकों को पानी में डुबाने का आरोप लगाया है। देवनानी ने रविवार को प्रभावित ब्रह्मपुरी और काला बाग इलाके का दौरा किया और वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं और लापरवाही को देखा। देवनानी ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी।

देवनानी ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनी जा रही हैं। जनता सड़कों पर हैं और अधिकारी जनता द्वारा समस्याओं को लेकर किए जा रहे फोन नो रिप्लाई कर रहे हैं। देवनानी ने कहा कि ब्रह्मपुरी के लोगो ने शनिवार की पूरी रात पानी के खौफ में जागकर बिताई है जिसके लिए प्रशासनिक असक्षमता जिम्मेदार है। देवनानी ने कहा कि शनिवार शाम आनासागर झील के पानी की निकासी को बढ़ाने का फैसला लेते हुए प्रशासन ने जिस तरह से बिना किसी पूर्व तैयारी के एकदम से मिट्टी के कट्टे लगाकर बजरंगढ़ से लेकर महावीर सर्कल तक के रास्ते को बंद किया और बाद में पानी निकासी से ब्रह्मपुरी की कई गलियों में घुटने तक का पानी आ गया वो प्रशासन की नासमझी और जल्दबाजी में लिए गए फैसले का प्रतीक है।

देवनानी ने ब्रह्मपुरी नाले की मरम्मत के लिए स्वीकृत 19 करोड़ रुपए की राशि के उपयोग पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि नाले की मरम्मत नहीं की गई तो वो पैसा कहां खर्च हुआ इसकी भी जांच होनी चाहिए। अधिकारी जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं और जनता को अपने हाल पर छोड़ रखा है। आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारी फोन नहीं रिसीव करते हैं। ब्रह्मपुरी नाले की सफाई का काम ही शुरू नही किया गया जिसके चलते आज यह हालत हुए हैं। देवनानी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत मिले बजट का पैसा कहां खर्च हुआ इसकी पड़ताल की जानी चाहिए। मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के बावजूद भी जिला प्रशासन नहीं चेता और जगह-जगह से क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत और सफाई नहीं हुई जिसके कारण मिट्टी के कट्टे लगाकर पानी के कटाव को रोकने की नाकाम कोशिश की गई। देवनानी ने जिला प्रशासन को आपदा राहत में पूरी तरह से नाकाम बताते हुए कहा कि सिर्फ रास्ता रोककर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री नही कर सकता। ब्रह्मपुरी में पैदा हुए हालातो को लेकर वे कलेक्टर से फोन पर बात कर हालात से अवगत करवाया। देवनानी ने मौके पर निगम आयुक्त सुशील कुमार से फोन पर बात कर सफाई और फोगिंग करने को कहा। इस पूरे मामले को विधानसभा में भी उठाएंगे और जनता को राहत पहुंचाने के लिए जो भी मुमकिन कदम होगा उसको उठाया जायेगा।

इस दौरान पूर्व भाजपा शहर जिला अध्यक्ष अरविंद यादव, राजेश शर्मा, रोहित यादव, गजेंद्र गहलोत आदि भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी सहभागी बने।

## संक्षिप्त

### युवक का नहीं लगा सुराग

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना क्षेत्र के टोरडी गांव निवासी एक युवक शनिवार की शाम घर से निकला जिसका रविवार की शाम तक भी कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिजनों ने बताया कि शुभम जैन पुत्र नवल किशोर जैन उम्र 20 निवासी टोरडी जो कि 23 जून की शाम को घर से निकला था। जिसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों द्वारा मोबाईल पर सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन मोबाईल बंद होने से कोई सम्पर्क व जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की।

### 42 किलो डोडा के साथ युवक पकड़ा

**टोंक/निवाई, (निसं)।** पीपलू थाना क्षेत्र में दौराने गस्त एक बोलेरो वाहन को संदेहजनक स्थिति में जाते देख पुलिस ने एक युवक को 42 किलो डोडा चूरा के साथ हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि 24 जून शाम जब वो क्षेत्र में गस्त पर थे, उसी दौरान सामने से आ रही एक बोलेरो ने पुलिस वाहक ने देखकर अपना रास्ता बदला दिया जिस पर संदेह होने पर वाहन को रोककर जब पूछताछ की गई तो वाहन की तलाशी में 42 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ।

### पंजाबी समाज का शपथ ग्रहण समारोह

**अलवर, (निसं)।** खैरथल पंजाबी भवन में पंजाबी समाज का शपथ ग्रहण समारोह धूम धाम से संपन्न हुआ। समाज के सचिव व प्रवक्ता पंकज खुराना ने बताया मुखी गोविंद राम सोनी अरोड के सानिध्य में कार्य करणी की घोषणा की गई जिसमें कपिल शर्मा को अध्यक्ष, पंकज खुराना को सचिव व प्रवक्ता कोषाध्यक्ष कश्मीरी लाल छाबडा व गौरव वासुदेव व अन्य समाज के लोगों को कई पदों से सुशोभित किया गया।

### पांच हजार बच्चों ने गटकी दो बूंद

**मालपुरा, (निसं)।** पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत रविवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉ. जीतराम मीणा, डॉ.श्याम सुन्दर बैरवा व अभियान प्रभारी मोहम्मद इफतेकार ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला अभियान का शुभारम्भ किया। प्रभारी ने बताया कि 21 पोलियो बूथ बनाये गये।

# टोल कर्मियों के दुर्व्यवहार के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन



खैरथल की आबादी के बीचों-बीच टोल नाके पर किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

**खैरथल, (निसं)।** कोटपुतली-भिवाडी सड़क मार्ग पर खैरथल की आबादी के बीचों-बीच टोल नाकों पर अवैध वसूली व टोलकर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए रविवार को किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश किसान एवं खेती मोर्चा कांग्रेस के महासचिव व बेरोजगार संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट वीरनारायण यादव के नेतृत्व में रविवार

- टोल नाकों की दस किलोमीटर की परिधि में किसानों व निजी वाहनों से टोल टैक्स वसूलने पर रोक की मांग

को किये गये विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों किसान व युवक शामिल हुए। एडवोकेट वीरनारायण यादव ने बताया कि खैरथल की मंडी यार्ड में कृषि जिंस लाने वाले किसानों एवं अन्य वाहन चालकों, निजी वाहनों के साथ टोलकर्मियों एवं ठेकेदार द्वारा दुर्व्यवहार एवं मनमानी करने की मिल रही शिकायतों पर यह प्रदर्शन किया गया है और इसे लेकर वे जिला कलेक्टर व राज्य सरकार का ध्यानाकर्षण कर बात करेंगे ताकि इस समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि टोल नाकों की दस किलोमीटर की परिधि में किसानों व निजी वाहनों से टोल टैक्स वसूलने पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। इस अवसर पर किसानों व युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के अलावा निजी वाहनों के लोग भी शामिल रहे। एडवोकेट वीरनारायण यादव के नेतृत्व हुए प्रदर्शन में महेंद्र मास्टर, हरज्ञान गुर्जर,विनय कुमार, रोहित कुमार, राहुल नूरनगर,मनीष नांगल मौजिया, रामसिंह नूरनगर, गोबिंद, मोहनलाल, सतपाल, आदि मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना इलाके के बागरियावास गांव बस स्टैंड के पास रविवार शाम को कार व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बागोरी की ढाणी थोई निवासी राहुल सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों के आने के बाद सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

बताया जा रहा है कि राहुल थोई से श्रीमाधोपुर की ओर आ रहा था कि तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक परिवार में इकलौता पुत्र था। मृतक युवक की दो बहनें है, जिनकी शादियां हो चुकी हैं। मृतक युवक शादीशुदा है, और पत्नी बीएड की तैयारी कर रही है। मृतक के दो बेटियां है, जो प्रथम और सैकंड क्लास में पढ रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक राहुल के पिता ओमप्रकाश सैनी बैंगलौर में एयरफोर्स में मैकेनिक थे और रिटायरमेंट के बाद कपड़े की दुकान के लिए कपड़ा खरीदने के लिए मुंबई गया हुआ था तभी मेट्रो ट्रेन में पैर फिसलने से दुर्घटना में मौत हो गई थी ।

## सार-समाचार

### चेयरमैन ने बच्चों को पोलियो दवा पिलाई



**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित मातृ शिशु कल्याण केंद्र में नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र द्वारा नवजात बालक को दवा पिलाकर पल्स पोलियो महाअभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका चेयरमैन मिश्र ने कहा कि आज प्रदेश सहित देश पोलियो मुक्त होने में सफलता हासिल की है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे उनके नवजात को समय पर अगर पल्स पोलियो की दवा पिलाएं। राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के प्रथम दिन राजकीय जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र लालसोट पर नगर लालसोट की चेयरमैन मिश्रा द्वारा दो बूंद पोलियो की पिलाकर पल्स पोलियो महा अभियान का शुभारंभ के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय पामेचा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीति श्रीवास्तव डॉक्टर साक्षी कुमावत बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर टीकमचंद कुमावत डॉ आशीष शर्मा डॉक्टर अक्षय शर्मा तथा नर्सिंग अधिकारी दुर्गेश अग्रवाल शकुंतला शर्मा रमा शर्मा सुनीता चौधरी सीमा मीणा क्रांति वर्मा एवं रोहित पंसारी आदि उपस्थित थे।

### विज्ञाश्री माताजी का मंगल प्रवेश

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ का णमोकार महिला जयधोष की धुनों पर रविवार को गांव गुन्सी स्थित सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ पर मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आर्यिका माताजी संघ रविवार को सुबह निवाई से पद विहार कर नसियां जैन मंदिर, राधादामोदर सर्किल, जयपुर रोड से मूंडिया गांव होते हुए गाजेबाजे से सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ गुंसी में मंगल प्रवेश किया। मुख्य द्वार पर सुनील भाणजा, महावीरप्रसाद छाबडा, नरेश बडागांव, अरविन्द जैन, जितेन्द्र जैन, हितेश छाबडा, मनोज जैन, मुकेश बनेठा, विमल सोगानी, दिनेश सोगानी, लालचंद कठमाणा, धर्मचंद नेहरु, कोमल जैन, कविता भाणजा, उर्मिला सोगानी एवं णमोकार जयधोष की महिलाओं ने मिलकर बेन्डबाजे के साथ समाज बंधुओं ने आर्यिका माताजी की पादप्रक्षालन व आरती करके भव्य अगुवानी की। इस अवसर पर चाकसू एवं जयपुर से आए समाज के श्रद्धालुओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के ग्राम गुड़लिया में स्थित खेल मैदान में रविवार को गुड़लिया प्रीमियम लीग 2023 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन हुआ। कांग्रेस कमेटी की पीसीसी सचिव डॉ शिखा मील बराला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डॉ मील ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को खेलने से खिलाड़ियों का मानसिक व शारीरिक विकास संभव है। कार्यक्रम में फाइनल मैच ग्राम पंचायत आष्टीकला की टीम और ग्राम छोटा गुडा के बीच खेला गया जिसमें आष्टीकला की टीम विजेता रही विजेता टीम ग्राम आष्टीकला टीम के कप्तान कुलदीप नाथावत एवं कप्तान सूर्यप्रकाश सिंह नाथावत को 5100 रुपयों का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मैन ऑफ द मैच का किताब देवेन्द्र सैनी एवं बेस्ट बॉलर का किताब सुरेन्द्र सिंह ने जीता। इस मौके पर मूल सिंह, रिंकू मीणा, प्रह्लाद, सुभाष, विक्रम यादव, अंशु, गज्जू, राधे सिंह, मयंक शर्मा, ज्ञान सिंह, राकेश कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### खाली प्लॉट में युवक का शव मिला

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के जयपुर कोटा मार्ग पर सड़क किनारे एक प्लॉट में 25 जून को सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ है। थानाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मृतक के सम्बन्ध में जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर डीएसपी सलेह मोहम्मद एवं सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। मृतक के पास इंजेक्शन सिरिंज भी प्राप्त हुई, जिसके चलते साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। मृतक की हालत बता रही थी वह नशे का आदि है, और उसके मुंह से झाग आ रहे थे। क्षेत्रवासियों ने मृतक के शव की शिनाक्त करते हुए बताया कि मृतक का नाम लाल पुत्र मुन्ना यादव उम्र 18 वर्ष निवासी धन्नातलाई है। कुछ समय बाद मृतक की मां भी मौके पर पहुंची, शव को डॉक्टरों द्वारा मृतक घोषित किये जाने के बाद मौर्चरी में रखवाया गया तथा बाद में परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

### हथियार सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध हथियारों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पुलिस ने एक देशी कट्टे व चार जिंदा कारतुस सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएचओ मांगे लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर थाना पुलिस ने अभियुक्त शक्तिमान (22) पुत्र जयराम गुर्जर निवासी ग्राम गोपीपुरा, कोटपूतली को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक देशी कट्टा व चार जिंदा कारतुस बरामद किये है। इस सम्बंध में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियुक्त से अवैध हथियार के क्रय-विक्रय के सम्बंध में पुछताछ की जा रही है।

### शिवभक्त गंगोत्री के लिए रवाना

**पावटा, (निसं)।** महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा भूत नाथ जोहड़ा धाम पावटा के तत्वावधान में शिवभक्तों का गंगोत्री व हरिद्वार जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसके तहत शनिवार शाम कांवडियो का एक जत्था यात्रा के लिए पावटा से गंगोत्री के लिए रवाना हुआ। इस दौरान हर-हर, बम-बम, जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। शनिवार को बाबा भूतनाथ जोहडा धाम कमेटी पावटा का जत्था बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में एकत्रित हुआ। जहां पूजा-अर्चना के पश्चात कावड प्रभारी मामराज स्वामी, जमन राठी, गंगाधर मीणा व धर्मेंद्र बटवाल के नेतृत्व में शिवभक्त यात्रा के लिए गंगोत्री के लिए रवाना हुए।

## भाजपा का प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र बहरोड़ का प्रबुद्ध जन सम्मेलन नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित क्षेत्र के राठ इंटरनेशनल स्कूल जो कि बहरोड़ से नीमराणा के बीच में है मुख्य अतिथि सोमकांत शर्मा प्रदेश संयोजक विशेष संपर्क प्रकोष्ठ राजस्थान के पहुंचने पर भारत माता एवं पार्टी संस्थापकों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से शुरुआत करते किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सोमकांत शर्मा प्रदेश संयोजक विशेष संपर्क प्रकोष्ठ राजस्थान के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेने का आव्हान करते हुए 1980 में 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक संगठन की स्थापना की बात करते दो सीटों से आरंभ हुई भारतीय जनता पार्टी के आज एक विशाल वृक्ष के रूप में स्थापित होने की बात करते कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल कर चुकी है।

वहीं कार्यक्रम में नीमराना के पूर्व प्रधान एवं जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में मजबूती से संगठित होकर प्रदेश

- मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलने का आव्हान

में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों एवं कार्यकर्ताओं का आ ान करने पर सभी के द्वारा एक स्वर में हाथ उठाकर समर्थन किया गया। इस दौरान अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष उमेद सिंह भाया, रोहिताश यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, देवी सिंह शेखावत पूर्व यूआईटी चेयरमैन एवं सुरेश यादव वरिष्ठ भाजपा नेता तथा जिला उपाध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला उपाध्यक्ष शिवचरण यादव, जिला उपाध्यक्ष हर्ष यादव, जिला मंत्री एवं जलेसिंह रावत ओबीसी, मोहित यादव, देवेंद्र यादव पूर्व जिला मंत्री, कपिल वैद्य, रमेश रावत पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, मंडल अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान, राकेश सिंह चौहान, विजय सांवरिया, संजय मीर बहरोड़, संदीप रावत युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, पूर्व सरपंच राम सिंह यादव, रमेश यादव, राजाराम यादव एवं बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों सहित पार्टी कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रथम दिन 17540 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली में दो दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान का आगाज रविवार को किया गया।

कोटपूतली-बहरोड़ जिले की ओएसडी शुभम चौधरी व बीसीएमओ डॉ. बिजेय यादव ने कस्बे के नागाजी की गौर स्थित यूपीएचसी पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। बीसीएमओ डॉ. बिजेय यादव ने बताया कि प्रथम दिन रविवार को 420 बूथों पर 17540 बच्चों को दवा पिलाई गई। वहीं 840 टीकाकर्मियों, 15 ट्रांजिट टीम, 61 मोबाईल टीम व 54 सुपरवाईजरों द्वारा दो दिनों में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 42563 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को छूटे हुये बच्चों को घर-घर जाकर टीमों द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जावेगी। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि बीसीएमओ डॉ. बिजेय यादव द्वारा सभी जोनल अधिकारियों को हाईरिस्क क्षेत्र को शत-प्रतिशत कवर करने के निर्देश दिये गये है। कस्बे के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में



कोटपुतली में 420 बूथों पर 17540 बच्चों को दवा पिलाई गई।

सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रभारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत, डॉ. दिलीप कुमार पंवार समेत स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन इकाई कोटपूतली सीमेंट वर्क्स के ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे ने आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल मोहनपुरा में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का आगाज किया।

# मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**टोंक, (निसं)।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) का 58वां पुण्य स्मृति दिवस रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान दिसव के रूप में मनाया।

सेवा केंद्र में आयोजित पुष्पांजली कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी कहा कि मातेश्वरी मम्मा सदा अंतर्मुखी रहती थीं। मम्मा हमेशा कहती थीं कि सदा दो मंत्र याद रखो- एक हर घड़ी अंतिम घड़ी है। दूसरा हुक्मी हुक्म चला रहा है। इन्हीं मंत्रों से सहज नष्टोमोहा स्मृति स्वरूप हो जाएंगे। इससे ही शिव बाबा और ब्रह्मा बाबा की आशाओं को पूरी कर सकेंगे। मम्मा बचपन से ही तपस्वी, और दिव्य बुद्धि की धनी थीं।

- पुण्य स्मृति दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान दिसव के रूप में मनाया

उनके सामने कैसी भी परिस्थिति आई लेकिन वह कभी विचलित नहीं हुईं। उन्होंने कठिन योग-साधना से स्वयं को इतना शक्तिशाली बना लिया था कि कैसा भी क्रोधी व्यक्ति उनके सामने आता था तो वह शांत हो जाता था। वह रात में 2 बजे से योग-साधना करती थीं। सदा हां जी का पाठ पढ़ा।

उन्होंने कहा कि मम्मा का जीवन हम ब्रह्मा वत्सों के लिए प्रेरणादायी, पथप्रदर्शक और ईश्वरीय मार्ग पर चलने के लिए एक मिसाल है। मम्मा ने अल्पायु में ही कठिन योग साधना से संपूर्णता की स्थिति बना ली थी। आज उनके बताए मार्ग पर चलकर लाखों ब्रह्माकुमार भाई-बहन अपना जीवन श्रेष्ठ बनाने के मार्ग पर अग्रसर हैं। सुबह मम्मा की याद में सबसे पहले भोग लगाया गया और पुष्पांजलि दी।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी, ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी, ब्रह्माकुमार पांचू भाई, ब्रह्माकुमार प्रहलाद भाई एवं ओमप्रकाश गुप्ता जी सहित संस्थान से जुड़े टोंक शहर व आसपास के डालडा हिंद, कचोलिया, तारण के सदस्यों ने मातेश्वरी जगदंबा को पुष्पांजलि दी।

### होम्योपैथिक शिविर में 67 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथी कैंप का 408 वां शिविर रोटरी भवन में आयोजित किया गया, जिसमें 67 मरीजों ने लाभ उठाया।

रोटरी क्लब क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के गिरिराज कयाल के अनुसार क्लब की ओर से अब तक आयोजित 407 पाक्षिक कैंपो में 45 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है। क्लब की ओर से इस तरह के शिविर मांह में हर दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है, इनमें डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया, तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां निशुल्क दी गई।

## खटवा रोड पर नाली निर्माण की मांग

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय के खटवा रोड स्थित गणपति नगर कोली कोठी चौराहा गौरव पथ मुख्य मार्ग कबीर कॉलोनी आदि के लोगों का खटवा रोड पर जलजमाव एवं कीचड़ जमा होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है।


कई जगह सड़क के दोनों तरफ नाले नहीं बने होने के कारण पानी एवं कीचड़ मार्ग पर बह रहा है। सड़क की ऊंचाई नहीं होने के कारण जहां नाला बना है वहां कई लोग फिसल कर गिर जाते हैं गड्ढे होने के कारण उसमें गिरकर घायल एवं चोटिल हो जाते हैं। प्रतिदिन इस मार्ग से स्कूल एवं कॉलेज के सैकड़ों राहगीरों का आवागमन होता है। सड़क के पास से दीवार पर चढ़कर लोगों को आना जाना पड़ता है। इस मार्ग से खटवा, देवली, खेडली, मिर्जापुरा, लालपुरा अनेक पंचायत के लोगों का आवागमन बना रहता है। गौरव पथ कोली कोठी से नगर के वार्ड नंबर 6, 7, 8 ,9, 17, 18, 19 आदि गौरव पथ से कोली कोठी, खटवा रोड, पंचायत समिति लालसोट को जोड़ता है। दिन भर हजारों लोगों एवं वाहनों का आवागमन रहता है। पानी निकासी की नालियां कीचड़ कचरे से अवरुद्ध रहने तथा कोली कोठी से आगे पानी निकासी नहीं होने स रास्ता चोक होने के कारण पानी भराव से लोगों को परेशानी हो रही है ।पानी का निकास अवरुद्ध होने के कारण लोगों ने चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगरपालिका लालसोट के अधिशासी अधिकारी से मामले में शीघ्र समस्या समाधान के लिए कार्रवाई करने की मांग की है। मुरली सैनी, कमलेश सैनी, अनेक ने सड़क के दोनों तरफ पक्के नाले बनवाने एवं पानी निकासी की मांग की है।

# मालपुरा में मेडिकल स्टोर का शटर तोड़ नगदी चुराई

**मालपुरा, (निसं)।** शनिवार की रात्री को शातिर चोरों ने मालपुरा में जामा मस्जिद आरएसी पोस्ट से महज 100 मीटर की दूरी पर पुराने अस्पताल के सामने टेमाणी मेडिकल स्टोर का शटर तोड गल्ले में रखी नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

कहने को तो अतिसंवेदनशील मालपुरा कस्बे में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे व आरएसी जवानों की पोस्टें स्थापित कर 24 घंटे गश्त व्यवस्था की जा रही है। लेकिन शातिर चोर आरएसी जवानों की मुस्तैदी व थाना पुलिस की कड़ी रात्री गश्त को ठेंगा बता एक के बाद एक चोरी की वारदाते कर रहे हैं। मेडिकल स्टोर में हुई चोरी की वारदात का पता रविवार की सवेरे घूमने निकले नागरिकों को लगने पर दुकान मालिक व थाना पुलिस को सूचना दी गई।

एएसआई रामनारायण गुर्जर ने मौका निरीक्षण कर साक्ष्य जुटा चोरों की तलाश शुरू की। घनी आबादी के बीच



पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की।

दस आरएसी जवानों की पोस्ट व गश्त के बावजूद मेडिकल स्टोर का शटर टूटने से लोगों में दहशत व्याप्त है।

वहीं डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र में 10 लाख रूपये से अधिक की नगदी व आभूषण चोरी की वारदातों का खुलासा करने में दोनों थानों की पुलिस 12 दिनों के बाद भी सफलता हासिल नहीं करने से ग्रामीणों ने पुलिस के प्रति नाराजगी बढ रही है।

डिग्गी थाना क्षेत्र के लावा ग्राम पंचायत के घासीपुरा ढाणी में चोरों ने मकान को निशाना बना नगदी व आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम

- अब तक हुर्द चोरी की वारदातों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

दे खाली बक्से व सामान खेतों में फैंक गये थे। तो लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के झाडली गांव में मकान का चैनल गेट काट तकरीबन 8 से 10 लाख रूपये के आभुषण व नगदी चुरा ले जाने के बाद पहुंची थाना पुलिस ने दोनो मकानो का मौका निरीक्षण कर मौके से साक्ष्य जुटा जल्द वारदात का खुलासा करने का दावा किया था। कमोबेस यही हाल मालपुरा थाना क्षैत्र का है।

बीते 6 माह में मालपुरा शहर में हुई चोरी की वारदातें व पैट्रोल-डीजल चोर गिरोह की बढती सक्रियता के बावजूद वारदातों पर अंकुश लगाने में तथा वारदातों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

### मंत्री जूली ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती प्रदान कर सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। मंत्री जूली ने जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय गीतानन्द शिशु चिकित्सालय परिसर में 0 से 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद जिन्दगी की पोलियों की खुराक पिलाई। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पोलियों मुक्त अभियान की बदौलत पूरे देश में इस बीमारी पर अंकुश लग पाना संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बीमारियों से बचने में जागरूकता ही सबसे बडा हथियार है। इस दौरान बेलाका के सात माह के दक्ष सहित नौनिहालों का मंत्री श्री जूली ने पोलियों की खुराक पिलाकर उनके परिजनों से अपील की कि लोगों को जागरूक करें।

# धनकड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित

**पावटा, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण अभियान से प्रेरित होकर भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता मानव सेवा सप्ताह मना रहे है।

रविवार को शिव निकेतन पब्लिक स्कूल जयसिंहपुरा में निशुल्क चिकित्सा शिविर व श्री सीताराम मंदिर छितौली में शिल्पकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर में भारी बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। इस दौरान 610 रोगियों का पंजीयन किया गया जिसमें 460 रोगियों का उपचार हुआ। मानव सेवा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने बताया कि सप्ताह भर में कार्यकर्ताओं ने मानव सेवा से जुड़े विभिन्न कार्य करने का संकल्प ले रखा है। वहीं श्री सीताराम मंदिर छितौली में शिल्पकार सम्मान समारोह के दौरान कुलदीप धनकड ने शिल्पकारों




छितौली में कुलदीप धनकड ने शिल्पकारों का सम्मान किया।

का सम्मान करते हुए कहा कि हमारे शिल्पकार दुनिया में भारत की विरासत के राजदूत और संस्कृति के प्रकाश स्तंभ है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों की शिल्पकार प्रतिभावों का समान किया गया। इस मौके पर जयसिंहपुरा सीताराम यादव, पूर्व उपसरपंच रूडमल जांगिड, उपसरपंच ओमप्रकाश यादव, रामनिवास टाइगर, जयराम यादव, कृष्ण पारीक, रोहिताश शास्त्री, सुंडाराम ऑफरिया, रामकिशोर शर्मा छितौली, मनमोहन शर्मा, रतन शर्मा, बंसीलाल वर्मा, बोदनलाल गुर्जर, रोहिताश ताखर, राव मनोज यादव, शेरसिंह, विकास सिंह, विकास यादव, विकास जांगल एडवोकेट, मूलचंद खोस्या, मुकेश सिंह बडनगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इस मैच में गेंदबाजी में गुजरात जितनी शानदार थी और हार्दिक अपनी कप्तानी से स्मार्ट दिखे, लखनऊ की टीम उतनी ही बुद्धिहीन रही।
- वेंकटेश प्रसाद

भारत के पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद, लखनऊ सुपरजाइंट्स के बारे।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **नोवाक जोकोविच**



**विश्व** के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सर्पस्का ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने हमवतन डुसान लाजोविच से हार गए। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि जोकोविच को अपने हमवतन किसी खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। लाजोविच ने शुक्रवार को खेले गए इस मैच में 6-4 7-6 (6) से जीत दर्ज करने के बाद कहा," यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। जोकोविच मेरा अच्छा दोस्त और हमारे देश का नायक है। मैंने उसे हराने के बारे में सोचा तक नहीं था लेकिन ऐसा हो गया।"

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## वर्ल्ड कप क्वालीफायर : नीदरलैंड ने नेपाल को हराया

### वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे के साथ सुपर-6 में क्वालीफाई किया, मैक्स ओडाउड ने बनाए 90 रन



हरारे, 25 जून। क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर रोमांचक हो चला है। शनिवार को जिम्बाब्वे ने वेस्टइंडीज को 33 रन से हराया। वहीं ग्रुप-ए के अन्य मुकाबले में नीदरलैंड ने नेपाल को हराकर सुपर-6 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। इस हार के साथ नेपाल की टीम के साथ एलिमिनेट हो गई और ग्रुप-ए में जिम्बाब्वे, नीदरलैंड के साथ वेस्टइंडीज ने भी अगले राउंड में क्वालिफाई कर लिया।

टूर्नामेंट में रविवार को ग्रुप-बी के 2 मैच होंगे। श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ ओमान भिड़ेगी। इन मैचों के नतीजों से सुपर-6 स्टेज की 2 और टीमें तय हो सकती हैं। आगे स्टोरी में हम क्वालिफिकेशन प्रोसेस जानेंगे, लेकिन पहले जानते हैं शनिवार को क्या हुआ...

**167 ही बना सका नेपाल**

हरारे के ताकाशिंघा स्पोर्ट्स क्लब में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी नेपाल की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ही ओवर में ओपनर आसिफ शेख का विकेट गंवा दिया। वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। साथी ओपनर कुशल भुर्तेल ने भीम शर्की के साथ 46 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन 20 रन के अंदर दोनों आउट हो गए।

कुशल ने 27 और भीम ने 22 रन बनाए, इस बीच आरिफ शेख भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान रोहित पौडेल ने 33 रन बनाकर पारी संभाली, लेकिन नेपाल का कोई भी बैटर ज्यादा देर टिक नहीं सका। ज्यादातर बैटर्स सेट होने के बाद अपना विकेट दे कर चले गए और टीम 44.3 ओवर में 167 रन पर ऑलआउट हो गई। नीदरलैंड्स से वान बीक ने 4 विकेट लिए। वहीं बास डी लीड और विक्रमजीत सिंह को 2-2 विकेट मिले, क्लेटॉन फ्लॉयड और आर्यन दत्त को 1-1 विकेट मिला।

168 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नीदरलैंड को मैक्स ऑडाउड और विक्रमजीत सिंह ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 13 ओवर में 86 रन की पार्टनरशिप की। विक्रमजीत 30 रन बनाकर आउट हुए और ओपनिंग साझेदारी टूटी। वेसली बारेसी भी 3 रन बनाकर आउट हो गए।

96 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बास डी लीड ने मैक्स के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों में 62 रन की पार्टनरशिप हुई। मैक्स ऑडाउड अपने शतक के करीब थे, लेकिन 90 रन के स्कोर पर बोल्ड हो गए। उनके बाद तेजा निदामानुरु ने डी लीड के साथ कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और टीम को 28वें ओवर में जीत दिला दी।

नेपाल को हराने के साथ ही नीदरलैंट्स ने सुपर-6 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। टीम ग्रुप-ए में 4 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई। 6 पॉइंट्स के साथ जिम्बाब्वे पहले और 4 पॉइंट्स के साथ वेस्टइंडीज तीसरे नंबर पर है। वेस्टइंडीज शनिवार को ही जिम्बाब्वे के खिलाफ हार कर तीसरे स्थान पर पहुंची।

## बुमराह की वापसी को लेकर शास्त्री का बयान, कहा-

## जसप्रीत की वापसी में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, उनका हाल शाहीन अफरीदी जैसा न हो जाए



नई दिल्ली, 25 जून। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी को लेकर सेलेक्टर्स को चेतावनी दी है। शास्त्री ने कहा, बुमराह टीम इंडिया के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, लेकिन अगर आप वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए उनके साथ जल्दबाजी दिखाएंगे तो फिर आप उन्हें शाहीन अफरीदी की तरह ही अगले 4 महीने के लिए फिर से गंवा देंगे। इसलिए आपको इस बारे में काफी ध्यान से फैसला लेना होगा।

बता दें, क्रिकबज की ओर से शनिवार को एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, जिसके अनुसार बुमराह अगस्त में भारत और आयरलैंड के बीच होने वाली टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी कर सकते हैं। बुमराह यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अगले महीने कुछ मैच खेलेंगे।

भारत 18, 20 और 23 अगस्त को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, इस सीरीज से बुमराह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में खेलने की तैयारी करेंगे। सेलेक्टर्स और भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहते हैं कि बुमराह धीरे-धीरे वर्ल्ड कप के लिए फिट हों और इसके लिए वह टी-20 मैच से उनकी वापसी चाहते हैं, जिसमें एक गेंदबाज को चार ओवर ही फेंकने होते हैं। हालांकि की ओर से उनकी वापसी को लेकर अभी तक कोई पुष्टि नहीं की गई है।


बुमराह पिछले साल सितंबर से पीठ की चोट के कारण बाहर हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड में सर्जरी भी कराई थी। वह इस समय में हैं और अपनी चोट से उभर रहे हैं। इस कारण से ही वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023, 2023 और टी-20 वर्ल्ड कप 2022 का भी हिस्सा नहीं थे।

जसप्रीत बुमराह पिछले साल से टीम से बाहर हैं- जुलाई 2022: जुलाई 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के बाद बुमराह ने पीठ में समस्या की शिकायत की और तीसरा वनडे नहीं खेल सके। अगस्त 2022: चोट के कारण बुमराह एशिया कप में नहीं खेलें। सितंबर 2022: ढाई महीने की रिकवरी के बाद, बुमराह की टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका सीरीज में वापसी। सितंबर 2022: दो टी-20 में सिर्फ 6 ओवर फेंकने के बाद, बुमराह की चोट बढ़ गई, पूरी सीरीज से बाहर। अक्टूबर 2022: बुमराह टी-20 वर्ल्ड कप से भी बाहर हो गए। जनवरी 2023: श्रीलंका वनडे सीरीज के लिए नाम दिया गया था, लेकिन में पीठ में अकड़न की शिकायत के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया। फरवरी 2023: बुमराह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए। मार्च 2023: 2023 से बाहर। मार्च 2023: न्यूजीलैंड में पीठ की सर्जरी। जून 2023: सर्जरी के बाद फाइनल 2023 से बाहर।

## विश्व कप से पहले अदाणी ने लांच किया 'जीतेंगे हम' कैंपेन

अहमदाबाद, 24 जून। अदाणी समूह ने अदाणी दिवस के मौके पर 2023 क्रिकेट विश्व कप के लिये 'जीतेंगे हम' कैंपेन लांच किया है। समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को एकजुट करना और विश्व कप में 'जीतेंगे हम' के नारे के साथ उन्हें भारतीय टीम का समर्थन करने के लिये प्रेरित करना है। समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस अवसर पर कहा, हमारे देश में क्रिकेट एक आकर्षण के रूप में काम करता है और हमारी भावनाओं को जगाता है। दिग्गज कभी पैदा नहीं होते बल्कि अपने लचीलेपन और दृढ़ता से बनते हैं। भारतीय टीम में ये दोनों ही खूबियां रही होंगी जिसके कारण हमने 1983 में विश्व कप जीता। इतिहास को खुद को दोहराते हुए देखने की उम्मीद के साथ 'जीतेंगे हम' के माध्यम से विश्व कप के लिये भारतीय टीम को शुभकामनाएं दें और हमारे दिग्गजों के साथ जुड़ें।

## विमेंस एशेज : तीसरे दिन टैमी ब्यूमोंट का दोहरा शतक, इंग्लैंड 463 रन पर ऑलआउट



नई दिल्ली, 25 जून। इंग्लैंड के नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड विमेंस टीम के बीच विमेंस एशेज का टेस्ट मैच खेला जा रहा है। शनिवार को मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड ने 463 रन बनाकर अपनी पहली पारी में ऑलआउट हो गई।

इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट ने दोहरा शतक (208) लगाया। वह टीम की आखिरी बैटर के रूप में आउट हुईं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 473 रन बनाए थे, इस तरह उन्हें 10 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने बगैर नुकसान के 82 रन बना लिए। अब उनकी बढ़त 92 रन की हो चुकी है। टीम की ओपनर बेथ मूनी (33) और फीब लीचफील्ड (41) नॉटआउट लौटीं।

तीसरे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 218/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन की शुरुआत टैमी ब्यूमोंट (100) और नेट सीवर (41) ने की। इंग्लैंड को दिन का पहला झटका नेट सीवर के रूप में लगा। नेट सीवर 78 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर का शिकार बनी। गार्डनर ने उन्हें कप्तान एलिसा हिली के हाथों कैच कराया। ब्यूमोंट एक एंड पर टिकी रहीं, लेकिन दूसरे छोर पर किसी का साथ नहीं मिला। सीवर के बाद डैनी व्याट ही 44 रन की पारी खेल सकीं। उनके अलावा बाकी बैटर्स में सोफिया डंकली 9, एमी जोन्स 13, सोफी एक्लेस्टन 17 और लौरेन फिलर 11 ही रन बना सकीं।

कैट क्रॉस और लौरेन बेल अपना खाता नहीं खोल पाईं। ऑस्ट्रेलिया से एश्ले गार्डनर ने 4 विकेट लिए। उनके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा को 3 विकेट मिले, वहीं एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड और डार्सी ब्राउन को 1-1 विकेट मिला। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 328/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड 39 और अलाना किंग 7 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाईं। ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका किंग (21) के आउट होने से लगा। इसके बाद किम गर्थ 22 और डार्सी ब्राउन 5 रन बनाकर आउट हुई। एनाबेल सदरलैंड 137 रन बनाकर नाबाद लौटीं।

## सीनियर राष्ट्रीय शिविर के लिये चुने गये 39 खिलाड़ी

नयी दिल्ली, 25 जून। हॉकी इंडिया ने रविवार को बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 26 जून से 19 जुलाई तक होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 39 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। इस शिविर के समापन के बाद भारतीय टीम स्पेन के टेरासा रवाना होगी, जहां वह स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25 जुलाई से 30 जुलाई के बीच अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और नीदरलैंड का सामना करेगी। चार देशों के इस टूर्नामेंट के बाद भारत घरेलू सरज़मीन पर तीन अगस्त से शुरू होने वाली प्रतिष्ठित हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में हिस्सा लेगा। इस टूर्नामेंट में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से होगा। शिविर के लिये चुने गये कोर समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार चौहान, डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीव ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की और मंजीत शामिल हैं।

## धोनी फ्लाइट में कैंडी क्रश खेलते दिखे

### एयर होस्टेस ने चॉकलेट के साथ चिट्ठी दी, इकोनॉमी क्लास में कर रहे थे सफर



नई दिल्ली, 25 जून। पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी पत्नी साक्षी के साथ रविवार को इंडिगो की फ्लाइट में अपने टैबलेट में कैंडी क्रश खेलते नजर आए। धोनी इकोनॉमी क्लास में सफर कर रहे थे। वायरल हुए वीडियो में नजर आता है कि एयर होस्टेस धोनी के पास गई और उन्हें एक नोट (चिट्ठी) के साथ चॉकलेट भी ऑफर की। एयर होस्टेस नितिका ने ही इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया।

एयर होस्टेस ने धोनी को मिठाई और चॉकलेट की पेशकश की, धोनी ने ओमानी खजूर का एक पैकेट उठाया। ड्यूटी पर लौटने से पहले एयर होस्टेस ने उनसे बातचीत भी की। कैंडी क्रश एक पजल गेम है। इसमें 3 एक जैसी टाइल को मैच कर के आगे बढ़ना होता है। 2012 में इसे पहली बार मार्केट में लाया गया था। तब से ही बहुत लोकप्रिय है। धोनी अगला खेलते नजर आ सकते हैं। 29 मई को पांचवी बार खिताब जीतने पर धोनी ने कहा था- अगर आप मौका देखें तो रिटायरमेंट की घोषणा के लिए ये सबसे अच्छा समय है। मेरे लिए सबको धन्यवाद देते हुए रिटायर होना आसान है। जबकि 9 महीने कड़ी मेहनत करना और एक और सीजन खेलना मुश्किल काम है। ये मेरी ओर से तोहफा होगा। ये मेरी बॉडी के लिए आसान नहीं होगा। धोनी की 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी हुई थी। धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था। पारदीवाला ऋषभ पंत और टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का भी ऑपरेशन कर चुके हैं।

## क्या यशस्वी बनेंगे भारत के नए द बॉल : द्रविड़ के बाद पुजारा ने संभाली जिम्मेदारी



नई दिल्ली, 25 जून। भारत की टेस्ट क्रिकेट टीम इन दिनों उतार-चढ़ाव के दौर में है। कई अनुभवी प्लेयर्स उम्र की वजह से तो कुछ खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर हो रहे हैं। इन्हीं में से एक 35 साल के चेतेश्वर पुजारा भी रहे, जिन्हें पिछले दिनों जारी हुई वेस्टइंडीज दौरे की भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया।

पुजारा लंबे समय तक भारत की बैकबोन बने रहे, उन्होंने घरेलू और विदेश के टेस्ट में क्रीज पर लंबा समय टिकाया और रन बनाकर विपक्षी गेंदबाजों को परेशान किया। यही काम उनसे पहले राहुल द्रविड़ किया करते थे। दोनों ही नंबर-3 पर बैटिंग करते थे, अब वेस्टइंडीज दौरे पर उनकी कमी पूरी करने के लिए यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड का सिलेक्शन हुआ है।

आंकड़े, टेक्नीक और पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए लग रहा है कि यशस्वी को ही गायकवाड से पहले डेब्यू का मौका मिलेगा। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ओपनिंग पोजिशन पर टिके ही हैं, ऐसे में यशस्वी को पुजारा की जगह नंबर-3 पर बैटिंग करनी होगी।

डेब्यू से पहले ही 21 साल के यशस्वी पर द्रविड़ और पुजारा की कमी पूरी करने की जिम्मेदारी होगी। जिन्होंने भारत के लिए पिछले 28 साल में 18 हजार से ज्यादा रन बनाए और 55 सेंचुरी भी लगाईं। जायसवाल ने डोमेस्टिक क्रिकेट के पिछले 3 साल से शानदार प्रदर्शन किया है। वह मुंबई की ओर से खेलते हैं और रणजी ट्रॉफी डेब्यू छत्तीसगढ़ के खिलाफ 2019 में हुआ था। इस दौरान यशस्वी तीसरे नंबर पर ही बैटिंग करते थे। कुछ समय बाद जायसवाल ने मुंबई के लिए ओपन करना शुरू कर दिया और पिछले 2 सीजन में उन्होंने इस पोजिशन पर खूब रन बनाए।

2019-20 में जायसवाल विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे टूर्नामेंट) के टॉप-5 रन स्कोरर में शामिल रहे। उन्होंने 6 मैचों में 112.80 की औसत से 564 रन बनाए। वह लिस्ट-ए में दोहरा शतक बनाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के क्रिकेटर हैं।

यशस्वी ने 2021-22 के फर्स्ट क्लास सीजन में 83 के एवरेज से रन बनाए। उन्होंने इस साल घरेलू सीजन की शुरुआत में दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप में दोहरा शतक लगाया। जायसवाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में बतौर रिजर्व खिलाड़ी शामिल हुए थे। हालांकि, उन्हें स्क्वॉड में मौका नहीं मिला। लेकिन अब की नई साइकल में वह बतौर बैटर नंबर-3 पर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

## स्पेशल ओलंपिक में भारत के 150 पदक पूरे

बर्लिन, 25 जून। भारतीय टीम ने संक्षिप्त अंतराल के बाद बादलों से निकले चमचमाते सूरज की रोशनी के तले यहां स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल 2023 के आठवें दिन 150 पदक पूरे कर लिये हैं। भारतीय दल ने आयोजन की समाप्ति से एक दिन पहले अपना मार्च जारी रखा और शनिवार को 66 स्वर्ण, 50 रजत और 41 कांस्य सहित 157 पदक पूरे किये।

भारत के रोलर स्केटिंग एथलीटों ने आदत के अनुसार दल का नेतृत्व किया और पांच पदक (दो स्वर्ण, तीन रजत) जीते। स्वर्ण पदक विजेताओं में अरायण (300 मीटर) और दीपेन (1000 मीटर) शामिल रहे। एकल प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाने के बाद भारत ने बास्केटबॉल और वॉलीबॉल में भी स्वर्ण हासिल किये। बास्केटबॉल में भारत पूरी तरह से हावी रहा, जहां पुरुष/मिश्रित 55 बास्केटबॉल में भारत ने पुर्तगाल को 6-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 55 टीम स्वयं फाइनल में थी, लेकिन उसने स्वीडन से हारकर रजत पदक के साथ संतोष किया। वॉलीबॉल कोर्ट पर, भारत ने पुरुष/मिश्रित वॉलीबॉल में कोरिया गणराज्य को 2-0 (25-19, 25-16) से हराकर कांस्य पदक जीता।

## टेबल-टेनिस कंटेंडर के फाइनल में पहुंची भारतीय महिला जोड़ी



नई दिल्ली, 25 जून। सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी की भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्यूनिशिया के ट्यूनिस में खेली जा रही कंटेंडर (टेबल टेनिस टूर्नामेंट) के फाइनल में पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने नंबर-1 सीड शिन युबिन और जियोन जिही की कोरियाई जोड़ी को 3-2 (7-11 11-9 11-9 7-11 11-9) से हराया।

फाइनल में सुतिर्था और अयहिका की जोड़ी का सामना जापान की मियु किहारा और मिवा हारीमोटो की जोड़ी से होगा। मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में मनिका बत्रा और जी साथियान की भारतीय जोड़ी के अलावा मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल जोड़ी को अपने-अपने सेमीफाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले बत्रा और साथियन की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल ने सेड्रिक मीस्नर और युआन वान की जर्मन जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया था। मेंस सिंगल्स में अचंता सरथ कमल और साथियान पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

विमेंस सिंगल्स में भी भारत का कैंपेन समाप्त हो गया क्योंकि अयहिका मुखर्जी को राउंड 16 में जापान की मियू नागासाकी से 0-3 (5-11 9-11 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। बत्रा, श्रीजा अकुला और दीया चितले फर्स्ट राउंड से आगे बढ़ने में नाकाम रहे थे। मेंस सिंगल्स में हरमीत देसाई को शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के लियांग यानिंग के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## पश्चिम क्षेत्र के लिये दलीप ट्रॉफी खेलेंगे पुजारा, सूर्य

मुंबई, 25 जून। अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और सूर्यकुमार यादव को 28 जून से बेंगलुरु में शुरू होने वाली 2023 दलीप ट्रॉफी के लिये पश्चिम क्षेत्र टीम में शामिल किया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों को यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है, जबकि जायसवाल और गायकवाड़ वेस्ट इंडीज़ दौरे पर जाने वाली भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। गुजरात के सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल पश्चिम क्षेत्र के कप्तान बने रहेंगे।

इस महीने की शुरुआत में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत की हार के बाद पुजारा को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया है। पुजारा डब्ल्यूटीसी फाइनल में 14 और 27 रन ही बना सके, जबकि भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 209 रन की हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम से पुजारा के बाहर होने पर भले ही बहस छिड़ गयी हो, लेकिन भारत के अनुभवी नंबर तीन बल्लेबाज ने आगामी घरेलू सत्र के लिये अपने शहर राजकोट में अभ्यास शुरू कर दिया है। गत चैंपियन वेस्ट जोन को पांच जुलाई को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिलेगा, जहां उसका मुकाबला सेंट्रल जोन या ईस्ट जोन में से किसी एक से होगा। दलीप ट्रॉफी के बाद पुजारा ससेक्स के साथ अपनी काउंटी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये इंग्लैंड भी जा सकते हैं।

दूसरी ओर, दलीप ट्रॉफी सूर्यकुमार के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खुद को साबित करने का एक और मौका है। उन्होंने फरवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती मैच में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।

## 27 को जारी हो सकता है वर्ल्ड कप शेड्यूल

नई दिल्ली, 25 जून। भारत में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान 27 जून को हो सकता है। ने इस दिन मुंबई में एक इवेंट रखा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दिन वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी होगा।

टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से होना है, ऐसे में इस दिन के बाद वर्ल्ड कप में सिर्फ 100 दिन बाकी रह जाएंगे। जिसे देखते हुए टूर्नामेंट शेड्यूल जारी करने के लिए यही दिन बेस्ट नजर आ रहा है। बता दें, ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ( ) को काफी समय पहले वनडे वर्ल्ड के शेड्यूल का ड्राफ्ट भेज दिया है।

पाकिस्तान 2023 वनडे वर्ल्ड कप में अपने दो लीग मैच की जगह बदलवाना चाहता था। लेकिन, रिपोर्ट्स के मुताबिक और ने उसकी ये मांग खारिज कर दी थी।

## जिम्बाब्वे ने विंडीज को 35 रन से पछाड़ा

हरारे, 24 जून। ज़िम्बाब्वे ने सिकंदर रज़ा (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन, रायन बर्ल (50) के अर्द्धशतक और टेंडाइ चटारा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विश्व कप क्वालीफायर के ग्रुप-ए मुकाबले में शनिवार को वेस्ट इंडीज पर 35 रन की यादगार जीत दर्ज की। ज़िम्बाब्वे भले ही पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 268 रन पर ऑलआउट हो गयी, लेकिन मेज़बान टीम ने वेस्ट इंडीज़ को भी 44.4 ओवर में 233 रन पर निपटा दिया।

टॉस हारकर बल्लेबाज़ी करते हुए ज़िम्बाब्वे के बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा। रज़ा ने ऐसे समय में 58 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 68 रन की पारी खेलते हुए बर्ल के साथ 87 रन की बहुमूल्य साझेदारी की। बर्ल ने 57 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 50 रन का योगदान दिया। ज़िम्बाब्वे की टीम 250 रन के अंदर सिमट सकती थी, लेकिन चटारा (आठ) और ब्लेसिंग मुज़रबानी (11) नाबाद ने आखिरी विकेट के लिये 25 रन जोड़कर टीम को 49.5 ओवर में 268 रन तक पहुंचाया।

यह साझेदारी अंतत: ज़िम्बाब्वे के लिये बहुमूल्य साबित हुई। वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स (72 गेंद, 56 रन) ने अर्द्धशतक जड़ा लेकिन उनके आउट होते ही ज़िम्बाब्वे ने मुकाबले में वापसी करना शुरू की। कप्तान शाई होप (39 गेंद, 30 रन), निकोलस पूरन (36 गेंद, 34 रन) और जेसन होल्डर (27 गेंद, 19 रन) अच्छी शुरुआत मिलने के बाद भी पिच पर पांव नहीं जमा सके।

रॉस्टन चेज़ ने 53 गेंद पर तीन चौकों की मदद से 44 रन बनाकर अकेले संघर्ष किया लेकिन 43वें ओवर में चटारा ने उनका शिकार कर विंडीज की सभी उम्मीदें समाप्त कर दीं। चटारा ने अल्ज़ारी जोसेफ़ के रूप में वेस्ट इंडीज़ का 10वां विकेट भी चटकाया और ज़िम्बाब्वे की जीत पर मुहर लगायी। ग्रुप-ए से ज़िम्बाब्वे, वेस्ट इंडीज़ और नीदरलैंड विश्व कप क्वालीफायर के सुपर-6 चरण के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं।

## अमेरिका में पार्टी के दौरान 17 लोगों को गोली मारी

वाशिंगटन, 25 जून (वार्ता) अमेरिका में मिशिगन राज्य के सागिनॉ में पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए।

स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच के मुताबिक पार्टी में शामिल लोगों के बीच झगड़ा हुआ जिसके कारण गोलियां चलाई गईं। जवाब में भीड़ में से अन्य लोगों ने भीड़ पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे कई लोग घायल हो गए। जैसे ही लोग घटनास्थल से भाग गए, कई लोग

- **अमेरिका में मिशिगन राज्य के सागिनॉ में पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए।**

वाहनों की चपेट में आने से घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि, सिगिनॉ में स्ट्रीट पार्टी में गोलीबारी में कम से कम पांच अलग-अलग कैलिबर के हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। सोशल मीडिया पर पार्टी का प्रचार किया गया था।पुलिस ने कहा, पंद्रह लोग बंदूक की गोली से या किसी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए थे। 19 वर्षीय पुरुष और एक 51 वर्षीय महिला की मौत हो गई है।

# गुवाहाटी हाई कोर्ट ने कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगाई

## अदालत ने असम कुश्ती संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए रविवार को यह फैसला सुनाया

गुवाहाटी, 25 जून। गुवाहाटी हाई कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के 11 जुलाई को होने वाले चुनाव पर रोक लगा दी है। अदालत ने असम कुश्ती संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए रविवार को यह फैसला सुनाया। असम कुश्ती संघ ने डब्ल्यु.एफ.आई., भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति और खेल मंत्रालय के खिलाफ याचिका दायर की थी।

इसमें कहा गया कि, वे डब्ल्यु.एफ.आई. से सदस्य के रूप में मान्यता के हकदार हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के गोंडा में 15 नवंबर 2014 को डब्ल्यु.एफ.आई. की आम परिषद को तत्कालीन कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद ऐसा नहीं किया गया। तदर्थ समिति ने मतदाता सूची के लिए नाम भेजने की आखिरी तारीख 25 जून तय की है जबकि नई संचालन संस्था के चयन के लिए चुनाव 11 जुलाई को होने हैं।

- **डब्ल्यु.एफ.आई. के चुनाव 11 जुलाई को कराने का फैसला लिया था। पहले यह चुनाव 6 जुलाई को होने थे। हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज एम एम कुमार की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय समिति से 5 प्रदेश ईकाइयों महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश ने संपर्क किया था।**

याचिकाकर्ता ने कहा कि जब तक कि, उनकी संस्था को इंडियन ओलम्पिक संघ से मान्यता नहीं मिलती और वे मतदाता सूची के लिए अपने प्रतिनिधि को नामांकित नहीं कर पाते तब तक चुनाव प्रक्रिया को रोका जाना चाहिए। अदालत ने प्रतिवादियों डब्ल्यु.एफ.आई. की तदर्थ समिति और खेल मंत्रालय को निर्देश दिया कि, सुनवाई की अगली तारीख तक वे डब्ल्यु.एफ.आई. डब्ल्यु.एफ.आई. की कार्यकारी समिति के चुनाव की प्रक्रिया पर आगे नहीं बढ़ें। अब इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई तय की गई है।

इससे पहले, डब्ल्यु.एफ.आई. की समिति ने चुनाव में मताधिकार की मांग कर रही 5 अमान्य प्रदेश ईकाइयों की दलीलें सुनने के बाद डब्ल्यु.एफ.आई. के चुनाव 11 जुलाई को कराने का फैसला लिया था। पहले यह चुनाव 6 जुलाई को होने थे। हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज एम एम कुमार की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय समिति से 5 प्रदेश ईकाइयों महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश ने संपर्क किया था। इन पाचों को डब्ल्यु.एफ.आई. से मान्यता नहीं मिली है।

एक सूत्र ने कहा, प्रदेश ईकाइयों ने अपना पक्ष रखा। भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रतिनिधियों ने उनकी मान्यता रद्द करने के अपने फैसले को सही ठहराया।

समिति को फैसला लेने के लिए समय चाहिए, लिहाजा चुनाव 11 जुलाई को होने थे। सूत्र ने कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सामने अपना पक्ष रखा।

निवर्तमान महासचिव वी एन प्रसूद ने समिति के सामने सभी संबंधित दस्तावेज रखे। हरियाणा की अमान्य ईकाई का प्रतिनिधित्व आर के हुड्डा ने किया जिनके साथ वकील भी थे। वहीं, मान्य ईकाई का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष रोहताश सिंह ने किया। महाराष्ट्र की अमान्य ईकाई का पक्ष बालासाहेब लांडगे और उनके बेटे ललित लांडगे ने रखा, जबकि मौजूदा सचिव योगेश दोडके ने मान्य ईकाई का प्रतिनिधित्व किया।

## अमेरिका से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रक्षा मंत्रालय खरीद मूल्य की तुलना ड्रोन बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक द्वारा अन्य देशों के साथ किए गए सौदों से भी करेगा। मंत्रालय ने कहा है कि, खरीद प्रक्रिया अभी जारी है और यह निर्धारित व्यवस्था के तहत की पूरी की जाएगी।

## कांग्रेस और आप में खींचतान

नई दिल्ली, 25 जून। बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों के जमावड़े के ठीक दो दिन बाद अब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सबकुछ ठीक नहीं दिखाई दे रहा है। इसका उदाहरण आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज का बयान और कांग्रेस की ओर से दिए गया जवाब है। जिसमें आप प्रवक्ता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए

- **आम आदमी पार्टी दिल्ली में नौकरशाही पर केंद्र के अध्यादेश के मामले पर कांग्रेस का साथ नहीं मिलने से नाराज़ है। आप प्रवक्ता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है।**

कहा है कि, मोहब्बत की दुकान चला रहे हैं, तो आपको बड़ा दिल भी दिखाना होगा। इसके जवाब में कांग्रेस की ओर से अजय माकन ने तीखा हमला करते हुए कहा कि, अरविंद केजरीवाल जेल नहीं जाना चाहते इसलिए विपक्षी एकता को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि, पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में आप और कांग्रेस के बीच सबकुछ ठीक नहीं दिखाई दिया था। आम आदमी पार्टी दिल्ली में नौकरशाही पर केंद्र के अध्यादेश के मामले पर कांग्रेस का साथ नहीं मिलने से नाराज़ है।

## पुतिन ने बड़े ही खुफिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वह क्षण आ गया है जब खून बह सकता है। जिम्मेदारी को समझते हुए हमने सेना को अपने शिविर में वापस लौटने का आदेश दिया है।''

अपनी कार्रवाई के दौरान वैगनर की विद्रोही सेना ने यूक्रेन की सीमा पार कर रूसी क्षेत्र पर बड़ा अभियान चलाया। कई पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूसी अरबपति व्यवसायी कुलीन येवगेनी प्रिगोझिन के स्वामित्व वाले भाड़े के सैनिकों ने शनिवार को यूक्रेनी सीमा के पास प्रमुख पश्चिमी रूसी शहर वोरोनिश पर कब्जा कर लिया था।

इससे पहले शुक्रवार को वैगनर की सेना ने यूक्रेनी सीमा के पास रोस्तोव-ऑन-डॉन शहर पर कब्जा कर लिया था। ऐसे में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को अपने राष्ट्रीय संबोधन में कहा, वैगनर की सेना के प्रमुख प्रिगोझिन गद्दार हैं। उसकी सेनाएं दक्षिणी रूस में कहर बरपा रही हैं। उचित समय पर उचित जवाब दिया जाएगा।

वैगनर प्रमुख प्रिगोझिन ने शनिवार को एक ऑडियो संदेश में दावा किया कि, उनका अभियान रूस की राजधानी मॉस्को की ओर जारी रहेगा। हालांकि, रूसी सरकार ने अभी तक यह नहीं बताया है कि वैगनर के लड़ाकों ने वास्तव में यूक्रेन की सीमा से लगे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है या नहीं। कभी पुतिन के करीबी रहे होटल व्यवसायी प्रिगोझिन की भाड़े की सेना रूसी सेना का हिस्सा नहीं है। लेकिन पिछले डेढ़ साल से वे यूक्रेन युद्ध में रूसी सेनाओं के सहयोगी के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं। अतीत में, लगभग 40,000 लड़ाकों की यह पेशेवर भाड़े की सेना लीबिया, सीरिया, मोज़ाम्बिक और सूडान जैसे देशों में गृह युद्ध भी लड़ चुकी है।

## 'जिसने 6 मुस्लिम देशों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने अपना सर्वोच्च सम्मान दिया है और इनमें से छह मुस्लिम बहुल देश हैं। 90 फीसदी से भी अधिक मुसलमान आबादी वाला देश ईज़िप्ट ने भी प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया है जहां वे अभी यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री वहां के ग्रैंड मुफ्ती प्रधानमंत्री से मिल रहे हैं। ईज़िप्ट के बोहरा समुदाय की सबसे बड़ी मस्जिद में प्रधानमंत्री जा रहे हैं। 26 सालों के बाद फिर से भारत का कोई प्रधानमंत्री बोहरा समुदाय की मस्जिद में गया है। यह सब दर्शाता है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव का आरोप बेबुनियाद है। वित्त मंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में स्पष्ट किया कि, भारत में किसी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जाता है और सरकार सबका साथ सबका विकास चाहती है।

निर्मला सीतारमण ने आगे विपक्षियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने पटना में हुई विपक्षियों की महाबैठक को लेकर कहा कि, मुझे नहीं पता वे किस उद्देश्य के लिए एक साथ आ रहे हैं। उनका एक मात्र एजेंडा भाजपा को हराना है। क्या वे बता रहे हैं वे लोगों के लिए क्या करेंगे? उनके शासन में देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ, लेकिन पिछले 9 साल में देश में सिर्फ विकास हो रहा है।

## शिमला में बादल फटा, मानसून की पहली बारिश में 15 साल का रिकॉर्ड टूटा

शिमला, 25 जून। रविवार को हिमाचल के शिमला में बादल फटने के बाद जमीन पर स्थिति काफी बिगड़ गई। भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया और जगह-जगह जलभराव की स्थिति देखने को मिली। बताया जा रहा है कि, शिमला के सरपरा गांव में ये बादल फटा। जो वीडियो भी सामने आया है उसमें बादल फटने की वजह से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। वैसे बादल फटने से पहले से ही हिमाचल में तेज बारिश का दौर जारी है।

हिमाचल में कहने को ये पहली मॉनसून की बारिश हो रही है, लेकिन इसने ही कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। शिमला में तो जिस तरह से शनिवार को लगातार पांच घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, 15 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मंडी में तो बारिश की वजह से दो लोगों की मौत की खबर भी आई। जगह-जगह मलबा गिरने से कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।

वैसे इस बार मुंबई और दिल्ली में बारिश ने साथ में ही दस्तक दी है।

# प.बंगाल में दो मालगाड़िया पटरी से उतरीं

## बांकुरा में बड़ा रेल हादसा हुआ, दो मालगाड़ियों के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए

कोलकाता, 25 जून। पश्चिम बंगाल के बांकुरा में बड़ा रेल हादसा हुआ है। दो मालगाड़ियां पटरी से उतर गईं। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। ओंडा स्टेशन के पास मालगाड़ियों के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन मालगाड़ी के ड्राइवर को हल्की चोटें आई हैं। दोनों ट्रेनें कैसे टकराई इसका अभी पता नहीं चला है। इस दुर्घटना से कई ट्रेनें प्रभावित

- **रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सिग्नल ओवरशूटिंग के चलते मालगाड़ी आगे चल रही एक दूसरी मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। इस हादसे के कारण 14 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। वहीं 3 अन्य ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है।**

हुई हैं। हादसे के बाद रेलवे की ओर से बयान भी जारी किया गया है। इस दुर्घटना से रेलवे के एडीआरए डिवीजन में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। बातें दें कि एडीआरए डिवीजन में पश्चिम बंगाल के चार जिले- पश्चिम मिदनापुर, बांकुरा, पुरुलिया, बर्दवान और झारखंड के तीन जिले- धनबाद, बोकारो और सिंहभूम शामिल हैं। दक्षिण-पूर्वी रेलवे के मुताबिक शुरुआती तौर पर हादसा सिग्नल की कमी के कारण हुआ है। रेलवे की ओर से कहा गया है कि, इस लाइन को जल्द खोलने की कोशिश जारी है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक सिग्नल ओवरशूटिंग के चलते एक दूसरी मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई।

## असम में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है और मैंने मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा से बात की है तथा उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें पहले से ही वहां राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं तथा जरूरत पड़ने पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों को स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखा गया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार संकट की घड़ी में हमेशा असम के लोगों के साथ खड़ी रही है और केंद्र की ओर से राज्य सरकार को हर तरह की मदद पहुंचाई जाएगी।

## मोदी को ईज़िप्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाद पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईज़िप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से रविवार को यहां मुलाकात की। साथ ही व्यापार एवं निवेश तथा ऊर्जा संबंधों को बेहतर करने पर जोर देते हुए दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काहिरा में स्थित ईज़िप्ट की 11वीं सदी की ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इस मस्जिद का भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से जीर्णोद्धार किया गया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908